चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 12, वर्ष 12, अंक 53, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, रविवार, 2 अप्रैल, 2023

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : अच्छे काम पर गालियां भी मिल सकती हैं

अन्दर : आईपीएल 2023 के आगाज में ही धोनी ने बनाए तीन बड़े रिकॉर्ड

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

योगी ने किसानों की मदद के दिए निर्देश

सीएम बोले–अन्नदाता के हितों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता

संभाली कमान

मुख्यमंत्री ने की ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा

प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण हुआ काफी नुकसान

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति अगले दो-तीन दिन और रहने की आशंका

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में विगत दिनों प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रदेश की अद्यतन स्थिति के संबंध में राजस्व विभाग के एक प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अन्नदाता किसानों का हित सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। विगत मार्च माह में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है। मार्च महीने में प्रदेश के कई जिलों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है। बीते 24 घंटों में प्रदेश के करीब 9 जिलों में ओलावृष्टि की सूचना है। वही मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, यह स्थिति अगले दो-तीन दिन और रहने की संभावना है। सीएम योगी ने इसके लिए सभी आवश्यक सतर्कता प्रबंध करने के निर्देश दिए है। साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा असमय बरसात, ओलावृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल प्रभावित हुई हो उसका आंकलन कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने में देर न हो, इसको लेकर भी सीएम योगी ने सख्त निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि मौसम पूवार्नुमान के बारे में किसानों को समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मौसम विज्ञानियों की चेतावनियों के बारे में सुदूर गांव तक किसान को टीवी, अखबार व स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराएं। यह पूवार्नुमान 24-48 घंटे का हो। ऐसी स्थिति में जबकि लोग अलर्ट होंगे तो क्षति भी कम होगी। सीएम योगी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण यदि किसी प्रदेशवासी की दुःखद मृत्यु होती है या फिर किसी व्यक्ति या जानवर के घायल होने की सूचना मिलती है तो तत्काल पीड़ित परिवार से संपर्क कर आर्थिक मदद की जाए। इसके साथ ही सीएम योगी ने किसानों को मौसम पूवार्नुमान के बारे में समय से जानकारी पहुंचाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा यह पूवार्नुमान 24-48 घंटे का हो। ऐसी स्थिति में जबकि लोग अलर्ट होंगे तो क्षति भी कम होगी। बरसात, तेज हवा, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक कारणों से गेहूं आदि की फसल खराब हो सकती है। जो फसल पैदा हो रही है, उसकी गुणवत्ता पर भी बुरा असर पड़ने की आशंका है। ऐसी फसल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत खरीद की जानी चाहिए। इसके लिए आवश्यकतानुसार नियम शिथिल किए जाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल के संभावित नुकसान के कारण इस वर्ष भूसे की कमी हो सकती है। ऐसे में पशुपालन विभाग द्वारा समय से गोवंश चारे की व्यवस्था कर ली जाए।

पटियाला जेल से बाहर आए नवजोत सिंह सिद्धू

सजा की पूरी

जेल से बाहर आते ही सिद्धू का सरकार पर हमला

पटियाला। पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला की सेंट्रल जेल से रिहा हो गए हैं। 59 वर्षीय कांग्रेस नेता 1988 के रोड रेज के मामले में एक साल की सजा काट रहे थे। सिद्धू के बाहर निकलने पर समर्थकों ने पूरे जोश से उनका स्वागत किया।

सिद्धू ने कहा कि इस देश में जब भी कोई तानाशाही आई है, एक क्रांति भी आई है। इस बार उस क्रांति का नाम है राहुल गांधी। वह सरकार को हिला देंगे। सिद्धू ने कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लाने की साजिश की जा रही है। अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। पंजाब को कमजोर करने की कोशिश की तो कमजोर हो जाओगे। अभी लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। जेल से बाहर आए सिद्धू ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि सत्य को दबाने का प्रयास सफल नहीं हो सकता। आज लोकतंत्र बेड़ियों में है। सूत्रों से पता चला है कि नवजोत सिद्धू को अब वाई सिक्योरिटी दी जा रही थी, जबकि जेल जाने से पहले उनके पास जेड सिक्योरिटी थी। सिद्धू जेड सिक्योरिटी की मांग पर अड़ गए हैं। सजा के दौरान कोई छुट्टी न लेने का नवजोत सिंह सिद्धू को यह बेनिफिट मिल रहा है और वह 19 मई से 48 दिन पहले रिहा हो रहे हैं। सिद्धू के ट्विटर पेज पर शुक्रवार को इसकी जानकारी दी गई। ट्वीट में लिखा था कि वरिष्ठ अधिकारियों ने रिहाई की सूचना दी है।

अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी

मौसम विभाग ने कहा–कई क्षेत्रों में सामान्य से ज्यादा रहेगा तापमान

बढ़ेगी परेशानी

इस साल सताएगा बढ़ा तापमान अल नीनो के असर से बढ़ेगी गर्मी

नई दिल्ली। मौसम विभाग की माने तो इस साल गर्मी खूब सताएगी। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल अप्रैल से जून के बीच अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। हालांकि उत्तर पूर्वी राज्यों और दक्षिण के पठार इलाके में तापमान सामान्य ही रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल केंद्रीय, पूर्वी और उत्तर पश्चिम भारत में भी लू ज्यादा दिनों तक चलेगी।

एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मौसम विभाग के निदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा में चलने वाली लू के दिनों और उसके प्रभाव में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि इस साल अप्रैल से जून के बीच देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से गर्मी ज्यादा रहेगी। अप्रैल महीने में बारिश सामान्य रहेगी। वहीं पूर्वी और उत्तर पूर्वी इलाकों में बारिश सामान्य से थोड़ी कम रहने का अनुमान है।

बता दें कि तापमान को प्रभावित करने वाली मौसमी घटना अल नीनो की तीन साल बाद वापसी हो रही है। अल नीनो के असर से 2023 में तापमान में वृद्धि होने की आशंका है। हवा, महासागरीय धारा, समुद्री और वायुमंडलीय तापमान और जीवमंडल के बीच संतुलन टूटने से अल नीनो बनता है, जिससे समुद्री जल का तापमान बढ़ जाता है। अल नीनो से प्रशांत महासागर की समुद्री सतह के तापमान में समय-समय पर बदलाव होते हैं, जिसका दुनिया भर के मौसम पर असर पड़ता है।

अप्रैल में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक

दो दिन की छुट्टी से हुई महीने की शुरूआत

नई दिल्ली। शनिवार यानी 1 अप्रैल से नया वित्त वर्ष 2023-24 शुरू हो गया है। इसके पहले महीने यानी अप्रैल में बैंकों में 15 दिन कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर 9 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इनके अलावा 5 रविवार और 2 शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे। इस महीने की शुरूआत दो दिनों की छुट्टी के साथ हुई है। 1 अप्रैल को बैंक खातों की सालाना क्लोजिंग और 2 अप्रैल को रविवार के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इसके अलावा अप्रैल में इस बार अंबेडकर जयंती, महावीर जयंती, ईद-उल-फित्र सहित कई और मौकों पर बैंक बंद रहेंगे। इस महीने अलग-अलग जगहों के हिसाब से 3 लॉन्ग वीकेंड पड़ रहे हैं। पहला 7 से 9 अप्रैल, दूसरा 14 से 16 अप्रैल और तीसरा 21 से 23 अप्रैल। इसके अलावा यह महीना छुट्टी के साथ खत्म होगा। 30 अप्रैल को रविवार है।

भाजपा ने विधान परिषद सदस्य मनोनीत करने को भेजे छह नाम

एक मुस्लिम भी, यूपी बीजेपी कोटे से ये 6 नेता बनेंगे एमएलसी

सीटें भरने की तैयारी

वाराणसी के जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा का नाम शामिल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद के लिए मनोनीत सदस्यों की छह सीटें बीते साल जून से ही खाली चल रही थीं। इन सीटों पर तमाम कयास लगाए गए थे। लेकिन अब योगी आदित्यनाथ सरकार ने बीजेपी के ओर से विधान परिषद के लिए छह नामों का प्रस्ताव राज्यपाल को भेज दिया है। जिसके बाद अब दस महीने का लंबा इतंजार पूरा होता नजर आ रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार के ओर से विधान परिषद के लिए जो नाम भेजे गए हैं। इसमें कई बड़े नाम भी शामिल हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम योगी ने रजनीकांत माहेश्वरी (पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष, ब्रज भाजपा), साकेत मिश्रा (पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य, नृपेंद्र मिश्र के पुत्र), लालजी प्रसाद निर्मल (अंबेडकर महासभा), तारिक मंसुरी (वीसी एएमयू), रामसुभग राजभर (अधिवक्ता, आजमगढ़), हंसराज विश्वकर्मा (भाजपा जिलाध्यक्ष, काशी) के नाम मनोनयन के लिए भेजे हैं। हालांकि इससे पहले बीते दिनों में एमएलसी के उम्मीदवारों के नामों को लेकर काफी अटकलें लगाई गई हैं। सूत्रों की मानें तो मशहुर कवि कुमार विश्वास को भी एमएलसी के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। हालांकि आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता ने इनकार कर दिया था। जिसके बाद अन्य नामों पर मंथन शुरू किया गया। सूत्रों की मानें तो उन्होंने राज्यसभा जाने की इच्छा जता कर विधान परिषद जाने की इनकार कर दिया था।

अब बीजेपी के ओर से लंबे इंतजार के बाद एमएलसी के नामों के फाइनल हो जाने से उपचुनाव की तैयारी तेज हो गई है। पार्टी ने उपचुनाव के लिए ही निकाय चुनाव की तैयारी भी मिशन मोड में शुरू कर दी है। पार्टी के ओर से अगले कुछ दिनों में उपचुनाव को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि इस बार उपचुनाव में बीजेपी गठबंधन से अपना दल एस द्वारा भी उम्मीदवार उतारा जा सकता है।

मोदी ने रानी कमलापति निजामुद्दीन वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाई

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मध्यप्रदेश की पहली और देश की 11वीं वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन रानी कमलापति से रोज सुबह 5:40 बजे रवाना होगी और दोपहर 1:10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन झांसी, ग्वालियर और आगरा स्टेशन पर रुकेगी। इसके अलावा यह हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से दोपहर 2:40 बजे रवाना होकर रात 10:10 बजे वापस रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 2 अप्रैल को निजामुद्दीन से रानी कमलापति आएगी। 3 अप्रैल को फिर रानी कमलापति से निजामुद्दीन जाएगी। इसी दिन से ये नियमित हो जाएगी। इसके लिए टिकट बुकिंग भी शुरू हो गई है। पहले सांसद चिट्ठी लिखते थे कि ट्रेन इस स्टेशन पर रूकने की व्यवस्था हो, यहां रोकी जाए, वहां रोकी जाए...यही आता था।

संजय राउत को जान से मारने की धमकी

दुस्साहस

फडणवीस ने कहा- शराब के नशे में किसी ने धमकी दी है

मुंबई। महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद और उद्धव गुट के नेता संजय राउत को लॉरेंस गैंग ने जान से मारने की धमकी दी है। उन्हें व्हाट्सएप मैसेज के जरिए यह धमकी दी गई है। इसमें कहा गया है कि तेरा भी हाल मूसेवाला जैसा कर देंगे। तू दिल्ली में मिला तो तुझे अङ-47 से उड़ा देंगे। सलमान और तू फिक्स है।' पुलिस ने बताया कि संजय ने शिकायत भी दर्ज की है। हमने जांच भी शुरू कर दी है। राउत ने मुंबई के कांजुर मार्ग थाने में लॉरेंस के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने पुणे से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। राउत को धमकी मिलने के मामले में शख्स से पूछताछ की जा रही है।

संजय राउत ने कहा कि मुझे धमकी भरा मैसेज मिला है। मैंने इसकी शिकायत थाने में कर दी है। उन्होंने आगे कहा कि मैं डरूंगा नहीं। पहले भी मुझ पर हमले की कोशिश की गई है। उन्होंने पुलिस और सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर पुलिस क्या कर रही है? गृहमंत्री क्या कर रहे हैं? राउत बोले कि महाराष्ट्र में नई सरकार के आने के बाद मेरी सुरक्षा हटाई गई। इसी के बाद जान से मारने की धमकी मिल रही है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राउत को धमकी भेजने वाले की पहचान कर ली गई है।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता, घरेलू सिलेंडर के दामों में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। शनिवार 1 अप्रैल को सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 92 रुपए कम हुई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में ये 2028 रुपए पर आ गया है। हालांकि घरेलू एलपीजी गैस ग्राहकों के लिए कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 14.2 किलो के गैस सिलेंडर के रेट पिछले महीने की तरह ही हैं। इससे पहले 1 मार्च को 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपए का इजाफा किया गया था। इसके बाद दिल्ली में ये 2119.50 रुपए पर पहुंच गया था। वहीं 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू छढ्ढसिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इससे इसकी कीमत दिल्ली में 1103 रुपए हो गई।

प्रयागराज के सबसे बड़े रेडीमेड मार्केट में आग

नेहरू कॉम्प्लेक्स की 210 दुकानें आग की चपेट में, 30 पूरी तरह से जलीं

अग्निकांड

कर्मचारियों ने 4.30 घंटे बाद आग पर काबू पाया

तीन साल पहले नेहरू कॉम्प्लेक्स में लगी थी आग

प्रयागराज। शनिवार सुबह नेहरू कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक आग की चपेट में 210 दुकानें आई हैं। इनमें 30 दुकानें पूरी तरह से जल गई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

पूरे इलाके में धुआं फैल रहा है। कांम्प्लेक्स में कपड़े और प्लास्टिक के सामान की दुकानें है। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आ रही है। आस-पास की दुकानें भी बंद कराई गई। दरअसल, जहां पर आग लगी है वह शहर का सबसे घना इलाका है। पुराने शहर में घंटाघर के ठीक पीछे आग लगी है। इस इलाके में 10 हजार से ज्यादा दुकानें हैं। घंटाघर व चौक इलाका शहर का सबसे घना और भीड़भाड़ वाला इलाका है। यहां पूरे जिले से लोग कपड़े से लेकर हर एक सामान खरीदने आते हैं। यहां प्रतिदिन लाखों लोगों की भीड़ जुटती है। दुकानदार मो. रऊफ ने बताया कि नेहरू कॉम्प्लेक्स के ठीक बगल में ही ट्रांसफॉर्मर है। सुबह करीब 8.30 बजे ट्रांसफॉर्मर में शार्ट सर्किट हुई। जिसके बाद से अचानक हवाओं के कारण आग ने पल भर में ही कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इन दुकानों से आग की लपटें और धुआं उठ रहा है। दुकानदार राजा ने बताया कि 3 तीन साल पहले नेहरू कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगी थी। जिसमें 200 दुकानें जली थी। अभी तक दुकानदार उसकी भरपाई कर ही रहे थे। आज दोबारा आग ने फिर तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी तक 30 दुकानें जलकर राख हुई है। व्यापारी नेता लालू मित्तल ने घटनास्थल पर डीएम, एसपी के न पहुंचने पर नाराजगी जताई है। बढ़ती आग की लपटों को देखते हुए दुकानदारों ने अपने दुकानों से सामान निकाल रहे है। वह अपने दुकान में रखे कपड़े और लेकर सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे है। गनीमत यही रही है कि आग सुबह लगी। कहीं दोपहर में लगती तो काफी परेशानी होती है। सीएफओ आरके पांडेय ने बताया कि सुबह 8 .30 बजे नेहरू कामलेक्स में आग लगने की सूचना मिली। फायर बिग्रेड की 20 गाड़ी और 100 से अधिक कर्मचारियों ने जेसिबी और हाइड्रोलिक मशीनों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

पीसीएस के साथ ही 13 आईपीएस के भी तबादले

इधर से उधर

आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल जिलाधिकारी बांदा नियुक्त

लखनऊ। यूपी में शनिवार को पांच आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल को बांदा का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पीसीएस अफसरों के भी तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस कृष्ण कुमार को सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद नियुक्त किया गया है। इसी तरह आईएएस दिव्य प्रकाश गिरि को स्टाफ ऑफिसर मुख्य सचिव के पद पर तैनाती दी गई है। आईएएस संयुक्ता समद्दार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का आयुक्त नियुक्त किया गया है। आईएएस आनंद कुमार को सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद बनाया गया है।

पीसीएस अफसरों के हुए तबादले में राकेश सिंह एडीएम वित्त बाराबंकी से एडीएम प्रशासन रायबरेली, अरुण कुमार सिंह ओएसडी एलडीए से एडीएम वित्त बाराबंकी, श्मशाद हुसैन मुख्य राजस्व अधिकारी सुल्तानपुर से अपर आयुक्त मेरठ, शैलेंद्र मिश्रा एडीएम वित्त भदोही से मुख्य राजस्व अधिकारी सुल्तानपुर, वीरेंद्र मौर्य सिटी मजिस्ट्रेट जालौन से एडीएम वित्त भदोही, रामप्रकाश एसडीएम आगरा से सिटी मजिस्ट्रेट जालौन, अनूप कुमार सिटी मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर से एडीएम सिटी आगरा, मंगलेश दुबे एसडीएम बलरामपुर से सिटी मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर, देवेंद्र प्रताप सिंह अपर आयुक्त सहारनपुर से एडीएम वित्त बलिया, जयनाथ मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ)गोंडा से उप निदेशक दिव्यांगजन निदेशालय लखनऊ, महेश प्रकाश एसडीएम अम्बेडकरनगर से सीआरओ गोंडा, नीता यादव सीआरओ बस्ती से कमांडेंट नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी एसडीएम बहराइच से सीआरओ बस्ती मुख्य रूप से हैं। साथ ही प्रदेश में 13 आईपीएस अफसरों के भी तबादले कर दिए गए हैं।

यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल

30 डिप्टी एसपी का तबादला, अरुण कुमार दीक्षित आजमगढ़ के नए अपर पुलिस अधीक्षक

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने शुक्रवार की रात 30 डिप्टी एसपी का तबादला कर दिया। इस क्रम में कमिश्नरेट के एसीपी दशाश्वमेध अवधेश कुमार पांडेय का तबादला हरदोई और एसीपी सारनाथ ज्ञान प्रकाश राय का तबादला गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के लिए किया गया है। वहीं, एटा में तैनात डिप्टी एसपी राजकुमार सिंह का तबादला वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में किया गया है। 45वीं वाहिनी पीएसी के सहायक सेनानायक अरुण कुमार सिंह का तबादला भुल्लनपुर स्थित 34वीं वाहिनी पीएसी में किया गया है। पुलिस विभाग में शनिवार को भी बड़ा फेरबदल देखने को मिला। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 12 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले किये हैं। आजमगढ़ में एसपी ग्रामीण के पद पर तैनात राहुल रूसिया का शनिवार को स्थानांतरण हो गया। उनके स्थान पर शासन स्तर से अरुण कुमार दीक्षित को जनपद में नए अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनाती दी गई है।

नोएडा में 30 अप्रैल तक लगाई गई धारा–144

नोयडा। आगामी त्योहारों और महत्वपूर्ण दिवसों को ध्यान में रखते हुए जिले में 30 अप्रैल तक धारा–144 प्रभावी रहेगी। इस समयावधि के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति जुलूस नहीं निकाला जाएगा। पांच या इससे अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनाया जाएगा। सरकारी संस्थानों के आस–पास ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफी या शूटिंग नहीं की जाएगी। धार्मिक स्थानों पर धार्मिक पोस्टर नहीं लगाए जाएंगे या ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा जो विधि विरुद्ध हो। इमरजेंसी सेवाएं व ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी या अर्धसैनिक बल पर प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। सार्वजनिक स्थानों पर नमाज और पूजा या जुलूस सहित किसी भी प्रकार के आयोजन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। विवादित स्थान या जहां प्रथा न हो, वहां अगर किसी ने पूजा की या नमाज अता किया तो कार्रवाई होगी। कोविड गाइडलाइन का पालन करना होगा।

दिल्ली के द्वारका में सरेआम गोली मारकर वकील की हत्या

बेखौफ हैं बदमाश

बदमाशों के हौसले देख दहशत में लोग

नई दिल्ली। द्वारका इलाके में सरेआम वकील की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। द्वारका सेक्टर 8 की रेड लाइट के ठीक सामने मणिपाल हॉस्पिटल के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार, बाइक चलाने वाले बदमाश ने लाल रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी। वकील पर गोली चलाने के बाद दोनों बदमाश तेजी से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए, लोगों ने आनन-फानन में पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने खून में लथपथ वकील को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक वकील की पहचान वीरेंद्र कुमार के तौर पर हुई है, वह पटियाला हाउस कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहा था। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शाम 4:20 पर पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें बताया गया था कि सेक्टर-1 द्वारका के पास हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। मौके पर पुलिस टीम पहुंची तो पता चला कि मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने अर्टिगा गाड़ी पर बैठे शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी।

हाथ पैर तोड़ने की धमकी

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र के सरायनंदन इलाके में रहने वाले संतोष कुमार रुंगटा की पत्नी से तलाक का मुकदमा जिला न्यायालय में विचाराधीन है। उनका आरोप है कि उसी मुकदमे में समझौता करने के लिए रोहित तिवारी नामक युवक ने फोन किया। फोन करने वालों ने मुकदमे में समझौता नहीं करने पर हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी। भुक्तभोगी की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को आरोपी रोहित तिवारी के खिलाफ धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज किया।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
आवश्यकता

आवश्यकता है- साधना आदर्श रमन एजूकेशन प्वाइंट बघोल जंगीपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, उर्दू, गृह विज्ञान तथा प्राचीन इतिहास विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवमं प्राचार्य हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों के अंदर भेजे।साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक-7398099974

आवश्यकता है-आत्म प्रकाश आदर्श महाविद्यालय अरसदपुर जंगीपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय (एमएससी) हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान,गणित विषयों में तीन -तीन पद प्रवक्ताओं हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21दिनों के अंदर भेजे। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक
मो0-9984520956

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध-ओमजी महाविद्यालय गौरा, जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में शारीरिक शिक्षा में-02 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान में 03-03, अंग्रेजी, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास में 02-02 तथा विज्ञान संकाय में गृह विज्ञान (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) में 03 प्रवक्ता पद हेतु शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान / महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
प्रबंधक-मो0-9415863216

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध-माता तेतरा देवी सच्चिदानन्द गर्ल्स डिग्री कालेज अलीपुर मदरा, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत संस्कृत एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, गृह विज्ञान (चाइल्ड डेवलपमेंट) में 03-03 तथा हिन्दी, समाजशास्त्र में 02-02 प्रवक्ता पद हेतु शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान / महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
प्रबंधक-मो0-9452573819

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध-शाश्वत सूर्यवंशी महाविद्यालय अतिगावां, जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, गणित में 02-02 एवं रसायन विज्ञान में 03 प्रवक्ताओं की तथा बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में 06-06 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान /महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
प्रबंधक-मो0-9415863216

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध-ओमजी महाविद्यालय गौरा, जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान में 03-03, गणित विषयों में 02 प्रवक्ता एवं वाणिज्य संकाय के एम.काम. पाठ्यक्रम में 06 प्रवक्ता पद हेतु शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान /महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
प्रबंधक-मो0-9415863216

आवश्यकता है- स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत रामसुभग किसान महाविद्यालय, जगदीशपुर, सरायमीर, आजमगढ़ में बी.एड पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष-1, शिक्षा के परिप्रेक्ष्य-4, शिक्षण विषय (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा भाषा)-8, स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा-1, ललित कला-1, निष्पादन कला (संगीत/नृत्य)-1 पद प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान-यू.जी.सी./ उ. प्र. शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार ,योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज के नवीन फोटोग्राफ दो प्रति के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर भेजे। प्रबंधक-रामसुभग किसान महाविद्यालय जगदीशपुर, सरायमीर, आजमगढ़,
मो0-9450115384

चोरी की 18 बाइक के साथ दो गिरफ्तार

धराए

अभियुक्तों का गिरोह वाराणसी चंदौली में देता था चोरी की घटना को अंजाम

वाराणसी। कैंट पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो शातिर बदमाशों को पुराना वरुणा पुल के किनारे छोर से गिरफ्तार किया। डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह, एसीपी कैंट डॉ. अतुल त्रिपाठी ने मामले का पर्दाफाश किया। पकड़े गए दोनों युवक बिहार भभुआ के डिडखिली निवासी पंकज पासवान, डुमराव निवासी मनीष यादव हैं। दोनों के पास से बरामद दो बाइक भी चोरी की मिली। आरोपितों की निशानदेही पर चोरी की 16 अन्य बाइक बरामद की गई।

अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हमारा एक दोस्त अभिषेक चौहान निवासी रणवीर संस्कृत विद्यालय के सामने कमच्छा भेलूपुर वाराणसी का है। हम तीनों मिलकर शिवपुर, मण्डुवाडीह, कचहरी वाराणसी एवं कचहरी चंदौली आदि भिन्न-भिन्न स्थानों से बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी की बाइक को शहर में वरूणा नदी के किनारे झाड़ी एवं दीवार के पास तथा एलटी कलेज के परिसर में स्थित खड़हर में अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखे है। कुछ वाहनों को अज्ञात व्यक्तियों को बेचा भी है।

अभियुक्तों ने बताया कि हम तीनो का आपस में एक गिरोह हैं और हम तीनो इसी गिरोह में शामिल रह कर वाराणसी एवं चंदौली में घूमफिर कर मौका देख कर बाइक चुराते है। हम लोग इनका नम्बर बदल कर चलाते है और बेचने के लिये छिपा कर रख देते हैं तथा मौका देखकर बिहार लेजाकर बेच देते हैं और पैसा हम आपस में बराबर-2 बाट लेते थे। ज्यादातर चोरियों में अभिषेक चौहान शामिल रहा। लेकिन वह कहां है इस बारे में जानकारी नहीं।

अभियुक्तों की निशानदेही पर वरूणा नदी के किनारे झाड़ियो के पास छिपाकर रखी गयी कुल नौ बाइक और एलटी कालेज परिसर में स्थित खण्डहर में चोरी की सात बाइक बरामद पुलिस ने की। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभुकान्त, अपराध निरीक्षक अपराध विजय कुमार, कचहरी चौकी प्रभारी गौरव उपाध्याय, अर्दली चौकी प्रभारी प्रकाश सिंह चौहान, उप निरीक्षक राजकर शव आरक्षी बजबिहारी ओगा आदि रहे।

तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी के आरोपी दोषमुक्त

वाराणसी। अपर सत्र न्यायाधीश (नवम) आराधना कुशवाहा की अदालत ने पांच लाख रुपये फिरौती मांगने और तंत्र-मंत्र के नाम पर दो लाख की धोखाधड़ी के कैंट थाने के मामले में गोईठहा निवासी दो आरोपियों संतोष कुमार राय और उमाशंकर राय को आरोप सिद्ध न होने पर दोषमुक्त कर दिया। आरोपियों की पैरवी अधिवक्ता नीरज कुमार राय व जसवंत पांडेय ने रखा। अदालत ने फैसले में कहा कि वादी के पुत्र को अपहरण करके किसी अज्ञात स्थान पर रखकर उसे सुरक्षित लौटाने के लिए पांच लाख रुपये फिरौती की मांग किया जाना और आरोपियों द्वारा वादी से उसके पुत्र को तलाश किये जाने के नाम पर तंत्र-मंत्र करके उससे छल करके दो लाख रुपये प्राप्त करके धोखा दिये जाने की बात साबित नहीं होती है। ऐसे में आरोपियों को बरी किया जाता है। मामलें में वादी लालता प्रसाद ने 6 मार्च 2008 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसका 19 वर्षीय पुत्र आनंद मोहन बीए का छात्र था। आरोपी संतोष कुमार राय के जो तंत्र-मंत्र का काम करता था। उसके घर उसका पुत्र 8 नवम्बर 2005 को गया था। उसके बाद से घर वापस नहीं लौटा।

हाईवे पर लूट करने वाले आठ गिरफ्तार

वाराणसी। रोहनिया पुलिस ने हाईवे पर चालक को बंधक बनाकर ट्रक समेत लाखों रुपये का माल और नकदी लूटने में 8 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटी गई कार माल और नकदी के साथ ही बदमाशों की कार भी बरामद की है। प्रकरण की जानकारी डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह ने प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान रोहनिया एसीपी विदुष सक्सेना भी मौजूद थे।

गिरफ्तार बदमाश में गाजीपुर के जमानिया के तियरी निवासी संजय सिंह, जैदपुर निवासी सन्दीप जायसवाल, दिलदारनगर के ताजपुर कुर्रा निवासी मुज्जमिल खान, हसीब खान, उसिया निवासी अशोक यादव, किदवईनगर रामलीला मैदान के पास निवासी सोनू कुमार, बक्सर के बड़ी सारीपुर थाना औद्योगिकनगर निवासी दिनेश कुमार, भभुआ के रामगढ़ थाने के अखनी निवासी शौकत खान हैं। ट्रक चालक चंदौली के अलीनगर के कटरियों निवासी राम कुमार यादव से लूट की थी।

बीते 19 मार्च को अखरी बाईपास पर कार से बदमाश आए। लिफ्ट की बात कहकर रोका। कंबल से ढककर कार में बैठा लिया। कुछ दूर ले जाकर मारपीट कर खेत में फेंक दिया। ट्रक और माल लूट कर भाग गए। गिरफ्तारी करने वाली टीम ने प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, विनोद कुमार विश्वकर्मा, विद्यासागर आदि थे।

अश्लील हरकत करने वाले की जमकर धुनाई

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र के नुवाव इलाके में शनिवार दोपहर में घर के बाहर बैठी किशोरी के साथ युवक ने अश्लील हरकत करने लगा' युवक की हरकत देख किशोरी ने शोर मचाए। किशोरी के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने युवक की पकड़कर जमकर धुनाई किया' इसके बाद मौके पर पहुंचे पीआरबी के हवाले कर दिया' मानसिक रूप से परेशान बताया गया।

कार्यालय जिला पंचायत, गाजीपुर

पत्रांक .884/जि.पं.गा./2023-24 दिनांक-01.04.2023

टेण्डर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत गाजीपुर के प्रबन्धाधीन वर्ष 2023-24 (01.04.2023 से 31.03.2024) तक मृत पशु का निस्तारण/सुदूरी उपयोग का लाइसेन्स/ठेका की निविदा दिनांक 06.04.2023 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है तथा निविदा उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे निविदा समिति के समक्ष टेण्डरदाताओं की उपस्थिति में खोला जायेगा। टेण्डर फार्म कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 05.04.2023 को मू0-100.00 तथा जी0एस0टी0 18 प्रतिशत सहित जमाकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म के साथ जमानत धनराशि मू0-1000.00 रुपया जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की शर्तें एवं जमा जमानतकी कार्यालय कार्य दिवस में किसी भी दिन प्राप्त किया जा सकता है।

(सुजीत कुमार मिश्रा)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, गाजीपुर

(सपना सिंह)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, गाजीपुर

शराब का ठेका खुला तो महिलाओं ने दिया धरना

जनसंदेश न्यूज

रोहनिया। राजातालाब थाना क्षेत्र के पयागपुर असवारी अफजलपुर के बॉर्डर पर शनिवार को नई देशी शराब की दुकान खुलने से पहले ही बस्ती की महिलाओं ने अधिवक्ता रितेश कुमार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप था कि दो से तीन सौ मीटर दूर प्राथमिक विद्यालय पयागपुर तथा कुछ ही दूरी पर कोचिंग सेंटर डिग्री कॉलेज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। ऐसे में इसका गलत प्रभाव पड़ेगा।

मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने मामला शांत कराया। प्रदर्शन करने वालों में चंदा देवी, गीता, श्याम दुलारी, उषा, राधा, रेखा, सरोज, मनसा, रिंकी देवी, चंद्रकला, मीरा देवी, बदामा, सुनीता, मीना देवी आदि महिलाएं रहीं।

गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीपी से मिलीं आकांक्षा की मां

वाराणसी। भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने शनिवार को पुलिस आयुक्त अशोक जैन से मुलाकात की। पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंची मधु दुबे ने सीपी को आकांक्षा की मौत का घटनाक्रम सुनाया। उसकी मौत के लिए समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह को जिम्मेदार बताया। पुलिस कमिश्नर ने सारनाथ पुलिस से विवेचना की प्रगति जानी और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। शनिवार को भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे बनारस पहुंची। पुलिस आयुक्त कार्यालय में एडीजी अशोक मुथा से मिलकर समर सिंह की गिरफ्तारी कराने की गुहार लगाई। बताया कि सारनाथ पुलिस मामले में पूरी तरह से लापरवाह है। होटल मैनेजमेंट पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। कहा कि बेटी को समर सिंह ने मारा है। जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, वे चैन से नहीं बैठेंगी। साथ ही पुलिस जांच पर सवाल किया कि घटना के इतने दिन बीतने के बाद भी समर सिंह और उसके भाई की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो पायी।

कार्यालय नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र

पत्रांकः 01/न0पं0डा0बा0/2023-24 दिनांकः 01.04.2023

ई-टेण्डरिंग सूचना

नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र में समस्त इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्य के लिए दिनांक 03.04.2023 को सायं 06.00 बजे से वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की समस्त अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.04.2023 से दिनांक 24.04.2023 को सायं 06.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी तथा टेक्निकल दिनांक 25.04.2023 को दोपहर 12.00 बजे से ई-निविदा खोली जायेगी। निविदा के साथ अनुमानित धनराशि पर धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत ई-टेण्डर डालते समय व 08 प्रतिशत टेण्डर स्वीकृत होने के पश्चात एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 एवं निविदा मूल्य (कार्य के समक्ष लिखित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट या शाखा चोपन के एफ0डी0एफ0सी0 बैंक के खाता सं0-50100492320235 IFSC Doce-HDFC0003767 नगर पंचायत डाला बाजार के नाम से जमा किया जाए, किसी एक या सम्पूर्ण निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी निहित होगा, कार्य के विवरण को कार्यालय के समय व दिवस में देखा समझा जा सकता है। किसी कारणवस अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य दिवस मानी जायेगी।

(देवहूती पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
न0 पं0 डाला बाजार
सोनभद्र

(सहदेव कुमार मिश्र)
प्रशासक
न0 पं0 डाला बाजार
सोनभद्र

सफाईकर्मियों ने शोषण के खिलाफ मोर्चा खोला

वाराणसी। नगर निगम मुख्यालय में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के पूर्वांचल अध्यक्ष एडवोकेट गोपाल प्रसाद ने कहा कि महिला, पुरुष सफाई कर्मचारियों के साथ लगातार उत्पीड़न हो रहा है। जिसकी लिखित शिकायत बार-बार उच्चाधिकारियों को करने के बाद भी कोई सुधारात्मक कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का नियुक्ति पत्र नहीं दिया जा रहा। चयनित संविदा सफाई कर्मचारियों का शासनादेश जारी होने के बावजूद भी उनका ईपीएफ कटौती नहीं किया जा रहा है। शनिवार से जोनल अधिकारियों के साथ ही वाराणसी जिला के वरिष्ठ अधिकारियों को सफाई कर्मचारी से सम्बन्धित समस्याओं का ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस दौरान पूर्वांचल अध्यक्ष एडवोकेट गोपाल प्रसाद, मण्डल अध्यक्ष राजकुमार, जिलाध्यक्ष धीरू कुमार, जिला महासचित मनोज पाल आदि लोग थे।

छात्राओं को मुफ्त दिया साइकिल व यूनिफॉर्म

चांदमारी। बड़ालालपुर स्थित राजकीय संत रविदास आईएएस एवं पीसीएस कोचिंग सेंटर में शनिवार को समाज कल्याण विभाग के जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित जनजाति समाज की कक्षा-6, 9 एवं 11 की कुल 32 छात्राओं को मुफ्त साइकिल एवं यूनिफॉर्म बांटे गए।

इस मौके पर डीडी समाज कल्याण सुधीर कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) रितेश बिंदल, संस्थान अधीक्षक डॉ. रूपेंद्र कुमार चौहान - सचिव/प्रबंधक, जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान के बृजभान मरावी की प्रमुख उपस्थिति रही।

नो एंट्री में ट्रक व ट्रैक्टर घुसने से लगा जाम

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के सामने घाट से विश्व सुंदरी पुल जाने वाले मार्ग पर शनिवार दोपहर में नो एंट्री बालू लोड ट्रक ट्रैक्टर घुसने से जाम लग गया। जाम मरी माता मंदिर से लेकर सामने घाट तिराहे के आगे तक पहुंच गया। दूसरी तरफ मरी माता मंदिर से ज्ञान प्रवाह के आगे तक जाम लग गया' बीच सड़क पर ट्रक घुमाते समय ट्रैक्टर आने के बाद जाम लग गया' जाम में राहगीर फंसे रहे। जाम लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों ने जाम को छुड़ाया' जिसके बाद आवागमन शुरू हुआ।

कार्यालय ग्राम पंचायत सोनबरसा विकास खण्ड-मुरली छपरा, बलिया

पत्रांक . दिनांक-02.04.2023

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 (SLWM) के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु समग्र आपूर्ति अल्पकालिक निविदा सूचना

विकास खण्ड मुरली छपरा के ग्राम पंचायत-सोनबरसा में कराये जाने वाले कार्यों के लिए ईंट, ईंट रोड़ी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल बालू, महीन बालू, मिट्टी, गिट्टी, पत्थर, मोरम, सरिया, हैण्डपम्प रिबोर की सामग्री, अन्डर ग्राउण्ड नाली हेतु हर तरह की और हर साईज के पाईप, ह्यूम पाईप, स्टोन डस्ट, एस्बेस्टर शीट, टीन शेड, सीमेंट ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट, जट स्टोन, पेंट, नेट दरवाजा, टाईल्स, हैण्डपम्प सामग्री, काला सीट, शिल्पा सामग्री, स्नोमेक्स रिबोर, प्राइमर, डिस्टेम्पर, प्लास्टिक, कोटा स्टोन, जीएससी, पीवीसी पाईप, बम्बू रोड पेन, कोलतार, बौल्डर शोड और उससे सम्बन्धित अन्य सामग्री। रिबोर बोरिंग, ई रिक्शा हाईड्रोलिक गाड़ी, रोड (सरकट) एलेक्ट्रिक बैक, स्थापना कार्य इलेक्ट्रीक/कारपेन्टर काम, महिला भवन का स्थापना कार्यों के क्रय हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फीजीकृत फर्म दिनांक 02.04.2023 से दिनांक 04.04.2023 तक दिन में 11 बजे से दिन में 02 बजे तक अपने कोटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते है। समस्त निविदा दिनांक 06.04.2023 को दोपहर तीन बजे ग्राम समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सहायक/ग्राम रोजगार सेवक से किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

फतेह यादव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा0 पं0-सोनबरसा, वि0 ख0-मुरलीछपरा
जनपद-बलिया

ग्राम प्रधान
शिवा देवी
ग्रा0 पं0-सोनबरसा, वि0 ख0-मुरलीछपरा
जनपद-बलिया

मोहनसराय से निकाली जागरूकता रैली

रोहनिया। मोहनसराय बाईपास स्थित चौराहे पर शनिवार की सबह खंड शिक्षाधिकारी शशिकांत श्रीवास्तव एवं बीडीओ विजय जायसवाल की उपस्थिति में शिक्षा विभाग और आंगनबाड़ी वर्करों ने पोषण मेला एवं स्कूल चलो अभियान की जागरूकता स्कूटी रैली निकाली। आराजी लाइन के ब्लॉक प्रमुख नगीना पटेल ने हरी झंडी दिखायी। रैली वहां से टड़िया, कृष्णानगर, शहाबाबाद होकर जगतपुर इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर सीडीपीओ मनोज कुमार गौतम, एडीओ पंचायत सुनील श्रीवास्तव, एआरपी सुनीता सिंह, अरविंद सिंह, विवेक सिंह, संजीव सिंह, राजदेव राम आदि भी रहे।

अफसरों ने सुनीं शिकायतें

पिंडरा/ रोहनिया। पिंडरा और राजातालाब तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। पिंडरा में प्राप्त कुल 71 मामलों में से तीन प्रकरण मौके पर निस्तारित किये गये। रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार राजातालाब तहसील में एसडीएम गिरीश कुमार द्विवेदी ने शिकायतें सुनीं। यहां कुल 167 शिकायतों दर्ज की गईं।

छात्रों का विद्यारम्भ संस्कार

वाराणसी। सनातन धर्म इंटर कॉलेज में शनिवार को नवरात्रोत्सव, विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम छात्रों का विद्यारम्भ संस्कार किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. हरेन्द्र कुमार राय ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षा राष्ट्रनिर्माण का एक प्रबल साधन है, इसके माध्यम से हम अपने देश के विकास सहयोग प्रदान करते हुए स्वयं भी प्रबुद्ध एवं प्रकाशमान भी हो सकते है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
आवश्यकता

आवश्यकता है-स्व0 रामदेव चौधरी आदर्श महिला महाविद्यालय इलाईचीपुर जमानियाँ गाजीपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, संस्कृत, गृह विज्ञान तथा राजनीतिशास्त्र विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवमं प्रावार्य हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों के अंदर भेजे।साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक-7398099974

आवश्यकता है

किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रकसा, रतसर - बलिया में स्नातक विज्ञान संकायान्तर्गत भौतिक विज्ञान विषय में एक प्रवक्ता की। वेतन और अर्हता मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रतियां विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अंदर महाविद्यालय पर उपलब्ध कराये।
प्राचार्य
मो0 नं0-9935594343
कार्यालय - 9415254779

कार्यालय ग्राम पंचायत जमीनकटघर, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय दोपहर 12:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(नैयरेआजम)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. जमीनकटघर, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(पारसनाथ चौहान)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. जमीनकटघर, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत वार, वि0 ख0 रावर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र

पत्रांकः मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24 दिनांकः 01.04.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य वित्त आयोग/तेरहवां वित्त आयोग/चौदहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा अन्य प्राप्त विधियों द्वारा ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों हेतु वाणिज्यकर/आयकर में पंजीकृत फर्मों से ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 02.04.2023 से दिनांक 07.04.2023 तक पूर्वान्ह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक ग्राम प्रधान/सचिव कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 08.04.2023 को 02.00 बजे समिति (टेण्डरदाताओं) जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र0

वाराणसी मानव

युवती की हत्या कर शव सीवर चेंबर में फेंका

प्रेम में था शक

थाने पहुंचकर हत्यारोपी ने कबूला जुर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

मृतका की फाइल फोटो

घटना की जांच करने पुलिस अधिकारी जमे रहे घटनास्थल पर

वाराणसी। जैतपुरा थाना अन्तर्गत बागेश्वरी देवी मंदिर के पास स्थित गोपाल बाग कॉलोनी में शनिवार को एक तरफा प्यार में 20 वर्षीय युवती की हत्या कर उसके शव को सीवर चेंबर में फेंक दिया और खुद थाने पहुंचकर आरोपी ने जुर्म कबूला।

पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। मौके पर पहुंचे डीसीपी काशी जोन, एसीपी चेतगंज और थानाध्यक्ष ने सीवर चेंबर से शव को बाहर निकालवाया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार युवती की जिस जगह लाश मिली वह मकान ज्ञान चंद सोनकर का है, जिसमें वह पावरलूम चलाते हैं। घर की साफ सफाई और झाड़ू पोछा के लिए उन्होंने सोनम (20) को रखा था और इसी पावरलूम में रिजवान साड़ी कटिंग का काम करता है। हत्यारोपी रिजवान कबूला कि उसके और सोनम के बीच प्रेम प्रसंग था।

काम के दौरान आते जाते दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे और करीब आये। उसने बताया कि सोनम किसी और से बात करना शुरू कर दिया थी इस बात का शक होने पर जब उसने सोनम से शनिवार को पूछताछ की तो नोकझोंक हो हुई।

नाराज होकर उसने सोनम की हत्या कर हाथ पैर बांधकर मकान के अंदर सीवर चेंबर में फेंक दिया। चुनार निवासी सोनम और उसके परिजन डिगिया इलाके में किराए के मकान में रहते हैं। मां की मानें तो राजापुरा निवासी रिजवान उसे आये दिन परेशान करता था।

सोनम ने उसे कई बार इस कृत्य के लिए मना किया लेकिन वह माना नहीं। शनिवार को सोनम घर से काम के लिए सुबह करीब आठ बजे निकली थी। इस बीच सूचना मिली कि उसकी हत्या कर शव को सीवर चेंबर के अंदर डाला गया है।

दिल्ली में सम्मानित होंगी आंगनबाड़ी वर्कर्स

पिंडरा। स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र की तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने पर दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। इस बारे में शनिवार को नई दिल्ली से पहुंची एक टीम ने संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों का मौका-मुआयना कर कार्यकत्रियों के कार्य देखे। टीम में शामिल भारत सरकार की केंद्रीय अपर सचिव अदिति ने अजईपुर, समोगरा द्वितीय और अमौत स्थित सेंटर का जायजा लिया। सुपरवाइजर अनीता सिंह ने बताया कि अजईपुर की सुनीता मौर्य, समोगरा की सुमनलता एवं अमौत की रीता मिश्रा को दिल्ली में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। उसी सिलसिले में यह निरीक्षण था।

नगर निगम क्षेत्र में वोटर 16.11 लाख से अधिक

जनसंदेश न्यूज

प्रकाशन

नगर निगम और गंगापुर नगर पंचायत की मतदाता सूचियों का किया गया अंतिम प्रकाशन

शहरी क्षेत्र में सर्वाधिक वोटर वरुणापार जोन में, गंगापुर नगर पंचायत में घट गए मतदाता

नगरीय क्षेत्र में 36 हजार नये वोटर हुए शामिल, जबकि नगर पंचायत में महज 13 नये नाम

वाराणसी। नगर निगम और गंगापुर नगर पंचायत की मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शनिवार को दोनों निकायों की वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। जिसके अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 16 लाख से अधिक है। इसमें वरुणापार जोन में सबसे ज्यादा वोटर हैं। वहीं, गंगापुर नगर पंचायत इलाके में मतदाता लगभग 67 सौ हैं। गंगापुर में वोटरों की संख्या घट गयी है।

एडीएम प्रशासन एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगरीय निकाय रणविजय सिंह ने अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची जारी की। जिसके तहत नगर निगम की मतदाता सूची में सभी 100 वार्डों को मिलाकर 36 हजार 42 नये वोटर शामिल हुए हैं। जबकि 14 हजार 33 लोगों के विभिन्न कारणों से हटा दिये गये हैं। वहीं, मतदाता सूची में कुल मिलाकर मात्र 164 लोगों का नाम व पता आदि संशोधित किया गया है। लिस्ट में कुल मिलाकर 22 हजार नौ मतदाता बढ़े हैं। वोटर लिस्ट में मतदाताओं की कुल संख्या 16 लाख 11 हजार 536 हो गयी है। इससे पूर्व नगर निगम की मतदाता सूची में वोटरों की कुल संख्या 15 लाख 89 हजार 527 थी।

नगर निगम की अंतिम प्रकाशित इस मतदाता सूची के अनुसार जोनवार देखें तो सबसे अधिक चार लाख 87 हजार 804 वोटर वरुणापार जोन के कुल 27 वार्डों में हैं। इसी प्रकार भेलूपुर जोन के कुल 25 वार्डों में तीन लाख 92 हजार 564, दशाश्वमेध जोन के 22 वार्डों में तीन लाख 49 हजार 481 वोटर हैं। दशाश्वमेध जोन में तीन हजार 789 मतदाता घट गये हैं। जबकि आदमपुर जोन के 18 वार्डों में दो लाख 69 हजार 511 और कोतवाली जोन के कुल आठ वार्डों में एक लाख 12 हजार 176 मतदाता हैं। इधर, कुल मिलाकर दस वार्ड वाले नगर पंचायत गंगापुर की मतदाता सूची में महज 13 नये नाम सम्मिलित हुए हैं। जबकि 158 लोगों के नाम काट दिये गये हैं। दो वोटरों का नाम व पता संशोधित किया गया है। गंगापुर नगर पंचायत इलाके में 145 मतदाता घटे हैं। अब यहां वोटरों की कुल संख्या छह हजार 728 है। पूर्व में यहां कुल मिलाकर छह हजार 873 वोटर थे।

पहले दिन स्कूल पहुंचने पर बच्चों का भव्य स्वागत

प्रवेश उत्सव

बच्चों को पुष्प दिया गया तो कहीं चंदन का टीका लगाया गया

इस साल पहले दिन से ही बच्चों को वितरित की गयी किताबें

कक्षा में अव्वल आने वाले बच्चों को किया गया पुरस्कृत

कंपोजिट विद्यालय शिवपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

विद्यालय में बच्चों को पुस्तक देती अतिथि

वाराणसी। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में शनिवार से नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत हो गई है। सरकारी स्कूलों में शैक्षिक सत्र के पहले दिन प्रवेश उत्सव मनाया गया। कहीं बच्चों को चंदन का टीका तो कहीं फूल देकर उनका स्वागत किया गया। नये सत्र में पहले दिन स्कूल पहुंचने पर पूर्व में कभी ऐसा स्वागत हुआ नहीं था, सो बच्चे भी काफी खुश नजर आए। इस दौरान कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। कक्षा में अव्वल आने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। हालांकि बारिश के चलते पहले दिन बच्चों की उपस्थिति कुछ कम रहीं।

नए सत्र के शुरूआत से ही बच्चों को किताबें दी जा रही हैं। बच्चों ने कक्षाओं में किताबों के साथ प्रवेश किया। इससे लगता है कि इस साल बच्चों को किताबों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए नए शैक्षिक सत्र के साथ स्कूल चलो अभियान की शुरूआत भी की गई। शिक्षक बच्चों के घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करने का भी काम कर रहे हैं। कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों ने निजी स्कूलों की तर्ज पर विज्ञापन छपवाए हैं। जिस पर विद्यालय की खूबियों का बखान किया गया है।

नए सत्र की शुरूआत के साथ ही जिले के स्मार्ट स्कूलों में भी कक्षाएं शुरू हुई। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बने प्राथमिक विद्यालय राजघाट का हाल ही में पीएम मोदी ने उद्घाटन भी किया था। काशी विद्यापीठ ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोहता में 470 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरित किया गया। जबकि कक्षा आठ के 174 विद्यार्थियों को समारोह में भावभीनी विदाई भी दी गयी। कक्षा आठ की उन्नति विश्वकर्मा ने 94.6 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

तरना प्रतिनिधि के अनुसार, शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत 430 बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य नाटिका के जरिए सरस्वती वंदना और गणेश वंदना प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, सीडीओ हिमांशु नागपाल, बीएसए अरविंद कुमार पाठक सहित शिक्षक उपस्थित थे। **पिंडरा प्रतिनिधि** के अनुसार, ब्लॉक के सैरागोपालपुर, बाबतपुर, खालिसपुर, जमापुर, फूलपुर, सिंधोरा, जाठी, पिंडरा, मंगारी, थानारामपुर समेत सभी प्राथमिक विद्यालयों में पहले दिन बच्चों को तिलक लगा एवं फूल भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा। बच्चों को पुस्तक भी वितरित किया गया। प्राथमिक विद्यालय चितईपुर नेहिया में जिला पंचायत सदस्य सविता देवी व ग्राम प्रधान पूजा सिंह ने बच्चों को पुस्तक वितरित किया। खंड शिक्षाधिकारी देवीप्रसाद दूबे ने बताया कि सभी स्कूलों में तमाम बच्चों को पुस्तक वितरित कराया गया।

रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार, आराजी लाइन ब्लॉक प्रमुख नगीना पटेल ने मोहनसराय बाईपास चौराहे से स्कूल चलो अभियान जागरुकता स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए जगतपुर इंटर कॉलेज मैदान में पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान सीडीपीओ मनोज कुमार गौतक, खंड शिक्षाधिकारी शशिकांत श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, एडीओ पंचायत सुनील श्रीवास्तव, एआरपी सुनीता सिंह, अरविंद सिंह, विवेक सिंह, संजीव सिंह, राजदेव राम आदि शामिल रहे।

यहां करें वोटर लिस्ट का मुफ्त निरीक्षण

अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगरीय निकाय रणविजय सिंह ने जनपद के नगर निगम और नगर पंचायत गंगापुर क्षेत्र केलोगों से कहा है कि दोनों निकायों की मतदाता सूची का वार्डवार अंतिम प्रकाशन राज्य निर्वाचन आयोग के तय कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को कर दिया गया है। यह वोटर लिस्ट निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय, नगर पंचायत गंगापुर कार्यालय और विकास भवन से चतुर्थ तल पर स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) में आमलोगों के मुफ्त देखने के लिए उपलब्ध है। जोनवार लगाए गये काउंटरों पर कर्मचारी तैनात करते हुए भी यह मतदाता निःशुल्क निरीक्षण के लिए मुहैया करायी गयी है।

नारायन दास ज्वेलर्स ने कॉलेज को दीं दो बसें

वाराणसी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत दूर दराज की छात्राओं को अपनी पढ़ाई के लिए परमानन्दपुर स्थित श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में आवागमन की सुविधाओं को प्रदान करने के लिए श्री नारायन दास ज्वेलर्स प्रा लि ने महाविद्यालय को नवरात्रि में दो बसें भेंट की।

दोनों बसों का शुभारम्भ परमानंदपुर परिसर में प्रतिष्ठान के डायरेक्टर श्रीकृष्ण अग्रवाल, राधाकृष्ण अग्रवाल एवं महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ मधु अग्रवाल की माताजी बिसुन रानी अग्रवाल धर्मपत्नी नारायन दास अग्रवाल ने नारियल फोड़कर पूजा अर्चना कर किया। उक्त अवसर पर श्री काशी अग्रवाल समाज के सभापति संतोष कुमार अग्रवाल एवं महाविद्यालय के अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल 'रुद्रा' ने दानदाता प्रतिष्ठान के प्रति हार्दिक आभार एवं नारी शिक्षा में उनके इस सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। उक्त अवसर पर प्राचार्या प्रो मिथलेश सिंह, डॉ अजय अग्रवाल, श्रीमती रश्मि अग्रवाल, डॉ रूबी शाह, अजय कृष्ण अग्रवाल, आमोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सलिल अग्रवाल आदि थे।

गेहूं खरीद को खुले 34 सरकारी क्रय केंद्र

दिये निर्देश

एडीएम खाद्य एवं आपूर्ति ने सरकारी क्रय केंद्र प्रभारियों को हर तरह चाक-चौबंद रहने के दिये निर्देश

एमएसपी 2125 रुपये प्रति क्विंटल 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.एफसीएस.यूपी.जी ओवी. इन' पर किसान का पंजीकरण जरूरी

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। जनपद में किसानों से गेहूं खरीदने के लिए सरकारी स्तर पर 34 क्रय केंद्र खोलकर शनिवार को उपज की खरीद आरंभ कर दी गयी। इन केंद्रों में से खाद्य विभाग के 12, पीसीएफ के 19, पीसीयू के दो औप भारतीय खाद्य निगम का एक क्रय केंद्र स्थापित हुआ है। आगामी 15 जून तक इन क्रय केंद्रों पर अन्नदाताओं ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति कुं. की दर से गेहूं की खरीद की जाएगी। इसके लिए कृषक को खाद्य विभाग के पोर्टल 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. एफसीएस.यूपी.जीओवी.इन' पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ई-पॉप मशीन से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के जरिये गेहूं की खरीद होगी। एडीएम खाद्य एवं आपूर्ति जवाहर लाल श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गेहूं क्रय केंद्र प्रतिदिन सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक खुला रखने के निर्देश दिये गये हैं। सरकारी अवकाश के दिनों समेत रविवार को छोड़कर शेष कार्य दिवसों में इन केंद्रों पर गेहूं की खरीद होगी। जब तक किसान गेहूं लेकर क्रय केंद्र पर आते रहेंगे तब तक उनकी उपज की खरीद तय एसएसपी के आधार पर करना अनिवार्य है। खास यह कि शासन ने अबकी मूल्य समर्थन योजना के तहत रबी विपणन वर्ष 2023-24 में गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। उपज की खरीद भारत सरकार से निर्धारित मानक के अनुसार होगा।

दो सेंटर पर बोरा-बैनर नहीं

चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र में खाद्य एवं रसद विभाग और पीसीएफ के 2-2 क्रय केंद्र खोले गये हैं। खाद्य एवं रसद विभाग के गौराकला प्रथम एवं द्वितीय केंद्र प्रभारी कैलाश ने दावा किया कि सेंटर पर गेहूं खरीद की पूरी व्यवस्था कर ली गयी है। 45 हजार बोरा व अन्य सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध है। फिलहाल गेहूं की कटाई-मड़ाई शुरु नहीं हुयी है। सो, कुछ दिनों बाद ही खरीद आरंभ होगी। सहकारी समिति जाल्हूपुर व नरायनपुर क्रय केंद्र पर पहले दिन बोरा व बैनर उपलब्ध नहीं था। एडीओ सहकारिता दिलीप सोनकर ने यह जानकारी दी।

तत्काल दुरुस्त कराएं खराब उपकरण

गेहूं क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिये पेयजल व बैठने की व्यवस्था सहित वाहन पार्किंग का प्रबंध करने के निर्देश दिये गये हैं। केंद्र पर बारिश और प्राकृतिक आपदाओं से गेहूं को बचाने के लिये त्रिपाल तथा क्रेट्स आदि की व्यवस्था रखनी होगी। जिन क्रय केंद्र पर उपकरण खराब हैं उन्हें तत्काल दुरुस्त कराना होगा। क्रय केंद्र पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने पर उसके पंजीकरण प्रपत्र में दर्ज परिवार के सदस्य का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कर खरीद करेंगे। किसान को मौके पर ही ई-पॉप से प्राप्त पर्ची उपलब्ध कराएंगे।

यदि गेहूं मानक में न हो तो...

एडीएम खाद्य एवं आपूर्ति ने क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया है कि यदि किन्हीं खास परिस्थितियों में क्रय केंद्र पर किसान द्वारा लाया गया गेहूं मानक के अनुरूप नहीं पाया गया तो अस्वीकृत किये जाने की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल व रिजेक्शन रजिस्टर में फीड करना अनिवार्य होगा। क्रय केंद्र पर अन्नदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। किसानों को गेहूं के मानक, नमी और बोरों का कृत्रिम अभाव दिखाकर बेवजह परेशान न कर पूरी संवेदनशीलता के साथ गेहूं की खरीद हो।

रेलवे राजस्व में वाराणसी जंक्शन के स्टॉफ ने किया इजाफा

वाराणसी। ट्रेन में अनाधिकृत रूप सफर करने वालों के विरुद्ध जुमार्ना वसूली में कैंट स्टेशन सीटीआई महेश कुमार यादव को पूरे लखनऊ मंडल में पहला स्थान हासिल हुआ है। कुल 19,990 मामलो मे एक करोड़ 60 लाख 45 हजार 120 रूपए जुमार्ना वसूल किया। इसके अलावा कैंट स्टेशन पर तैनात एसटीई श्याम बिहारी यादव एक करोड़ 31 लाख 50 हजार 430 रूपए के साथ दूसरे और कैंट स्टेशन के जितेंद्र कुमार ने एक करोड़ तीन लाख 14 हजार 355 रूपए के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022/23 के फरवरी माह तक आंकड़ों में यह शीर्षक्रम रखा गया है। इस वसूली की बदौलत लखनऊ मंडल में 62.94 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो पिछले वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 67.89 फीसद ज्यादा है। मंडल रेल प्रबंधक सुरेश कुमार सपरा ने एक करोड़ रुपए से ऊपर आय अर्जित करने वाले कर्मचारियों को बधाई दी।

जागरूकता ही संचारी रोगों से बचाव का उपाय : डा. नीलकण्ठ

अभियान

जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण के लिए निकाली गयी जागरुकता रैली

वाराणसी। जिले में शनिवार से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हुआ। श्री शिव प्रसाद गुप्त मण्डलीय चिकित्सालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक डा. नीलकण्ठ तिवारी ने लोगों को संचारी रोग नियंत्रण के लिए शपथ दिलाने के साथ ही रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जागरुकता ही संचारी रोगों के खतरे से बचाव का बेहतर उपाय है।

पूर्व मंत्री डा. नीलकण्ठ तिवारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान महज एक अभियान नहीं बल्कि ऐसा अनुष्ठान है जो प्रदेश सरकार की ओर से लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए किया जा रहा है। लिहाजा अभियान में जन सहभागिता बेहद जरूरी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने कहा कि संचारी रोगों के खिलाफ अभियान में एक साथ कई विभागों का सड़क पर उतरना ही अपने आप में महत्वपूर्ण है। सम्बंधित विभागो के लोग घर-घर जायेगे।

संचालन जिला मलेरिया अधिकारी शरद चंद्र पांडेय ने के किया। समारोह में मण्डलीय चिकित्सालय के एसआईसी डॉ. एसपी सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. एनपी सिंह ने भी विचार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापित डा. वीएस त्रिपाठी ने किया।

कोविड संक्रमण से निपटने की परखीं गईं तैयारियां

जनसंदेश न्यूज

मॉकड्रिल

जनपद की 10 चिकित्सा इकाईयों में हुई मॉकड्रिल

वाराणसी। जनपद में कोविड संक्रमण की तैयारी परखने के लिए शनिवार को 10 चिकित्सालयों में मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, पं. दीन दयाल उपाध्याय चिकित्सालय, बीएचयू स्थित सर सुन्द्र लाल चिकित्सालय समेत चिकित्सा इकाइयों में पूर्वाभ्यास किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बताया कि यह मॉक ड्रिल कोविड के नए वैरियंट के संक्रमण के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर हुई। इसमें जनपद की 10 चिकित्सा इकाईयां जिनमें डीडीयू चिकित्सालय पांडेयपुर, सीएचसी चोलापुर, सीएचसी अराजीलाइन, सीएचसी नरपतपुर, सीएचसी गंगापुर, सीएचसी हाथी बाजार, सर सुंदरलाल चिकित्सालय बीएचयू, सीएचसी मिसिरपुर एवं शहरी सीएचसी शिवपुर और चौकाघाट शामिल रहें । उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान चिकित्सालयों में कोविड प्रबंधन की तैयारियों के सभी विभागों से स्वास्थ्य टीम का और स्वास्थ्य टीम के आपस का समन्वय भी देखा गया। सीएमओ ने बताया कि जिन चिकित्सालयों में मॉक ड्रिल की गई उन सभी में आक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता, ऑक्सीजन युक्त बेड की उपलब्धता देखी गई। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा की पूरी उपलब्धता है। मॉक ड्रिल में जिन चिकित्सा इकाईयों में कमी पाई गई उन्हें समय रहते हुए पूरा किया जाएगा। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें।

पर्यावरण संबंधी चुनौतियों पर वैज्ञानिकों का मंथन

कार्यशाला

पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान-बीएचयू में तीन दिनी आयोजन

वाराणसी। पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान-बीएचयू में शनिवार से शुरू हुए तीन दिवसीय 'ग्रांड चैलेंजेज इन अर्थ सिस्टम साइंसेज' विषयक कार्यशाला में पर्यावरण संबंधित चुनौतियों पर मंथन हो रहा है।

मुख्य अतिथि सीएसआईआर-बंगलुरू के प्रो. वीके गौर ने कहा कि आने वाले समय में हमारे समक्ष पर्यावरण संबंधित कौन-कौन सी चुनौतियां होगी। किस प्रकार पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान के शोध कार्य इन चुनौतियों का निवारण करने में सहायक होंगे। भारतीय भूचुम्बकीय संस्थान की पूर्व निदेशक डॉ. अर्चना भट्टाचार्या ने अंतरिक्ष भौतिकी के चुनौतियों के बारे में बताया।

मैक्स प्लैंक-जर्मनी के वैज्ञानिक प्रो. एक्सेल क्लिडन ने जैव रसायन के चुनौतियों के बारे में बताया। निदेशक प्रो. अखिलेश सिंह रघुबंशी ने संस्थान के विकास एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। स्वागत संकाय प्रमुख प्रो. राजेश कुमार मल्ल व संचालन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद प्रो. राजेश श्रीवास्तव ने दिया। इस अवसर पर डॉ. कलाचंद सेन, प्रो. कविता शाह, प्रो. जीएस सिंह, प्रो. विरेन्द्र मिश्रा, डॉ. जेपी वर्मा, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. टी. बनर्जी, डॉ. पीसी अभिलाष, डॉ. किरपा राम, डॉ. सुधाकर श्रीवास्तव, डॉ. विशाल प्रसाद आदि थे।

बीएचयू के बरकछा परिसर में जी-20 पर प्रश्नोत्तरी

वाराणसी। बरकछा-मीरजापुर स्थित बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में शनिवार को जी-20 यूनिवर्सिटी कन्नेक्ट विषयक अंतर संकाय प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न विभागों के 32 संघों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो स्तर सम्पन्न हुई। मुकाबले में आयुष रंजन व तनिष्का मालिक ने प्रथम, अभिषेक नाइक व अंशु कुमार वर्मा ने और वैभव सिंह राज व मुकेश कुमार ने तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान छात्र सलाहकार डॉ. आशीष लतारे, डॉ. अभिनव सिंह, अमृत खैरे, पवन सिंह, कुलदीप राजपूत आदि थे।

भोजपुरी में लोकमंच का संकट : आशीष त्रिवेदी

वाराणसी। वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान में भोजपुरी में लोकमंच का संकट है। यह संकट लोकभाषाओं पर भी विद्यमान है। वह भोजपुरी अध्ययन केंद्र के राहुल सभागार में शनिवार को आयोजित 'भोजपुरी रंगमंच की संभावनाएं एवं सीमाएं' विषयक एकल व्याख्यान में मुख्य वक्ता थे।

उन्होंने कहा कि भोजपुरी जनपद में रंगमंच की कमी ने उन्हें रंगमंच से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। भोजपुरी रंगमंच की व्यवस्थित शुरूआत भिखारी ठाकुर से होती है। उससे पहले भोजपुरी क्षेत्र में नाच की प्रथा थी, जिसमें अभिनय के तत्व थे तथा उसी से भोजपुरी रंगमंच का विकास भिखारी ठाकुर के माध्यम से हुआ। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे कलाकारों को मंच तक लाकर उन लोगों को अवसर देना होगा, जो कम पढ़े-लिखे या अशिक्षित हैं। अध्यक्षता करते हुए केंद्र समन्वयक प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि भोजपुरी रंगमंच का इतिहास ओढ़ी हुई मर्यादाओं के शिथिल होने का इतिहास रहा है। नाटक की परंपरा में लोक वृत्त का वास्तविक अनुकरण भोजपुरी रंगमंच के माध्यम से ही हुआ है।

ख्वातीन ने फातमान में उठाया ताबूत, हुई शब्बेदारी

वाराणसी। शहर भर में जनाबे खादीजा की वफात पर मजलिस नौहा मातम और ताबूत उठाया गया. दरगाहे फातमान में इफ्तार के बाद निगार फातिमा के संयोजन में ख्वातीन ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत उठाया गया। ख्वातीन ने नोहा मातम के साथ जियारत किया. काली महल शिया मस्जिद में इफ्तार के बाद तकरीर करते हुऐ हाजी फरमान हैदर ने कहा की नबी की बीवी जनाबे फातिमा की माँ को अरब की मलका के नाम से जाना जाता है। वही दूसरी ओरे मददन दरोगा के इमामबाड़े पर मौलाना नसीर के संयोजन में रात भर नोहा मातम किया। मजलिस के बाद शहर की नामछीन अंजुमनों ने नौहा मातम किया जिसमें अन्जुमने हैदरी, हुसैनिआ आबिदिया, सज्जदिया, नसीरुल मोमेनीन, हाश्मिया आदि अन्जुमने शामिल रहीं। शायरों ने कलाम पेश किये जिसमे हैदर, रेहान बनारसी, मायल चंदौलवी, रिजवान बनारसी, अताश बनारसी रहे। संचालन शफीक हैदर और असर बनारसी ने किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत मधुबन, वि0ख0 बिलरियागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय सुबह 10:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(रजनीकान्त राय) ग्राम प्रधान ग्रा.पं.मधुबन, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ
(अजय यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं.मधुबन, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर मौलानी, वि0ख0 बिलरियागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय सुबह 11:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(सानिया) ग्राम प्रधान ग्रा.पं.शाहपुर मौलानी, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ
(अजय यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं.शाहपुर मौलानी, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत टण्डवा अखईपुर, वि0ख0 बिलरियागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय दोपहर 12:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(श्यामकुंवर यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं.टण्डवा अखईपुर, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ
(अजय यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं.टण्डवा अखईपुर, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत कुंआदेवचन्दपट्टी, वि0ख0 बिलरियागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय दोपहर 01:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(श्यामू यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं.कुंआदेवचन्दपट्टी, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ
(अजय यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं.कुंआदेवचन्दपट्टी, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत बड़ौराबुजुर्ग, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. अन्त्येष्टि स्थल/कामन सर्विस सेन्टर हेतु भवन निर्माण, 17. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय सुबह 10:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(तेजबहादुर मौर्य) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. बरौड़ाबुजुर्ग, वि.खं. जहानागंज आजमगढ
(धनबहादुर) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. बरौड़ाबुजुर्ग, वि.खं. जहानागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत नरेहथा, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. अन्त्येष्टि स्थल/कामन सर्विस सेन्टर हेतु भवन निर्माण, 17. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय सुबह 11:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(अवधेश यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. नरेहथा, वि.खं. जहानागंज आजमगढ
(धनबहादुर) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. नरेहथा, वि.खं. जहानागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत कालीजपुर, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपरान्ह 02:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(सदावृक्ष यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. कालीजपुर, वि.खं. जहानागंज आजमगढ
(धनबहादुर) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं.कालीजपुर, वि.खं. जहानागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत चक्रपानपुर, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. अन्त्येष्टि स्थल/कामन सर्विस सेन्टर हेतु भवन निर्माण, 17. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपरान्ह 02:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(संदीप कुमार) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. चक्रपानपुर, वि.खं. जहानागंज आजमगढ
(धनबहादुर) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. चक्रपानपुर, वि.खं. जहानागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत फखरुद्दीनपुर, वि0ख0 सठियांव, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय सुबह 10:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(त्रिपुरारी कुमार) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. फखरुद्दीनपुर, वि.खं. सिठयांव आजमगढ
(कृतिका यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. फखरुद्दीनपुर, वि.खं. सिठयांव आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत गजहड़ा, वि0ख0 सठियांव, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन

शिक्षा से वंचित न रहे कोई भी बच्चा : दयाशंकर सिंह

अभियान

मंत्री एवं सांसद ने किया स्कूल चलो एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज

बालिका को पाठ्य पुस्तक देते मंत्री दयाशंकर सिंह एवं सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त

बलिया। जनपद में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ शनिवार को स्कूल चलो अभियान व निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण से हुआ। मुख्य आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। यहां पहले लखनऊमें मुख्यमंत्री द्वारा शैक्षिक सत्र 2023-24 में स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ का सजीव प्रसारण किया गया। इसके बाद सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराया।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तय किया है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। अगर कोई भी बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने से वंचित रह जाता है तो माना जाएगा कि हम अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसका ध्यान सभी अधिकारियों व गुरुजनों को रखना होगा।

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने मच्छरों से होने वाले रोगों के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही शत-प्रतिशत बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाने पर बल दिया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ ही शिक्षकों से कहा कि उन्हें यह मानना चाहिए कि वह बहुत ही सौभाग्यशाली हैं। बच्चों को शिक्षित करना महान कार्य है। इसे पूरी जिम्मेदारी से निभाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयंत कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह, ओपी सिंह, जितेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

बच्चों ने निकाली स्कूल चलो रैली, अधिकांश विद्यालयों में वितरित की गई पाठ्य पुस्तकें

बेल्थरारोड। शिक्षा क्षेत्र सीयर के परिषदीय विद्यालयों में शनिवार से नये शिक्षण सत्र का शुभारंभ हो गया। विभिन्न विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण, स्कूल चलो अभियान की रैली व संचारी रोग से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सीयर पर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया। कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय सैदपुरा, प्राथमिक विद्यालय खैराखास, बुद्धिपुर, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक कुर्हा, प्राथमिक विद्यालय तेतरा, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक तुर्तीपार व प्राथमिक विद्यालय मुजौना में एआरपी देवेन्द्र कुमार वर्मा एवं कृष्णानन्द सिंह ने पाठ्य पुस्तक का वितरण करने के बाद संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली को रवाना किया। तत्पश्चात कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीतय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने नवीन सत्र में पूर्व सत्र के नामांकन के सापेक्ष अधिक नामांकन का लक्ष्य सभी प्रधानाध्यापक /प्रभारी प्रधानाध्यापक को दिया है। साथ ही तय समय में विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए निपुण कार्य योजना, शिक्षण संदर्शिका के अनुसार शिक्षण कार्य करने का आवाह्न किया। बच्चों में भी प्रथम दिन पाठ्य पुस्तक प्राप्त होने पर खुशी देखी गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई। इसका सजीव प्रसारण बीआरसी सीयर समेत अन्य विद्यालयों पर किया गया।

परिषदीय स्कूलों में हुए विविध कार्यक्रम

बैरिया। परिषदीय विद्यालयों में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कम्पोजिट विद्यालय भिखाछपरा में खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज मिश्र द्वारा बच्चों में निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे। वही, ब्लाक संसाधन केन्द्र मुरलीछपरा में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर बच्चों ने रैलियां निकली तो कुछ जगहों पर शिक्षकों द्वारा सत्र के पहले दिन बच्चों में मिष्ठान वितरण कर उनका मुंह मीठा कराया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बैरिया पंकज मिश्र व मुरलीछपरा दुर्गा प्रसाद सिंह ने कई विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों का उत्साहबर्धन किया।

पुस्तक पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

लालगंज। परिषदीय विद्यालयों में नया सत्र प्रारंभ हो चुका है। सत्र आरंभ होने के पहले ही दिन शिक्षा क्षेत्र मुरली छपरा के विद्यालयों में बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा दी गईं। पिछले साल पुस्तकें देर से उपलब्ध कराए जाने से विभाग की किरकिरी हुई थी, परंतु सत्र 2023-24 के लिए सत्रारंभ के पहले दिन ही पाठ्य-पुस्तकें प्राप्त होने पर बच्चों में काफी उत्साह दिखा। मुरली छपरा के कई विद्यालयों पर समारोह पूर्वक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुस्तकें वितरित की गई।

संक्षेप

बाजार का भ्रमण कर लोगों को किया जागरूक

लालगंज। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरारपट्टी के प्रधान मुन्ना कुमार राम, एडीओ पंचायत योगेश चौबे, ग्राम विकास अधिकारी मृगेंद्र सिंह, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमशंकर पाठक, रोजगार सेवक अमरेंद्र कुमार पाठक एवं सफाई कर्मचारियों ने शनिवार को लालगंज क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। थाना प्रभारी मदन पटेल, चौकी प्रभारी परमानंद त्रिपाठी सहित पुलिस कर्मियों एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने पंचायत भवन मुरारपट्टी पर उपस्थित होकर यह संकल्प लिया कि संचारी रोग के लिए हम लोग जन अभियान चलाएंगे। इस मौके पर राजकुमार मिश्रा, कपिल शर्मा, हरे कृष्णा पांडेय आदि मौजूद रहे।

पांच को आयेंगे सपा जिलाध्यक्ष

बलिया। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा राजमंगल यादव को फिर से जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गयी है। राजमंगल यादव को पुनः जिलाध्यक्ष बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में हर्ष है। नवागत जिलाध्यक्ष का जिले में प्रथम आगमन पांच अप्रैल को सुबह नौ बजे होगा। वह बलिया रेलवे स्टेशन से सीधे पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे, जहां कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। इसकी जानकारी राजन कन्नौजिया ने दी है।

श्याम नारायण अध्यक्ष एवं मंत्री बने उपेन्द्र

बलिया। चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक संवर्ग का द्विवार्षिक चुनाव/ जिला कार्यकारिणी का गठन शनिवार को जिला पंचायत बलिया के सभागार में हुआ। यह चुनाव प्रांतीय उपाध्यक्ष यादवेंद्र, दुर्गेश कुमार एवं मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी डा. आरबी सिंह और जिला प्रशासनिक अधिकारी योगेश पांडेय की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रयोगशाला सहायक संघ के इस चुनाव में श्याम नारायण सिंह जिलाध्यक्ष, उपेंद्र प्रसाद जिला मंत्री, देवेश पांडेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सत्यदेव प्रसाद कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुने गये। चुनाव में जनपद के समस्त प्रयोगशाला सहायक कर्मियों ने भाग लिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उप्र प्रयोगशाला सहायक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यादवेंद्र दुर्गेश कुमार ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी।

चैता पर पूरी रात झूमते रहे श्रोता

बैरिया। नवरात्र के पावन अवसर पर रामनगर स्थित अखण्ड भारत निर्माण मिशन के प्रागंण में शुक्रवार की रात राम जन्मोत्सव मनाया गया। पूरे नवरात्र विश्व कल्याण के निमित्त बैदिक मंत्रोंचार के बीच अनुष्ठान किया गया। मोहनेश्वर महादेव एवं राम जानकी मन्दिर पर दुर्गा सप्तशती पाठ व चौबीस घन्टे का संर्कीतन भी आयोजित किया गया। नवरात्र के दौरान विभिन्न अनुष्ठान पूरा होने के बाद दशमी को रात में दो गोला चैता व्यास स्वामीनाथ, कमलेश देहाती व प्रिंस पण्डित भोलू के बीच हुआ। इसमें रात भर स्रोताओ ने चैता का आनन्द लिया। अखण्ड भारत निर्माण मिशन के संस्थापक पंडित मोहन चन्द उपाध्याय ने बताया कि रामजन्मोत्सव का यह लगातार तेरहवां साल हैं। यहां पर विश्व कल्यायार्थ धार्मिक अनुष्ठान अनवरत आयोजित किया जाता है, ताकि समाज में भाईचारा, समरसता व विश्व शान्ति कायम रह सके। इस अवसर पर मोहनचन्द उपाध्याय के अलावा आभा उपाध्याय, मधु उपाध्याय, सुधीर, सुरेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, चिटपुट सिंह, मतलेश्वर पाण्डेय, चन्दन मिश्र, मन्टन पाण्डेय, चन्दन कुमार आदि मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

बांसडीह। स्थानीय ब्लाक पर शनिवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर पाठक एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिजीत तिवारी सत्यम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। ज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उद्योगपति गौतम अडानी के मध्य क्या रिश्ता है? और कब से है? गौतम अडानी के व्यापार में विदेशों से आया बीस हजार करोड़ किसका है? प्रधानमंत्री सरकारी विकास यात्राओं में कितनी बार गौतम अडानी को अपने साथ ले गए है? सहित अन्य मांगें शामिल थी। मौके पर दिग्विजय सिंह छोटू, संजीत कुमार, मोहन सिंह, विनय, अशोक कुमार, चंदन गुप्ता, सागर कुमार, विजय शंकर, लक्ष्मण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

पशु अस्पतालों में पहुंचा गिर नस्ल के साड़ों का सीमेंस

पहल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने जनपद के प्रभारी मंत्री से किया था आग्रह

बैरिया। गिर नस्ल के गायों को बढ़ावा देने के लिए बलिया जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु के निर्देश पर पशु अस्पतालों में गिर नस्ल के साड़ों का सीमेंस पहुंच गया है। इससे क्षेत्र में गिर नस्ल के गायों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जग गयी है। इससे पशु पालको में हर्ष है।

बता दे कि गत दिवस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह ने जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु से मिलकर आग्रह किया था कि स्वास्थ्य व चिकित्सकीय दृष्टिकोण से गिर नस्ल के गायों का दूध बहुत लाभकारी है। वही, पशुपालकों के लिए भी गिर नस्ल के गायों का दूध फायदेमंद व मुनाफायुक्त है। इसलिए क्षेत्र के अस्पतालों में गिर नस्ल के साड़ों का सीमेंस भिजवाया जाए, ताकि क्षेत्र के गायों का गर्भाधान गिर नस्ल के सीमेंस से हो और क्षेत्र में गिर नस्ल के गायों की संख्या बढ़े। विनोद सिंह के आग्रह को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री ने तत्काल इस संबंध में करवाई किया और दो दिन पूर्व ही मुख्य पशु चिकित्सालय में गिर नस्ल के सांडों का सीमेंस पहुंच गया है। वहां से जनपद के सभी पशु अस्पतालों में गिर नस्ल के साड़ों का सीमेंस पशुपालन विभाग ने उपलब्ध करा दिया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. ओम प्रकाश ने पशुपालकों से आग्रह किया है कि जो भी पशु पालक अपने गायों का गर्भाधान कराना चाहते हो, वह अपने गाय को निकटवर्ती सरकारी पशु अस्पताल में लेकर पहुंचे। वहां गीर नस्ल के सांडों का सीमेंस निःशुल्क उपलब्ध है।

पात्रों को मिलना चाहिए योजनाओं का लाभः केतकी सिंह

बांसडीह। नगर के सतपोखर बस्ती में क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह के प्रयास से बिजली आपूर्ति के कार्य शिलान्यास किया गया। विधायक केतकी सिंह ने पूजा करने के बाद नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। उसके उपरांत विद्युत खम्भों के लगाये जाने के कार्य कका शुभारंभ हुआ।

बांसडीह नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन सतपोखर बस्ती के लोगों के लिये शनिवारर का दिन किसी त्यौहार से कम नही था। कारण था आजादी के 75वें वर्ष में पहली बार उनकी बस्ती तक बिजली पहुंचने के कार्य का प्रारंभ हुआ था। बस्ती में जैसे ही बिजली के खम्भे लगने शुरू हुए, पूरा बस्ती भारत माता की जयकारा से गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने विधायक केतकी सिंह को फूल मालाओं से लाद दिया। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर घर में सरकार की हर योजना पहुंचे। इसके लिये सरकार कृत संकल्पित है। नगर पंचायत का यह बस्ती आज तक बिजली से अछूता था, जो मेरे मन में सदैव खटकता रहता था। विधायक निर्वाचित होने के उपरांत विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से वार्ता कर इस बस्ती में सरकार की योजना के अंतर्गत बिजली देने के लिये कहा था। वह संकल्प आज पूरा हो रहा है। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, एसडीओ आरके यादव, प्रतुल कुमार ओझा, पूनम गुप्ता, शत्रुघ्न सिंह, राकेश मिश्रा, सत्यम तिवारी, दिग्विजय सिंह, दीपू पांडेय, सोनू सिंह, ईश्वरचन्द्र ठाकुर, अजीत सिंह, अभिषेक सिन्हा आदि मौजूद रहे।

अभिजीत को मिठाई खिलाकर दी बधाई

बांसडीह। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने को है, लेकिन कस्बे का वार्ड नंबर तीन सतपोखर बस्ती में बिजली की आपूर्ति नही हो सकी थी। इसको लेकर युवा कांग्रेस के महासचिव अभिजीत तिवारी सत्यम ने कई बार शासन-प्रशासन को पत्रक दिया। साथ ही क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह से भी बस्ती में विद्युतीकरकण के लिए आग्रह किया था। शनिवार को विद्युतीकरण के दौरान विधायक ने अभिजीत तिवारी सत्यम को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। वही, अभिजीत तिवारी ने विधायक केतकी सिंह को विद्युतीकरण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वयंसेवकों-सेविकाओं ने की साफ-सफाई

आयोजन

गोपाल जी महाविद्यालय में रासेयो का चल रहा शिविर

गोपाल जी महाविद्यालय रेवती में बौद्धिक सत्र को संबोधित करता वक्ता

रेवती। गोपाल जी महाविद्यालय रेवती में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक इकाई का गठन जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय की अनुमति पर किया गया। इस इकाई का कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार को बनाया गया है। कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के एक इकाई के लिए महाविद्यालय के 100 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया।

विशेष कैम्प शुरुआत प्राथमिक विद्यालय कुंवा पीपर में किया गया। दूसरे दिन छात्र-छात्राएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर श्रमदान के लिए पहुंचे, जहां चिकित्सा प्रभारी डा. बी आर यादव ने उनको प्रोत्साहित किया। कैम्प के तीसरे दिन श्रमदान के लिए छात्र-छात्राएं विकास खण्ड रेवती पहुंचे। यहां विकास खण्ड अधिकारी रेवती ने उनको प्रोत्साहित किया। छात्र-छात्राओं ने श्रमदान के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। चौथे दिन छात्र-छात्राएं नन्हे-मुन्हे बच्चों के बीच पुनः पहुंचे। महाविद्यालय के अशोक कुमार श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के पांचवे दिन छात्र-छात्राएं ग्राम सचिवालय श्रीनगर पहुंचे, जहां इनके द्वारा मलिन बस्ती में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राथमिक विद्यालय श्रीनगर नंबर एक का साफ-सफाई किया गया। प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने उनके कार्यों की सराहना की। मौके पर राकेश वर्मा, ज्ञानेंद्र वर्मा, मोहित, निरंकार, सीमांत , सिद्धार्थ पांडेय आदि मौजूद रहे।

दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया। नगरा थाना पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। एसपी राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को थाना नगरा पुलिस टीम के उपनिरीक्षक रामसकल यादव मय फोर्स के देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित/ वारण्टी के क्षेत्र मे मामूर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि थाना हलधरपुर, जनपद मऊ से सम्बन्धित वांछित/वारंटी अभियुक्त अतरौली करमौता चट्टी पर मौजूद है। इस सूचना पर नगरा पुलिस टीम द्वारा विश्वास करके अभियुक्त संजय राम पुत्र रामबहादुर निवासी अतरौली करमौता, थाना नगरा और सूर्यनाथ चौहान उर्फ सूरज पुत्र स्व. दुधनाथ चौहान निवासी अतरौली करमौता, थाना नगरा को अतरौली करमौता चट्टी के पास से हिरासत लिया गया।

गुण-दोष के आधार पर करें समस्याओं का निस्तारण

बोले अनिल कुमार अग्निहोत्री

मुख्य राजस्व अधिकारी ने मातहतों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

बेल्थरारोड। स्थानीय तहसील में शनिवार को मुख्य समाधान दिवस आयोजित था। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में प्रभारी अपर जिलाधिकारी /मुख्य राजस्व अधिकारी अनिल कुमार अग्निहोत्री संग अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने फरियादियों की फरियाद सुनी। कुल प्रस्तुत 56 आवेदन पत्रों में दो आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दिवसाधिकारी श्री अग्निहोत्री ने मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि गुण-दोष के आधार पर समस्याओं का निराकरण किया जाय।

स्थानीय तहसील के सभागार में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर ग्राम प्रधान दोथ आशुतोष कुमार यादव ने रास्ते की जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अखिल भारतीय गोड़ महासभा की ओर से जाति प्रमाण पत्र निर्गत न किये जाने हेतु आवेदन दिया गया।

ग्राम बहोरवां खुर्द में शिवचन्द ने अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए, सिकन्दरापुर के प्राथमिक विद्यालय में हैण्डपम्प की मरम्मत कराने, 6 लाख रुपये का विजली विल आ जाने पर सुधार के लिए बिहरा हरपुर के हरिन्दर पुत्र सुदर्शन ने आवेदन दिया, जिस पर एसडीओ विद्युत को जांच कर निस्तारण करने का आदेश जारी हुआ। प्राथमिक विद्यालय रामपुर छावनी में उसकी दीवार तैयार कराने के लिए भी आवेदन दिया गया।

इसके अलावे आपूर्ति, पुलिस, राजस्व, विकास खण्ड, नलकूप, सिंचाई, विकलांग, विधवा, वृद्धा पेंशन के न मिलने आदि सम्बन्धित अनेक आवेदन प्रस्तुत किये गये।

एसडीएम ने सुनी जनता की फरियाद

बैरिया। एसडीएम आत्रेय मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आवास आवंटन व भूमि विवाद के मामले छाए रहे। कुल 14 मामलों में मात्र दो का निस्तारण हुआ। 12 मामले संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई के लिए भेजा गया। गोपालपुर ग्रापं अंतर्गत मुरलीछपरा, उदईछपरा निवासी श्रीभगवान यादव व उसी गांव के दिव्यांग सर्वजीत यादव ने शिकायत किया कि पात्र होने के बावजूद उन्हें प्रधानमंत्री आवास नही दिया जा रहा है। वशिष्ठनगर निवासी विजय यादव ने एडीओ पंचायत के खिलाफ शिकायत किया कि जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद अपात्रों को आवास देने के प्रकरण की जांच उनके द्वारा नही की गई है।



सड़क हादसे में एसएसबी के जवान की मौत

क्षतिग्रस्त कार

घटना के बाद जुटी भीड़

दुखद

सोनबरसा-दलनछपरा मार्ग पर भगवानपुर गांव के समीप हुई घटना

बैरिया/लालगंज। रानीगंज बाजार से अपने घर लौटते समय सोनबरसा-दलन छपरा मार्ग पर शनिवार को दोपहर बाद रामनगर निवासी एसएसबी के जवान 45 वर्षीय संतोष कुमार सिंह पुत्र श्यामदेव सिंह की स्वीफ्ट डिजायर कार पेड़ से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, एसएसबी के जवान की गाड़ी में ही मौके पर मौत हो गई। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को बाहर निकाला।

उल्लेखनीय हैं कि संतोष सिंह छुट्टी में अपने घर आया था। शनिवार को अपने पालतू कुत्ते को अपनी स्वीफ्ट डिजायर कार में बैठाकर खुद कार चलाकर बैरिया बाजार आये थे। बाजार में खरीदारी करके वापस लौटते समय उनकी कार असंतुलित होकर भगवानपुर गांव के निकट सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार चिपट गई थी। मौके पर ही संतोष सिंह व कुत्ते की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची दोकटी पुलिस ने जेसीबी बुलाकर गाड़ी को पेड़ से अलग कराया तथा कटर से काटकर संतोष सिंह एवं कुत्ते का शव बाहर निकाला गया। संतोष सिंह अपने मां- बाप के इकलौते संतान थे। उनको एक पुत्र व एक पुत्री हैं। संतोष सिंह एसएसबी में गोरखपुर में तैनात थे। संतोष सिंह की मौत से परिवार में कोहराम मच गया हैं। थानाध्यक्ष मदन पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं।

क्रय केन्द्र पर ताला लटकता देख वापस लौटे किसान, मौके पर उपस्थित नहीं मिले अधिकारी एवं कर्मचारी

बैरिया। एक तरफ जहां सरकार किसानों के मामले में तरह-तरह के दावे कर रही है, वही दूसरी तरफ सरकारी फरमान के बावजूद राजकीय गेहूं क्रय केंद्र बैरिया (सोनबरसा) में पहली अप्रैल, शनिवार को ताला लटका रहा। क्रय केन्द्र पर गेहूं की खरीदारी की पुनिया नही हो सकी। दर्जनों किसान क्रय केंद्र पर पहुंचे और मायूस होकर वापस लौट गए। वहां कोई सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद नहीं था, जबकि सरकार ने यह स्पष्ट निर्देश जारी कर रखा था कि एक अप्रैल से किसानों का गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीदा जाएगा। सूच्य हो कि पिछले वर्ष सरकार ने क्षेत्र में सात गेहूं क्रय केंद्र खोल रखा था। इस बार महज एक गेहूं क्रय केंद्र सोनबरसा (रानीगंज) कृषि मंडी समिति में स्थापित की गई है। इसका प्रभारी हाट गोदाम रानीगंज (करमानपुर) के वरिष्ठ हाट निरीक्षक रत्न कृष्णम को बनाया गया है। वह सुबह कृषि मंडी समिति पर पहुंचकर कुछ पल रुके और वापस चले गए। उनका कहना है कि अभी कृषि मंडी समिति की साफ-सफाई व रोशनी की व्यवस्था करनी है। उसके बाद खरीदारी होगी। अभी तक 185 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण करा रखा है। इसकी जांच अभी बाकी है।

पूरी दमदारी से निकाय चुनाव लड़ेगी जदयू

बोले अवलेश सिंह

प्रदेश महासचिव ने सैकड़ों युवाओं को दिलायी सदस्यता

बलिया। जदयू के जिला कार्यसमिति की बैठक शनिवार को शहर के एक होटल में हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव अवलेश सिंह ने बैठक का शुभारंभ किया। प्रदेश महासचिव अवलेश सिंह ने बताया कि बैठक में सदस्यता अभियान एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर मंथन हुआ तथा आगामी नगर पंचायत चुनाव की रणनीति भी तय की गई। श्री सिंह ने कहा कि पूर्वांचल के सभी निकाय चुनाव में प्रत्याशी खड़ा करना हमारी जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष भारत भूषण सिंह ने संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती के लिए जुट जाएं। सदस्यता अभियान को और गति प्रदान करनी है। प्रदेश महासचिव एवं सदस्यता अभियान के आजमगढ़ मंडल के प्रभारी अवलेश सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत से हर बूथ पर कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क शुरू करे। कार्यक्रम में आये दर्जनों लोगो को प्रदेश महासचिव अवलेश सिंह ने जदयू की रसीद कटवाकर पार्टी की सदस्यता दिलवाई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला अध्यक्ष भारत भूषण सिंह, संगठन जिला महामंत्री पंकज सिंह, बूथ विस्तारक प्रभारी सुधा तिवारी, सुधीर कुमार सिंह, रोहित चौबे, ओम प्रकाश, संतोष मथुरिया, रामधन, रामकल्यण, चतरु पटेल, रामजीलाल, मनफूल प्रजापत, प्रेम राज, हंसराज, देवेंद्र पटेल, नवनीत, हनुमान सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया पर सक्रिय हुए दावेदार

विजय कुमार गुप्ता

बांसडीह। नगर निकाय चुनाव को लेकर कस्बे में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। करीब चार महीने से नगर पंचायत अध्यक्ष पद खाली चल रहा है। नगर पंचायत के गठन के बाद से अब तक बांसडीह नपं आरक्षण से दूर ही रहा है। आरक्षण आने से पहले अध्यक्ष पद के कई दावेदार मैदान में थे, लेकिन शासन द्वारा जारी की गई आरक्षण की सूची से कई प्रत्याशियों को चेहरे खिल गए। वही, कई दावेदारों की उम्मीदों पर आरक्षण ने पानी फेर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर क्षेत्र पर सभी संभावित प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है। सभी दावेदार व उनके समर्थकों ने अपने-अपने हिसाब से राजनीतिक समीकरण सेट करने का प्रयास शुरू कर दिया है। हालांकि किसी भी राजनीतिक पार्टी द्वारा अभी तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। फिर भी दावेदार अपना प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। सबसे ज्यादा दावेदार भाजपा से टिकट की लाइन में है। वहीं, सपा से टिकट के लिए कई दावेदार लाइन में लगे है। आप में भी टिकट के लिए होड़ मची है। इधर, बसपा से अभी तक कोई संभावित दावेदार नहीं दिख रहा है। नपं बांसडीह में अभी तक लगभग एक दर्जन से अधिक दावेदार अध्यक्ष पद के लिए सोशल मीडिया पर दावेदारी कर रहे है।

शिक्षा से होता है आदर्श समाज का निर्माण: विनय

बैरिया। नागाजी सरस्वती विद्या मन्दिर भोजापुर, बैरिया में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि गोरक्ष प्रान्त के सह प्रचारक विनय ने कहा कि विद्या भारती जिन उद्देश्यों को लेकर शिक्षण संस्थान चला रही है, यह बच्चों के अन्दर दिखाई देता है। शिक्षा व्यक्ति, समाज, राष्ट्र, सामाजिक परिवर्तन और आदर्श समाज के निर्माण का मुख्य साधन है। कहा कि संसार का इतिहास बताता है कि जब कभी किसी समाज में बुराईयां बढ़ती है तो युवा वर्ग में आक्रोश बढ़ता है। समाज में क्रांति होती है। सामाजिक बुराईयां दूर होती है और आदर्श समाज का निर्माण होता है। युवाओं को इसके लिए तैयार करती है। अब शिक्षा के लिए दो कार्य करने होंगे। एक तो इसमें व्याप्त बुराईयों को दूर करना होगा और दूसरा समय की मांग के अनुसार इसमें अच्छाईयां विकसित करनी होगी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वन्दना से हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय ने आगंतुकों का परिचय कराया। विद्यालय में भैया अनिमेष कुमार यादव, बहन कृतिका सिंह, भैया अर्नव मिश्र को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

डीएम व पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की समस्याएं

मऊ। जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस /तहसील दिवस का आयोजन किया गया। डीएम अरुण कुमार व एसपी अविनाश पांडे के नेतृत्व में जनपद के सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आज आए कुल 112 शिकायतों में से सर्वाधिक 51 शिकायतें राजस्व विभाग एवं 14 पुलिस विभाग से संबंधित थी। कुल 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, साथ ही शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु 8 टीमें गठित कर मौके पर भेजी गई। इस दौरान डीएम ने सभी विभागाध्यक्षो को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि उसका पूर्णतः निस्तारण हो जाए, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार भाग दौड़ ना करना पड़े। डीएम ने वहां उपस्थित समस्त विभागाध्यक्षो को निर्देश दिए कि अपने विभागों से संबंधित सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मशरूम उत्पादन के लिए किसानों को करें प्रेरित : जिलाधिकारी

मऊ। शनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने ग्राम बहरीपुर में संचालित एयर कंडीशन मशरूम उत्पादक यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मशरूम उत्पादक यूनिट के स्वामी कुशाग्र विक्रम सिंह से मशरूम उत्पादन से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारियों को साझा किया।

मौके पर उपस्थित कृषि उपनिदेशक ने बताया कि इस एयर कंडीशन मशरूम उत्पादक इकाई के दो चैंबरों से एक चक्र में 3 हजार बैग के माध्यम से एक लगभग 6 हजार किलोग्राम मशरूम का उत्पादन हो सकता है। एक चक्र पूरे होने में कुल 40 दिन लगते हैं, इस प्रकार पूरे 1 साल में 9 चक्रों में मशरूम उत्पादन का कार्य किया जा सकता है, जिससे लगभग 54 हजार किलोग्राम मशरूम का उत्पादन हो सकता है। दो चैंबर वाले एयर कंडीशन मशरूम उत्पादक यूनिट की स्थापना की

प्रारंभिक लागत लगभग 20 लाख रुपए होती है। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को जनपद के किसानों को अच्छी आमदनी के दृष्टिगत मशरूम उत्पादन हेतु प्रेरित करने को कहा, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। साथ ही रोजगार को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने उपनिदेशक कृषि को इस संबंध में विकास खंड स्तर पर किसानों के साथ बैठक कर उन्हें मशरूम उत्पादन के लिए प्रेरित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक मशरूम उत्पादन से जनपद इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा और भविष्य में यहां से निर्यात की संभावना भी बनेगी,साथ ही मशरूम उत्पादन से जुड़े किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, उपनिदेशक कृषि एसपी श्रीवास्तव, जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता एवं संबंधित मशरूम उत्पादक यूनिट के मालिक उपस्थित रहे।

संक्षेप

तमंचे के साथ आपराधिक गैंग डी-14 का लीडर गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध, अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री एवं क्षेत्राधिकारी नगर धनजंय मिश्र के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब षनिवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखरबिर की सूचना पर ढेकुलिया घाट के पास से वाहन एवं घरों में घुसकर चोरी करने व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी अजय भारती पुत्र श्यामलाल भारती निवासी वाणीकोट भीटी थाना कोतवाली मऊ के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मुअसं 118/23 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त अपराधिक गैंग डी-14 का गैंग लीडर है जिसके विरूद्ध थाना कोतवाली पर कुल 11 अभियोग पंजीकृत है।

पुस्तकें मिलते ही खिले बच्चों के चेहरे

घोसी, मऊ। शिक्षा क्षेत्र घोसी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली में शैक्षिक सत्र 2023-24 के प्रारम्भ होने के प्रथम दिन में ही स्कूल चलो अभियान को गति देते हुए उपस्थित सभी बच्चों को निःशुल्क पुस्तक वितरण प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती द्वारा किया गया। पुस्तकें मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल गए और खुशी पूर्वक नयी उमंग और नए उत्साह के साथ अपने सपने सजोने में लग गए। आज पहले ही दिन 35 बच्चों ने प्रवेश लिया। इस अवसर पर डॉ. रामविलास भारती ने कहा कि पुस्तकें हमारी सबसे शांत, सदाबहार एवं वफादार दोस्त होती है, जो वास्तव में संचित ज्ञान का जलता हुआ दीपक है। जिसके आधार पर हम दुनियां को समझ सकते हैं और उसे बदलने में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकते हैं। हमें स्वयं एवं बच्चों में पढ़ने की आदत डालनी होगी। तभी शतप्रतिशत शिक्षित एवं प्रबुद्ध व समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं। डॉ. भारती ने आगे कहा कि उसी प्रकार जिस प्रकार से किसी भी भवन के निर्माण में मजबूत नींव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, यह अलग बात है कि जिसे न हम देख सकते हैं और न ही उसे छू सकते हैं। जिससे कि आज के बच्चे बेहतर कल का निर्माण करते हुए लोकहित में अपेक्षाओं के अनुरूप जिन्दगी की बहु मंजिला भवन बना सकें। मौके पर कमलेश राय, ललित राहुल, विद्यालय ममता साहनी, संतोष कुमार, करुणा निधि आदि उपस्थित रहे।

भाजपा के नव मनोनीत क्षेत्रीय अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

सम्मान

सरकार जन आकांक्षाओं के अनरूप कर रही है कार्य : सहजानन्द राय

दोहरीघाट, मऊ। भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के नव मनोनीत क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर जनपद की सीमा दोहरीघाट के घाघरा पुल पुर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया ढोल नगाड़ो के साथ फूल मालाओं से लाद कर उल्लासपूर्ण माहौल में भव्य स्वागत किया।

उक्त अवसर पर आयोजित स्वागत सभा मे उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए नव मनोनीत क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय ने कहा कि भाजपा एक परिवार है यहा सब लोग एक समान है कुशल नेतृत्व व अनुशासित कार्यकर्त ही भाजपा की पहचान है यहा बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हो सकता हैं उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं उनके सम्मान से ही पार्टी किसी भी मिशन में सफलता पर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि

देश व प्रदेश सरकार जन आकांक्षाओं के अनरूप कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं का आहवाहन करते हुए कहा आगामी नगर निकायों के चुनाव में भाजपा का परचम लहराने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सरकार के किये गये जनकल्याण के कार्यो को जन जन तक पहुंचाना होगा। मौके पर भाजपा उपाध्यक्ष सन्तोष, विधायक रामबेलाश चैहान, अखिलेश तिवारी, मनोज, दुर्ग विजय, उत्तपल राय, टुनटुन राय, राजू राय, हेमन्त कुमार, विकास वर्मा, रामअधीन, विनय जयसवाल, पंकज गुप्ता, पप्पू गुप्ता, श्रीकांत श्रीवास्तव, गुलाब गुप्ता आदि लोग रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत सरायपोही, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 11.04.2023 समय दोपहर 12:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(रीता यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. सरायपोही, वि.खं. रानीकीसराय आजमगढ
(पारसनाथ चौहान) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. सरायपोही, वि.खं. रानीकीसराय आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत डोडोपुर, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 11.04.2023 समय अपरान्ह 03:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(गुलाबी मौर्य) ग्राम प्रधान ग्रा.पं.डोडोपुर, वि.खं. रानीकीसराय आजमगढ
(पारसनाथ चौहान) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं.डोडोपुर, वि.खं. रानीकीसराय आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत नदौली, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपरान्ह 03:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(श्वेता) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. नदौली, वि.खं. रानीकीसराय आजमगढ
(पारसनाथ चौहान) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. नदौली, वि.खं. रानीकीसराय आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत तेरही वि0ख0 महराजगंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय सुबह 11:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(ओमप्रकाश) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. तेरही, वि.खं. महराजगंज आजमगढ
(नवनीत यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. तेरही, वि.खं. महराजगंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत सोनापुर, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय सुबह 10:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 01.04.2023

(मंशा यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. सोनापुर, वि.खं. जहानागंज आजमगढ
(श्रीराम) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. सोनापुर, वि.खं. जहानागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत कोल्हूखोर, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी)

बेमौसम बारिश से किसान तबाह

भुखमरी की नौबत

गेहूं की खड़ी फसल बर्बाद मुआवजे की मांग

रिमझिम बारिश से भीगते हुए जाती युवतियां

गाजीपुर। बेमौसम हुई बरसात से किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर फसल खराब हो गई है। बारिश के कारण खेतों में गेहूं की फसल गिर चुकी है खेतों में पानी भरने के कारण गेहूं की फसल खराब हो रही है। वही खेतों में खड़ी गेहूं की पकी फसल खराब होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है वही छोटे किसानों के आगे भुखमरी के हालात पैदा हो रहे हैं।

किसानों ने सरकार से खराब फसल का सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है। गेहूं की फसल खराब होने से गेहूं की कीमतों में बढ़ावा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। किसानों को मौसमी फसलों जैसे चना, सरसों, आलू, मटर में भी काफी नुकसान हुआ था, किसानों की उम्मीद गेहूं की फसल से जुड़ी हुई थी परंतु अब गेहूं फसल को भी बारिश ने नुकसान पहुंचाया है।

जिले में बीती रात हुई बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। गेहूं और सरसों की फसल खराब हो गई। किसानों का दावा है कि बेमौसम बारिश से उनकी गेहूं की खड़ी फसल 40 से 50 प्रतिशत तक खराब हो गई हैं। किसानों ने सरकार के मुआवजे की मांग की है। किसानों ने कहा कि बेमौसम बारिश से उनपर दोहरी मार पड़ी है। एक तरफ उनकी गेहूं और सरसों की फसल खराब हो गई है तो दूसरी तरफ सब्जियों की फसल को भी नुकसान हुआ है।

किसानों के मुताबिक खेतों में गेहूं की खड़ी फसल गिरने से पैदावार पर असर पड़ेगा। मंडी में उन्हें अच्छा भाव नहीं मिलेगा। वहीं कटाई के वक्त भी दाना नीचे गिर जाएगा। अगर सरकार ने उनकी मदद नहीं की तो आर्थिक रूप से किसान काफी पिछड़ जाएंगे। किसानों का कहना है कि वो छह महीने तक फसल को बच्चों की तरह पालते हैं। अचानक मौसम की मार से फसल बर्बाद हो जाती है। किसानों ने कहा कि यदि सरकार किसानों को बचाना चाहती है, तो उन्हें उनके नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों का कहना है कि इस फसल पर ही उनका पूरा परिवार आधारित था। इस फसल के भरोसे किसी को बच्चों की शादी करानी थी, तो किसी को मकान बनाना था, लेकिन अब उनकी सारी उम्मीदें पानी में बह गई है।

धड़ल्ले से चल रहा नशीली दवाओं का कारोबार

सफलता

नारकोटिक्स विभाग ने करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा की नशीली दवाएं किया जब्त

जनसंदेश न्यूज

सुहवल। थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गावों में प्रतिबंधित नशीली दवाओं का कारोबार काफी तेजी से फलफूल रहा है। इसमें लिप्त तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर दूसरे राज्यों व गैर जनपदों से इन नशीली दवाओं को लाकर यहां सप्लाई की जा रही है। बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई न किया जाना आश्चर्य की बात है।

बतादें, आठ महीनें के अंदर नारकोटिक्स विभाग ने करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा की नशीली दवाएं जप्त करने के साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है ,इस कारोबार में संलिप्त लोगों व उनके रैकेट को समाप्त करने के साथ ही इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ ही इस अवैध कारोबार के जरिए अर्जित किए चल व अचल सम्पत्ति को सीज की जाए। उनके खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत भी कानूनी शिकंजा कसा जाए। ताकि इस तरह के धंधे पर रोक लगाई जा सके।

लोगों ने बताया कि इसके चलते ही क्षेत्र में नशीली दवाओं व सुई के सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है,जिनमें अधिकतर युवा वर्ग के लोग शामिल है।जो इस जहरीले नशा के आदि होते जा रहे। ऐसे में समाज व परिवार के लिए बड़ा खतरा है। लोगों का तो यहाँ तक कहना है कि इस तरह का धंधा बिना पुलिस के मिली भगत से सम्भव ही नहीं।

लोगों ने बताया कि कभी यह इलाका हीरोइन व गांजे के लिए कारोबार के लिए विख्यात था अब उसकी जगह प्रतिबन्धित नशीली सुई व दवाओं ने ले लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस धंधे में लिप्त लोगों का संम्बध अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ने शातिर तस्करों से है।

संक्षेप

डांट से नाराज लड़की ने लगाई गंगा में छलांग

सैदपुर। नगर के रौजा द्वार निवासिनी युवती ने परिजनों की डांट से नाराज होकर गंगा नदी पर बने पुल से छलांग लगा दी। संयोग अच्छा था कि वहां मौजूद मछुआरों ने तत्काल उसे निकालकर उसकी जान बचा ली। लेकिन कई फीट ऊंचाई से कूदने के कारण उसे गम्भीर चोट आई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज लालबहादुर सिंह ने महिला कांस्टेबल की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से गम्भीर हाल में रेफर कर दिया गया। रौजा द्वार निवासिनी 18 वर्षीय नूरसबा पुत्री सैफुद्दीन को परिजनों ने किसी बात पर डांट दिया। उनकी डांट से आहत होकर वो पुल पर पहुंची और वहां से सीधे गंगा नदी में छलांग लगा दी। वहां मौजूद मछुआरों ने उसे बचा लिया। उसे सीएचसी लाया गया, लेकिन कई गम्भीर चोटों के बाद उसे रेफर कर दिया गया।

सोनवल स्टेशनः एफओबी फाउंडेशन की गार्डर लाचिंग

सुहवल। नवनिर्मित सोनवल स्टेशन एफओबी के फाउंडेशन पर गार्डर लाचिंग का काम महकमें एवं इंजीनियरों द्वारा सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे किया गया। कार्यदायी संस्था को चार घंटे का ब्लाक रेलवे की ओर से मिला था। मालूम हो कि यह पैदल उपरगामी पुल करीब चालीस मीटर लंम्बा व तीन मीटर चौड़ा है। इसकी लागत करीब डेढ़ करोड़ है। यह रेल लेवल से करीब छह मीटर ऊंचा है। इसके एक गार्डर का वजन करीब 27 टन है। जिसके लिफ्टिंग के लिए महाराष्ट्र से एक दो सौ टन की स्पेशल क्रेन रेलवे के द्वारा मगाईं गई थी। इसके सफलतापूर्वक लांचिग पूरा होने के बाद अब इसके सीढ़ी बनाए जाने के लिए स्टील का इरेक्शन शुरू हो गया है,जिसके बाद सबसे उपर स्लैब को शिफ्ट करने का कार्य किया जायेगा। बतादें, एफओबी का निर्माण पिछले वर्ष से चल रहा था। वर्तमान समय में पूरे स्टेशन का करीब 97 फीसदी काम हो चुका है। यहां करीब करोड़ो की लागत से बनने वाली दो इमारतों का निर्माण कार्य भी अब अंतिम चरण में है। चार करोड़ की लागत से रिले,पैनल व बैट्री कक्षों में आधुनिक मशीनों के भी लगाने का काम पूरा हो चुका है। इनके टेस्टिंग का कार्य विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद ट्रेनों का संचालन परियोजना के शुभारंम्भ होते ही कंम्पयूटराइज्ड तरीके से होने लगेगा। आरबीएनएल पीडी जीवेश ठाकुर ने बताया कि यह परियोजना अंतिम पड़ाव की ओर है। पहले चरण की परियोजन जल्द ही पीएम द्वारा राष्ट्र को समर्पित की जा सकती है। इस अवसर पर मैनेजर पीके सिंह, रितेश सिंह, जीपीटी अश्वनी कुमार,हिमांशू राय, गौतम सरकार,आशुतोष, भपेश्वर, चंदन,निखिल,पुनीत व मनोज थप्याल आदि मौजूद रहे।

घर के बाहर बंधी दो भैंस चोरी

सैदपुर। थानाक्षेत्र के मण्डपा स्थित सम्मनपुर नेवादा में बीती रात चोरों ने ज्ञानेन्द्र यादव उर्फ गुदरी के घर के बाहर बंधी दो भैंसों को चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ितों ने काफी ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन न पता चला तो थाने में तहरीर दी। पीड़ित की करीब 70 हजार कीमत की दो भैंस घर के बाहर बंधी थी। रात में चोरों ने दोनों को गायब कर दिया। पीड़ितों ने भितरी चौकी पर मामले की तहरीर दी है। बता दें कि महज 6 माह के अंदर आसपास के गांव से दर्जनों मवेशियों की चोरी हो चुकी है। जिसके चलते पशुपालकों में डर का माहौल है। हालांकि पुलिस कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका है।

सरजू पांडेय पार्क में आम आदमी पार्टी ने दिया धरना

गाजीपुर। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने कोविड काल की फीस माफी को लेकर सरजू पांडेय पार्क में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी मांग` राजपत्रित अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी ने मांग किया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 16 जनवरी के आदेश में निजी विद्यालयों को कोविड कॉल के दौरान अभिभावकों से वसूली गई 15 फीसदी फीस वापस करनी थी। लेकिन कालेज प्रशासन फीस वापसी में हिलाहवाली कर रहा है। जिला प्रभारी रामेश्वरी सोनकर और जिलाध्यक्ष विवेक राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा अधिकार के मौलिक अधिकार व 25 फीसदी गरीब बच्चों को पढ़ाने का अधिकार आरटीई का हनन कर रही है। जिला उपाध्यक्ष जावेद अहमद ने कहा कि सरकार हमें सभी अधिकार से वंचित कर हमें अधिकार विहीन बनाना चाहती है ताकि हम आवाज न उठा सकें। उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मोर्य ने कहा कि सरकार यदि न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करती है तो आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर आंदोलन को बाध्य होगी। उसकी पूरी जिम्मेदरी शासन और प्रशासन की होगी। सचिव भरत यादव ने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के साथ शोषण कर रही है। इस अवसर पर पवन गुप्ता, साजिद , प्रदीप पाल, नागेन्द्र यादव, इमरान खान आदि उपस्थित थे।

शादी का झांसा देकर किशोरी से यौन शोषण

बयान दर्ज

पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवक की खोजबीन में जुटी

सुहवल। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी से शादी का झांसा देकर पड़ोसी युवक द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित परिजनों के तहरीर के आधार पर पुलिस युवक के खिलाफ दुष्कर्म व पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी के परिजनों पर गाली गलौज, धमकी व मारपीट का मुकदमा भी दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़ित किशोरी के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद मेडिकल परीक्षण के लिए भेंज दिया है।

पीड़ित किशोरी के पिता ने पुलिस को दिए गये तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री अपने घर से बगीचे में जा रही थी। इस बीच बगल का ही युवक उसे बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने बताया कि काफी देर तक उसकी पुत्री घर नहीं पहुंची। इसके बाद उसकी खोजबीन की जा रही थी। उसी समय पुत्री उसके घर की ओर से रोते विलखते हुए आते दिखाई दी।

किसी तरह उसे घर लेकर वह पहुंचा। पिता ने बताया कि उसकी पुत्री ने बताया कि युवक उसे बहला फुसलाकर कर शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया। जिसके बाद पिता जब अपनी लड़की व अन्य परिजनों के साथ आरोपी युवक के घर पहुंचा तो शादी करने से इंकार करते हुए सभी गाली गलौज ,मारपीट व धमकी देने लगे।

पिता ने बताया कि वह किसी तरह वहाँ से भागकर सीधे थाने पहुंचा। आरोपी व उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी थानाध्यक्ष रामबाबू ने बताया कि पीड़ित परिजनों के तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

फोन से बात करते युवक पर गिरी बिजली, मौत

मनिहारी। जंगीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर जीवन गांव में आकाशीय बिजली गिरने से ननिहाल में आए युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिरनो थाना क्षेत्र के बद्धुपुर गांव निवासी सोनू (21)पुत्र सतेन्द्र राम जंगीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर जीवन गांव में इन्द्रदेव राम के घर अपने ननिहाल आया हुआ था। शुक्रवार की देर रात्रि मौसम खराब होने पर वह झोपड़ी में बैठकर मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। उसी समय आकाशीय बिजली ईंट की कच्ची दीवार पर गिरी और सोनू को अपने चपेट में ले लिया। परिजनों के मुताबिक आकाशीय बिजली में इतनी तड़क थी कि वह आग की गोला जैसे दीवार पर चमक के साथ गिरी। जिसके बाद दीवार सहित सोनू को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना परिजनों ने उपजिलाधिकारी जखनियां आशुतोष श्रीवास्तव और पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने कहा कि आपदा राहत कोष के तहत पीड़ित परिवार को मदद की जाएगी।

बिजली विभाग की मनमानी से जनता परेशान

समस्या

वाराणसी से आते जाते हैं सहायक अभियंता

दिलदारनगर। बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी से जनता परेशान है। अधिकारी अपने कार्यालय पर सप्ताह में दो से तीन दिन ही मिलते है। वह भी शाम पांच बजते ही अपने घर को रवाना हो जाते है। इसके बाद बिजली में कोई फाल्ट हुआ तो वह राम भरोसे ही रहता है। रात भर जनता को अंधेरे में ही बिताना पड़ता है। शिकायत के बाद या तो उनकी चेकिंग हो जाती है या नजरअंदाज कर दिया जाता है। बिजली विभाग के अधिकारी की मनमानी को लेकर जनता में भारी आक्रोश है।

विद्युत वितरण खंड चतुर्थ जमानियां के अंतर्गत उपखंड कार्यालय दिलदारनगर के सहायक अभियंता हफ्ते में दो से तीन दिन ही कार्यालय पहुंचते है। वो भी दोपहर में और शाम पांच बजे तक अपने निवास स्थान वाराणसी चले जाते है। आम जनता अपने गलत बिलों सहित तमाम शिकायत लेकर ऑफिस का चक्कर लगाते फिरते हैं। वहीं क्षेत्र में मनमाने तरीके से बिजली कटौती होती रहती है। जिससे जनता परेशान रहती है। समय से फॉल्ट दुरुस्त नही हो पाता है। कोई यहां पर जिम्मेदार अधिकारी जवाबदेही के लिए जनता के सामने मौजूद नहीं रहता है।

एसडीओ साहब का अपना जमाना, जब चाहे आना जाना

एसडीओ कमलेश प्रजापति अपने उपखंड कार्यालय में समय से उपस्थित नही रहते हैं। सप्ताह में सिर्फ दो से तीन दिन ही कार्यालय में उपस्थित रहते हैं। आम लोगों की शिकायत है कि अधिकारी जब चाहे आते है और चले जाते है। ग्रामीणों के मुताबिक शाम पांच बजते ही साहब ट्रेन पकड़कर वाराणसी अपने घर चले जाते हैं। इधर अगर क्षेत्र में रात्रि के समय अगर लाइट ब्रेक डाउन होती हैं तो कोई बनवाने के लिए उच्चाधिकारी नही रहता है।

मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां

सीएम योगी आदित्यनाथ का सख्त आदेश है कि कोई भी अधिकारी अपना-अपना एरिया छोड़कर कही निवास नही करेगा। समय से दफ्तर प्रतिदिन आएगा। मगर यहां के एसडीओ साहब तो सरकार के निर्देशों का पलीता लगा रहें है। इनके जगह इनकी कुर्सी की देखभाल बड़का बाबू ही करते हैं। बिल रिवीजन से लेकर विभागीय कार्य तक सब सरकारी कागज पर प्रतिदिन का रिपोर्ट बनाकर सही-सही भेजकर सरकार को पलीता लगाया जाता है।

सीएम योगी ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ

जनसंदेश न्यूज

जिला पंचायत सभागार में छात्रों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष और सीडीओ व बेसिक शिक्षा अधिकारी ।

गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया। जिसका सजीव प्रसारण परिषदीय विद्यालयों के बच्चों,अध्यापको व आशा, आंगनबाड़ी, एनएम एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों के बीच जिला पंचायत सभागार में किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सीडीओ और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभियान के तहत कंपोजिट विद्यालय सुभाष नगर व कंपोजिट विद्यालय विशेवशवरगंज के पांच बच्चों का नामांकन प्रवेश फॉर्म भर कर निःशुल्क पाठ्य पुस्तके वितरित की। कार्यक्रम के अंत में शैक्षिक सत्र 2023-24 की स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण रैली का शुभारम्भ जिला पंचायत सभागार से मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा के आपसी समन्वय से किसी भी देश को विकास के मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य रहे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी,कोषाधिकारी ,खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता, अदनान,अश्वनी, अनुपम, सुशील गुप्ता, श्रीकांत आदि लोग उपस्थित थे। संचालन डॉ दुर्गेश प्रताप सिंह ने किया।

जिले में रिकार्डतोड़ होगा छात्रों का नामांकन

जिला बेसिक शिक्षा हेमंत राव ने कहा कि जिस तरह पिछले शैक्षिक सत्र में शासन द्वारा निर्धारित किये गए लक्ष्य 62389 के सापेक्ष 91785 बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराकर पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान प्राप्त किया था। उसी प्रकार इस नवीन शैक्षिक सत्र में भी लक्ष्य से अधिक 6 से 14आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराकर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए बेसिक विभाग गाजीपुर कटिबद्ध है। इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई गई है। जिसको खण्ड शिक्षा अधिकारियों,अध्यापकों की सहायता से धरातल पर उतार कर प्रदेश में सबसे अधिक नामांकन कराकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करेगा।

बच्चों को शिक्षित करने के लिए किया जागरूक

सेवराई। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय के नौनिहालों ने जागरूकता रैली निकालकर सब बढ़े सब पढ़े नारे के साथ अधिक से अधिक बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में दाखिला करा कर शिक्षित करने के लिए जागरूक किया। सेवराई तहसील क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय भदौरा व प्राथमिक विद्यालय ब्रह्मस्थान के नौनिहालों ने सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली । विद्यालय के बच्चे हाथों में नारे लिखा तख्तियां लिए जागरूक कर रहे थे । साथ ही विद्यालय के शिक्षक भी रैली में साथ साथ बच्चों का मनोबल बढ़ा रहे थे ।बच्चे आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे आदि नारे लगा रहे थे । गांव के गलियों में घूमते हुए नौनिहाल अभिभावकों व बच्चों को जागरूक कर रहे थे । इस मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह ,सुनील सिंह ,विनोद सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे ।

आधी रोटी खायेंगे स्कूल पढ़ने जायेंगे

भावरकोल। विकास खंड क्षेत्र में प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी शिक्षा योजना सर्व शिक्षा अभियान के तहत विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल चलों अभियान चलाया गया। नये सत्र के पहले दिन विद्यालयों से निकलकर गांव के विभिन्न गलियों व सार्वजनिक स्थानों से भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालयों के प्रांगण में आकर समाप्त हुआ। अभियान के तहत जुलूस निकाला गया। जुलूस में शिक्षा संबंधित प्रेरणादायक आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जायेंगे,लडका लडकी एक समान, सड़कों शिक्षा,सबको काम और बेटी पढ़ें बेटी बढ़े जैसे इत्यादि नारे तख्तियों पर लिख कर बच्चे चल रहे थे। प्राथमिक विद्यालय नकटीकोल में प्रधानाचार्य विनोद कुमार के नेतृत्व में गुलाब यादव, अश्विनी सिंह, अरुण कुमार,रेहाना खातून आदि सहायक अध्यापकों एवं गांव के मानिन्द लोगों की उपस्थिति में छात्र छात्राओं का जूलुस निकाला गया। वहीं कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

मुक्कमल कुरान की तरावीह खत्म, सुरेतरावीह की शुरूआत

गाजीपुर। कपूरपुर शहरी कोतवाली गेट के सामने बाबा कटरा मस्जिद चांद की आठ रमजान को तरावीह खत्म की गई। पेस इमाम नोमान कादरी ने बताया की रमजान का चांद दिखते ही तरावीह की नमाज शुरू कर दी जाती है, लगातार चांद देख कर तरावीह की नमाज शुरू की जाती है। ईशा की नमाज के बाद हर रोज यह तरावीह पढ़ी जाती है। रमजान को पाक महीना माना जाता है। इस्लामिक तारीख के सभी महीनों में रमजान को सबसे खास माना गया है। इस पूरे महीने रोजे रखे जाते हैं। पांच वक्त की नमाज पढ़ी जाती है और फितरा व जकात अदा की जाती है। इस पूरे महीने मुसलमान अपनी हर चाहतों पर काबू कर सिर्फ इबादत करते हैं। इस पूरे महीने पांच वक्त की नमाज तो पढ़ी ही जाती है, साथ ही तरावीह की नमाज को सबसे ज्यादा तरजीह दी गई है। उन्होंने कहा कि मुकद्दस महीने रमजान के चांद को देखकर तरावीह की नमाज शुरू की जाती है। मदरसे में आज 6 रमजान और सातवीं तरावीह की नमाज पूरी हो गई है। कहा कि मस्जिदों और घरों में नमाज कायम रखना बहुत जरूरी है क्योंकि इस पूरे महीने में अल्लाह की रहमत बरसती रहती है। आप किसी के साथ अगर एक नेकी करोगे तो उसके बदले में अल्लाह 70 नेकियों का सवाब आपको देगा।

सैदपुर सहकारी संघ पर संजय सिंह का दबदबा निर्विरोध सभापति बने सत्यप्रकाश

सैदपुर। नगर के सैदपुर सहकारी संघ सैदपुर में सभापति, उपसभापति व विभिन्न समितियों के सदस्य पद पर चुनाव कराया गया। चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिंह की देखरेख में निर्विरोध रूप से सत्यप्रकाश सिंह को सभापति व अजय यादव को उपसभापति चुना गया। इसके साथ ही हाफेड निदेशक संजय सिंह का एक तरह से कब्जा लगातार 19वें साल में भी बरकरार रहा। बतादें, संजय सिंह खुद भी 2005 से 2013 तक सभापति रहे थे। वहीं 2013 से 2018 तक उनके पिता ब्रह्मदेव सिंह सभापति रहे। इसके बाद अब सत्यप्रकाश सिंह के चुने जाने के बाद संजय सिंह का दबदबा बरकरार रहा है। चुनाव स्थल पर हाफेड निदेशक संजय सिंह, किसान सेवा सहकारी समिति सैदपुर के अध्यक्ष हवलदार सिंह, उचौरी के अध्यक्ष रामबदन यादव, क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष सूर्यनाथ यादव, खानपुर के निदेशक तहसीलदार सिंह, राम नवल यादव पूर्व एमएलसी डॉ विजय यादव, अनिल सिंह, अभय सिंह, विनय सिंह, पप्पू निषाद, साधना पटवा, मधु सिंह, विनोद प्रजापति, बाबूराम, कमेंद्र सिंह आदि रहे।

जवान की बार्डर पर ड्यूटी के दौरान मौत

नगसर। क्षेत्र के नेवाजू राय गांव निवासी सेना में हवलदार आलमशेर खान की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। आलमशेर सिक्किम बार्डर पर तैनात था। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में लोग अभी शव का इंतजार कर रहें है। खबर लिखे जाने तक जवान का शव नहीं आया है। नवाजू राय गांव निवासी आलमशेर खान (40) सेना में 2002 में भर्ती हुए थे। वह वर्तमान समय में पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम बार्डर पर आठ राजपूताना राइफल्स यूनिट में हवलदार के पद पर तैनात थे। गुरूवार को सिक्किम बार्डर पर ड्यूटी दे रहे थे। इस बीच उन्हें अचानक गस्त आ गया और वह जमीन पर गिर पड़े। बेहोशी के हालत में प्लाटून के जवान सेना अस्पताल में भर्ती कराएं, जहां उनका इलाज के दौरान मौत हो गया। सेना के अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना की जानकारी परिजनों को भी दे दी गई। पत्नी अख्तरी खातून, मां सलमा सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जवान के मौत के बाद गांव और क्षेत्र के लोगों का उनके घर सांत्वना देने का ताता लगा हुआ है।

भाजपा दलितों और पिछड़ों का खत्म करना चाहती है आरक्षण

कार्यक्रम

संविधान बचाओ-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में बंशीबाजार स्थित एक पैलेस में संविधान बचाओं-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने भाजपा सरकार को दलितों -पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब का संविधान बदलने का षड्यंत्र कर रही है। यह सरकार दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करना चाहती है। सभी लोगों को एकजुट होकर भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया, नेता मुलायम सिंह यादव के रास्ते पर चलकर दलितों-पिछड़ों के हक की लड़ाई लगातार लड़ रही है और उसी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए सपा लगातार केन्द्र और प्रदेश सरकार से जातीय जनगणना कराने की मांग को लेकर संघर्ष छेड़ रखी है। कार्यक्रम में राजेश कुशवाहा, सुजीत सोनकर, पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, रामधारी यादव, सुदर्शन यादव, ओपी भारती, डॉ नन्हकू यादव, मदन सिंह यादव, आलोक राम, पूजा गौतम, अशोक कुमार बिंद, डॉ सीमा यादव, आशा यादव,सदानंद कन्नौजिया, सिंकदर कन्नौजिया, निजामुद्दीन खां, अरुण श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

समाजवादी आंदोलन व्यवस्था परिवर्तन और सामाजिक न्याय की लड़ाई

विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद जगदीश कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता तीनों एक दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान भाजपा सरकार इन तीनों पर लगातार हमला कर रही है। हमें लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों को अपने संघर्ष डॉ भीमराव अम्बेडकर, डॉ लोहिया और नेता मुलायम सिंह के बताये रास्ते पर चलकर इनका मजबूती से जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी आंदोलन व्यवस्था परिवर्तन और सामाजिक न्याय की लड़ाई है।

गंभीर परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा देश

विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने कहा कि आज देश गंभीर परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। इस देश का लोकतंत्र, संविधान और देश का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप खतरे में है। यह सरकार पूरी तरह से तानाशाही के रास्ते पर चलकर देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है।

चुनाव आते ही भाजपा का जागता है पिछड़ा प्रेम

जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का अतिपिछड़ा प्रेम मात्र दिखावा है। इसने हमेशा दलितों और पिछड़ों को छलने का काम किया है। जब चुनाव नजदीक आता है तो भाजपा का पिछड़ा प्रेम जगता है।

गेहूं की बिक्री के लिए किसान करें ऑनलाइन पंजीकरण

जमानियां । प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं खरीद वर्ष 2023-24 के लिये गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति कुन्तल घोषित किये जाने के बाद जिला प्रशासन द्वारा जिले में गेहूं खरीद की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एक अप्रैल से गेहूं खरीद करने के लिए क्षेत्र के ग्राम हेतिमपुर स्थित राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र पर पर्याप्त बोरा सहित अन्य सभी व्यवस्था पूरी कर ली गई। खरीद 1 अप्रैल से 15 जून तक होगी।

क्षेत्र में अभी गेहूं की कटाई व मड़ाई शुरू न होने से केन्द्र पर गेहूं का आवक शुरू नहीं हो सका। जिससे केन्द्र अभी सूना-सूना लग रहा था। राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारी आशुतोष चौरसिया ने बताया कि गेहूँ की विक्री के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण करना आवश्यक है।

कृषक का बैक खाता आधार से जुड़ा होना चाहिए। गेहूँ लाने वाले किसानों को विक्री करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

संचारी अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे हैं सीएम

कम्पोजिट विद्यालय मरदह से निकली संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली

कार्यक्रम

संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल और दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा

मरदह। शासन के आदेश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल और दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा। जिसके क्रम में शनिवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने ब्लाक संसाधन केंद्र से शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हरी झंडी दिखाकर रैली के माध्यम से शुभारंभ किया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि संचारी अभियान की मानिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये 11 विभागों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में मच्छरों से होने वाली बीमारियों मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू , चिकनगुनिया और मष्तिष्क ज्वर पर प्रभावी नियंत्रण और लोगों में इन बीमारियों के लिये जन जागरूकता लाने का कार्य किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की आशा हर घर दस्तक अभियान में 17 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच घर-घर जायेंगी और बुखार के रोगियों को चिन्हित कर उनकी सूची बनाएंगी। अभियान शुरू होने का फायदा पूरे ब्लाक को मिलेगा इससे ब्लाक में भी परिवर्तन होगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ सफाई और रोग नियंत्रण आदि के बारे में जानकारी दी। अंत में संचारी रोग नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा शपथ भी दिलवाई गई। मौके पर ब्लाक प्रमुख सीता सिंह, शशीप्रकाश सिंह, एडीओ पंचायत नवीन सिंह,नीरज सिंह, आर.एफ.गोप, रियाज सुल्तान, राजेश चौबे, राजेश भारती, धर्मेंद्र कुमार सिंह मंटू आदि मौजूद रहे।

इनकार

श्रीप्रकाश शुक्ल

जो आंख से नहीं फांक से झांकते हैं
वे मानते हैं कि उनके ठीक सामने
जो दमकता हुआ विशाल जनपद दिख रहा है
और जहां रोज ही कुछ न कुछ नया रचा जा रहा है
वहां उनके लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है
उनका झांकना यूं तो आरम्भ होता है
इस परिसर में एक तनी हुई गर्दन के विशाल रचनात्मक तंतुओं को समझने से
उसकी अंतर्निहित गति की समीक्षा करने से
लेकिन झाँकते झांकते उनका मन खनकने लगता है
जिसमें किस्तों व कष्टों में वह दृश्य
एक बड़े भूगोल के रूप में उनके भीतर चहकने लगता है
जिसे वर्षों से दहकती हुई उनकी सामंती आत्मा
मानने से इनकार करती है !
यह वही इनकार है जो धीरे धीरे इकरार में बदलने लगता है
जहां उनका बुनियादी संघर्ष उनकी अपनी ही दबी इच्छाओं से होता है
जिसमें एक पूरी संस्कृति अपने समूचे जन के साथ आलोकित हो रही होती है
इच्छाएं बड़ी होने लगती हैं
और उनका इनकार भी उतना ही बड़ा होता जाता है
एक दिन उनका यह झांकना
उनके आकर्षण व इनकार में फंस जाता है
और वे अपनी ही दबी इच्छाओं में फंसते हुए
इनकार में छटपटाने लगते हैं!

जनसंपादकीय

पीड़ाओं का दस्तावेज हैं उमेश पंकज की रचनाएँ

प्रद्युम्न कुमार सिंह

उमेश पंकज यद्यपि अपने प्रौढ़ावस्था में पहुँच चुके हैं किन्तु आज भी सृजनरत हैं। आज के कठिन समय में उमेश पंकज ने अपने आप को सच्चे योद्धा के तौर पर प्रस्तुत किया है। उन्होंने कोलकाता के तमाम संगठनों में शान्तिपूर्ण ढंग से काम किया, पत्रिकाएं निकाली, अखबारों से जुड़े रहे। यही उनके कवि का जीवन स्त्रोत है। जीवन के साठ बसन्त देख चुका इस कवि की यन्त्रणा और संस्कृतिक अलगाव, विस्थापन, अवमूल्यन, प्रकृति चित्र, उपादान, आत्मप्रक्षेपण, आत्मविस्तार व आत्मसंघर्ष से युक्त रचनाएं मनुष्य के भीतरी एवं वाह्य अन्तर द्वन्द्वों के बीच संतुलन स्थापित करती हैं। उमेश पंकज का खांटी अंदाज किसी को भी आश्चर्य में डालने के लिए पर्याप्त है। कई लोग आरोप भी मढ़ सकते हैं कि आखिर इतने वर्षों तक उनका सृजन प्रकाश में क्यों नहीं आ सका। इसमें इतना अधीर होने वाली कोई बात नहीं है। उन्होने अपनी कविताओं का प्रकाशन अपने जीवन के साठवें वर्ष पर करवाया, इसके पीछे क्या कारण रहा, यह तो वही बता सकते हैं

किन्तु मात्र दो वर्ष के अन्तराल में ही उनका दूसरा काव्य संग्रह 'जो मुट्ठी में है' लोकोदय प्रकाशन लखनऊ से प्रकाशित हुआ। इसके प्रथम खण्ड में कोरोना काल के त्रासदी से सम्बधित रचनाएं है तो द्वितीय खण्ड में 1976 से लेकर 1980-1981 के मध्य की रचनाएं सम्मिलित हैं। उमेश पंकज नव अवधारणाओं के माध्यम से अपनी कविता का वितान तानते है। वर्ग संघर्ष की अनिवार्यता और उससे उत्पन्न यथार्थ की प्रतिध्वनि उनकी रचनाओं में परिलक्षित होती है। उनकी नागरिक कविता को देखिये, 'जज नागरिक के बीच/ एक विभाजक रेखा/ मानवीय मूल्यों को काटते हुए/ एक तिर्यक बनाती है/ जिसमें संवेदना/ कैद होकर छटपटाती है और/ कानूनी भाषा की डोर से/ बंधा ज्ञान/हवा में मुट्ठी भांजता है।'

उमेश पंकज निर्भीकता के साथ अपनी बात रखते हैं। वह अपने कवि कर्म के प्रति सजग हैं। संकट के समय सत्ता की खलीफागीरी की भी वह जोरदार शब्दों में भर्त्सना करते हैं। उनकी कविता 'अपना जूता बना लो' की निम्न पंक्तियाँ उनके इस उद्?घोष की दास्तां बयां करती है, 'तुम्हारे दर्द से मैं दुःखी हूँ/ लेकिन ज्यादा दुःखी इस बात से हूँ/ कि इस लाकडाउन के महासंकट में/ तुम्हारे लिए किसी रेल की व्यवस्था नहीं करा सकता/ कि एक कवि की औकात ही कितनी ?/ हाँ तुम्हारे दुःख में लिपटी कविताएँ/ लगातार लिख रहा हूँ।' बेशर्मी नामक कविता में वे धीरे-धीरे खत्म होती जा रही संवेदनाओं के प्रति जागरूक नागरिक की तरह अपनी भूमिका का निर्वहन करते नजर आते हैं' वे सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग द्वारा जनता के बीच पहुँचायी जा रही झूठी सूचनाओं की भयावहता की पोल खोलने में किसी प्रकार का परहेज नहीं करते। इसके लिए वे मीडिया को भी जिम्मेदार बताते हैं । इंसान की खुदगर्जी को व्यक्त करती पंक्तियाँ -'हमारी संवेदनाओं के स्त्रोत कहाँ कहाँ सूख गए / और हम कितने खुदगर्ज और बेशर्म हो गए / और यह भी कि हमारी खुदगर्जी और बेशर्मी / हमे किस कटीले गड्हे में ले जायेगी।' कवि को प्रसन्नता है कि इतना सब होने के बाद भी मनुष्य का हौसला अभी बचा हुआ है। वह उन सारी बाधाओं को पार कर विजित होगा यही बात उन्हे आश्वस्त करती है,'लड़ रहा हूँ लगातार / जिंदगी दाँव पर है / झोंक रहा हूँ दवा की गोलियाँ / हौशला बचा हुआ है मुश्किल वक्त है, पार हो जायेगा।'

एक जागरुक नागरिक की भाँति उमेश पंकज किसानों के साथ साहस और एकजुटता के साथ खड़े मिलते हैं। वे कहते हैं कि जिस तरह किसान सरपत जैसे जिद्दी खरपतवारों को अपने खेतों से उखाड़ फेंकता है उसी तरह अपने खेतों पर कब्जा जमाने की उम्मीद पाले सरपत रूपी पूंजीपतियों को भी वह एक दिन उखाड़ फेंकेगा और अपनी उपज से सबका पेट भरेगा। उन्ही के शब्दों में, 'किसान माटी कोड़ते हैं / बीज बोते हैं, सरपत उखाड़ते हैं / हम सबके लिए अन्न उपजाते हैं क'

' जो मुट्ठी में है' में वे बताते है कैसे बाजार पूरी दुनिया पर दिनों-दिन हावी होता जा रहा है। अपने लाभ के लिए वह किस तरह से छद्म संसार की रचना करता है जिसमें सब कुछ खूबसूरत लगता है। वह भय आतंक अनाचार की भी ब्राण्डिंग कर खूबसूरत तौर पर उन्हे पेश करता है। उसके लिए सारा संसार ही बाजार है -'पूरी पृथ्वी / एक बाजार है / जो मेरी मुट्ठी में हैं।' कवि आवारा पूंजी के चाल चरित्र से भली भाँति परिचित है। उसे स्पष्ट करते हुए लोगों को आगाह करता है कि आवारा पूंजी अपने फायदे के लिए गिरगिट सरीखे रंग बदलने में माहिर है। वे आगे कहते हैं- 'मैं हसीन सपने बेंचता हूँ/ हसीन सपने लुभाते हैं / किसे नहीं अच्छे लगते / सपनों के ही पंख लगाये लोग उड़ते है।'

उमेश पंकज शोर नहीं मचाते वरन् जनमानस में उतरते हैं। अस्सी के दशक की उनकी कविताओं में सजगता और वर्ग चेतना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। जो आज पहले से ज्यादा सघन व व्यापक हो गयी है। बिना स्पष्ट वर्ग दृष्टि के ऐसा सम्भव नहीं हो सकता है। अतः कहा जा सकता है कि उमेश पंकज की कविताएं जन की पीड़ाओं का दस्तावेज है जिन्हे सहेजने की आवश्यकता है। उनकी कविताओं की अर्थवत्ता और गम्भीर चेतना निश्चित तौर पर अपने उद्देश्य को पूरा करने में सफल हुई है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 08858172741)

अच्छे काम पर गालियां भी मिल सकती हैं

(विजय राय कहते हैं, 'उत्तर प्रदेश पत्रिका का जब दलित साहित्य विशेषांक मैंने निकाला था तो फोन द्वारा मुझे कई धमकियाँ और गालियाँ मिली थीं जिन्हें मुझे जब्त करना पड़ा। 'लमही' के भगवत रावत विशेषांक की खबर पाकर कई स्थापित और नामवर लेखकों ने इसे प्रकाशित न करने की सलाह दी थी जिसे मैंने नजरअन्दाज किया। आजकल साहित्य में बजरिये घुसपैठ शॉर्टकट हथकंडे खूब अपनाए जा रहे हैं। प्रचलित बड़े पुरस्कारों और सम्मान की बजाय सीमित साधनों से दिये जाने वाले लघु राशि वाले पुरस्कार और सम्मान ज्यादा विश्वसनीय और कारगर होते हैं। मैं आज भी नये से नये रचनाकारों से बहुत कुछ सीख रहा हूँ। सीखने की कोई उम्र नहीं होती।' वे साहित्यिक पत्रकारिता की दुनिया के जाने-माने हस्ताक्षर हैं । उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक पद पर काम किया, 'उत्तर प्रदेश' का संपादन किया, अब 'लमही' का संपादन कर रहे हैं । रंगकर्म और कला में उनकी गहरी रूचि है। युवा आलोचक राहुल देव ने उनसे बातचीत की है। बातचीत के संपादित अंश प्रस्तुत हैं)

लमही के यशस्वी संपादक विजय राय से राहुल देव की बातचीत

साहित्य से पहले-पहल परिचय कब और कैसे हुआ?

जब मैं किशोर वय में था तभी से मेरे घर परिवार (खासकर ननिहाल) में साहित्यिक पत्र-पत्रिकाएँ और हिन्दी उर्दू के बड़े-बड़े साहित्यकारों तथा अपने-अपने फन के माहिर संस्कृतिकर्मियों को आते जाते देखता था। छोटा था पर उनकी बातें सुनता, उनको आब्जर्ब करता और उनसे प्रभावित होता था। शायद ऐसे परिवेश के चलते मेरे भीतर साहित्य और दूसरी कलाओं के प्रति आकर्षण बढ़ा हो। मैं अपने नाना (बाबू महताब राय जो कि मुंशी प्रेमचंद के अनुज थे) से बहुत अटैच्ड था। उनकी सादगी और मेहनत से बहुत मुतास्सिर था। स्नेह से लबरेज ऐसा कोई दूसरा शख़्स मैंने देखा नहीं। बहुत कम लोगों को पता होगा कि आपका वर्ष 1986 में किताबघर से 'कविता का पर्यावरण' शीर्षक से कविता संग्रह भी आ चुका है।

आप अपनी रचनायात्रा के बारे में और बताएं?

जब मैं किशोरावस्था की दहलीज पार कर रहा था तब थोड़ा लिखने की कोशिश करने लगा था। बाद में मेरा ज्यादा आकर्षण शास्त्रीय संगीत और सृजनात्मक रंगकर्म की ओर हो गया। दरअसल मेरी माँ सुरसाम्राज्ञी श्रीमती गिरिजा देवी की सहपाठी थीं। माँ जब रियाज करतीं तो मैं एकाग्र चित्त उन्हें सुनता था। कुछ दिन तो मैंने बनारस घराने के सुप्रसिद्ध गायनाचार्य पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं पं. पशुपति नाथ मिश्र जी से विधिवत शास्त्रीय गायन की शिक्षा ली, बाद में तबला शिरोमणि पं. सामता प्रसाद मिश्र उर्फ.गोदई महराज से तबले के बारे में प्रारम्भिक शिक्षा ली। फिर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक और प्रख्यात रंगकर्मी देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में जमकर रंगकर्म किया। मुस्तकिल दिमाग न होने के कारण मैं किसी भी अनुशासन में अंततः स्थिर नहीं हो पाया। 1979 में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तरप्रदेश का मुलाज़िम होकर लखनऊ आ गया। 1986 में किताबघर प्रकाशन दिल्ली से पहला कविता संग्रह आया 'कविता का पर्यावरण' उसके बाद लगभग दस वर्ष तक 'उत्तरप्रदेश' पत्रिका का सम्पादन और अब पिछले पन्द्रह साल से 'लमही' पत्रिका का सम्पादन-प्रकाशन कर रहा हूँ। अपनी पूरी सृजनात्मक यात्रा में साहित्यकारों के निरंतर सम्पर्क में रहकर उनसे हर रोज कुछ न कुछ सीखता रहा। मैं आज भी नये से नये रचनाकारों से बहुत कुछ सीख रहा हूँ। सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

आपके प्रिय कवि व लेखक कौन-कौन से हैं?

मेरे प्रिय कवि गजानन माधव मुक्तिबोध, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और धूमिल हैं। प्रिय कथाकार प्रेमचन्द, फणीश्वरनाथ रेणु और प्रबोध कुमार हैं। प्रिय आलोचक रामविलास शर्मा, नामवर सिंह और विश्वनाथ त्रिपाठी हैं। प्रिय व्यंग्यकार अन्नपूर्णानंद, हरिशंकर परसाई और ज्ञान चतुर्वेदी हैं।

रंगकर्म से भी जुड़ाव के अनुभव के बारे में कुछ बताइए?

रंगकर्म की शुरूआत सुप्रसिद्ध रंगकर्मी देवेन्द्र राज अंकुर और शशांक बहुगुणा के सौजन्य से हुई। 'कहानी का रंगमंच' और 'कविता का रंगमंच' की अवधारणा को लेकर मैंने लगभग एक दशक तक काम किया। मुक्तिबोध, रघुवीर सहाय, नागार्जुन, धूमिल आदि जैसे कवियों की लम्बी कविताओं का मंचन किया। मेरे साथी रंगकर्मियों में शक्ति सिंह, शाखा वंद्योपाध्याय, अरुण केडी, अजय दुबे और राजवीर रतन आदि प्रमुख हैं जो आज भी सक्रिय हैं।

साहित्यिक पत्रकारिता के आपके अनुभव कैसे रहे?

जब मैं 'उत्तर प्रदेश' का सम्पादक हुआ उस वक़्त 'आजकल' के यशस्वी सम्पादक सुप्रसिद्ध कथाकार पंकज बिष्ट थे। स्वाभाविक था कि 'आजकल' के स्तर से कम्पीट करने के लिए मुझे बहुत मेहनत करनी थी। भाई पंकज बिष्ट से काफी कुछ सीखने को मिला। यदि गुरुवर काशीनाथ सिंह, बड़े भाई अजित कुमार और कतिपय मित्रों यथा ज्ञानेन्द्रपति, वाचस्पति उपाध्याय, वशिष्ठ, ओम निश्चल और अखिलेश आदि का सतत सहयोग न मिलता तो मेरे लिए पत्रिका संपादित करना मुश्किल हो जाता। अपनी सरकारी नौकरी में 'उत्तरप्रदेश' पत्रिका के सम्पादन की जो अवधि थी वो मेरे सेवा काल का सर्वोत्तम समय था। 'उत्तर प्रदेश' के संपादकीय अनुभव का पूरा फायदा मुझे 'लमही' को बेहतर तरीके से संपादित प्रकाशित करने में मिला। साहित्यिक पत्रकारिता का मेरा निजी अनुभव बहुत खट्टा-मीठा रहा। 'उत्तर प्रदेश' पत्रिका का जब दलित साहित्य विशेषांक मैंने निकाला था तो फोन द्वारा मुझे कई धमकियाँ और गालियाँ मिली थीं जिन्हें मुझे जब्त करना पड़ा। 'लमही' के भगवत रावत विशेषांक की खबर पाकर कई स्थापित और नामवर लेखकों ने इसे प्रकाशित न करने की सलाह दी थी जिसे मैंने नजरअन्दाज किया। तो इस तरह के बहुतेरे कि स्से हैं। अच्छे काम की तारीफ न कर काम करने वाले को हतोत्साहित करना भी अब प्रथा बन चुका है। ये सब इस आत्ममुग्ध समय की खुसूसियात हैं।

एक सांस्थानिक पत्रिका और निजी प्रयासों से निकलने वाली साहित्यिक पत्रिका की अलग-अलग क्या चुनौतियां रहती हैं?

दोनों में मुख्यतः आंशिक सम्पादन सुख भर ही है पर संस्थानिक पत्रिका में बॉसेस का दबाव, आचरण नियमावली के अनुपालन की बाध्यता और संस्थाई राजनीति आदि प्रमुख होते हैं। व्यक्तिगत प्रयासों से निकलने वाली पत्रिकाओं के सामने दूसरी तरह की अड़चने हैं। पहला तो आर्थिक संसाधन एकत्र करना सबके वश की बात नहीं। विज्ञापनादि सहयोग अब सरकारों के एजेण्डे में रह ही नहीं गया है लिहाजा घर फूंक तमाशा देखने वाला कार्य रह गया है यह। मजबूरन हमें भी 'लमही' प्रिण्ट की बजाय डिजिटल पत्रिका के रूप में निकालना पड़ रहा है जो ऑनलाइन ही उपलब्ध हो पा रही है। दूसरा यह कि यदि आप सतर्क सम्पादक नहीं हैं तो किसी न किसी गुट या टुकड़ी की गिरफ़्त में आकर इस्तेमाल की प्रचलित राजनीति का शिकार हो जाते हैं।

हिंदी साहित्य में आलोचना और संपादन को अमूमन दूसरे दर्जे का कार्य माना जाता है । आपका क्या सोचना है?

हर कार्य का अपना अलग महत्व होता है। आलोचना और सम्पादन भी एक निहायत जरूरी कर्म है जिसे स्वीकृति एवं सम्मान मिलना ही चाहिए। अलबत्ता हमारी हिन्दी आलोचना के टूल्स जरूर पुराने पड़ गये हैं जिन पर काम किए जाने की आवश्यकता है। सम्पादन को भी और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और निर्भीक होने के साथ-साथ रचनाओं के चयन में गुणवत्ता/ मेरिट को ध्यान में रखे जाने की अनिवार्य जरूरत है। ये दोनों ही कर्म मेहनत और ईमानदारी की दरकार रखते हैं जो कहीं-कहीं दिखता नहीं है। आलोचक और सम्पादक के अवदान के प्रति उपेक्षा और अवहेलना का भाव वस्तुतः एक नकारात्मक वृत्ति का स्थाई भाव है जो पूरी तरह से अनुचित है।

आप प्रतिष्ठित 'लमही सम्मान' के संस्थापक-संयोजक रहे हैं। पुरस्कारों की चयन प्रक्रिया और शुचिता को लेकर अक्सर सवाल खड़े किए जाते हैं । पुरस्कारों की सार्थकता व चयन को लेकर आपका क्या सोचना है?

पुरस्कारों और सम्मान को लेकर मेरा यह मानना है कि प्रोत्साहन की दृष्टि से यह दिया जाना जरूरी तो है पर इससे लेखक साहित्य जगत में स्थापित नहीं होता और न ही कोई वरिष्ठता प्राप्त करने का हकदार होता है। उसके लिए तो सार्थक रचनाओं का सृजनकर्ता होना आवश्यक है। आजकल साहित्य में बजरिये घुसपैठ शॉर्टकट हथकंडे खूब अपनाए जा रहे हैं। प्रचलित बड़े पुरस्कारों और सम्मान की बजाय सीमित साधनों से दिये जाने वाले लघु राशि वाले पुरस्कार और सम्मान ज्यादा विश्वसनीय और कारगर होते हैं।

सोशल मीडिया के पूरे परिदृश्य को लेकर आप क्या सोचते हैं और साहित्य के भविष्य को कहां पर देखते हैं?

सोशल मीडिया के आने से लेखकों की बाढ़ सी आ गई है और उनकी संपादकों पर निर्भरता भी कम हुई है। इधर सभी माध्यमों में कमोवेश अधिकांश लेखन की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। साहित्यिक पत्रिकाओं के अलावा ब्लॉग्स और ई पत्रिकाएं भी खूब हैं जहाँ सार्थक साहित्य काफी मात्रा में प्रकाशित हो रहा है ।साहित्य का मौजूदा परिदृश्य काफी उर्वर है। नई पीढ़ी में अधिकांश तेजस्वी रचनाकार हैं।

'लमही' पत्रिका के अपने पन्द्रह वर्षों के सफर के अनुभवों के बारे में कुछ बताइए?

लुब्बोलुआब ये है कि सम्पादक जैसा थैंकलेस जॉब और कोई दूसरा नहीं है।

साहित्य में लेखक संगठनों की भूमिका पर आपका क्या मानना है?

महाकवि त्रिलोचन शास्त्री ने कभी कहा था कि हमारे लेखक संगठन रेस्तरा हो गये हैं। उनके इस कथन को मैं यहाँ सादर ससम्मान साभार उद्धृत कर रहा हूँ।

'लमही' के कई विशेषांक बेहद चर्चित हुए जिन्हें लेकर आप के संपादन में कई पुस्तकें प्रकाशन की प्रक्रिया में हैं। उनके बारे में कुछ जानकारी दीजिए?

हमारा कथा समय के तीनों खण्ड अनन्य प्रकाशन दिल्ली प्रकाशित कर रहा है। अमृत राय विशेषांक को रुद्रादित्य प्रकाशन प्रयागराज प्रकाशित कर रहा है। शेष विशेषांकों को भी पुस्तकाकार कराने हेतु प्रयासरत हूँ।

आज हमारे तमाम रिश्ते-नाते, दोस्ती-यारियां आपसी लेनदेन और स्वार्थ पर आधारित हो गये हैं । इन रिश्तो की मानवीय ऊष्मा को कैसे बचाया जा सकता है?

आज के जो हालात हैं उसमें बहुत कठिन है मानवीय रिश्तों की ऊष्मा को बचा पाना।

प्रेमचंद हमेशा 'साहित्य को राजनीति के आगे राह दिखाने वाली मशाल' कहते रहे। आज के कठिन समय और विषम राजनीतिक परिस्थितियों के दृष्टिगत आप साहित्यकारों की भूमिका को आप किस तरह देखते हैं?

आज हमारे जीवन से प्रतिरोध ही समाप्त हो गया है ठीक उसी तरह जैसे भारतीय राजनीति से विपक्ष। ऐसे में साहित्यकारों की भूमिका पर क्या टिप्पणी की जाय समझ नहीं पा रहा हूँ।

(साक्षात्कार कर्ता युवा रचनाकार हैं)

(हिन्दी के प्रतिष्ठित कवि, कथाकार और विचारक डॉ. मत्स्येंद्र शुक्ल का 83 वर्ष की उम्र में गत 25 मार्च को इलाहाबाद में निधन हो गया। वे जनवरी 1939 में प्रतापगढ़ जनपद के नेवादा ग्राम में जन्मे थे। इलाहाबाद और सागर विश्वविद्यालय से शिक्षा पूरी की । प्रोफेसर (हिन्दी) के रूप में सेवा की शुरूआत की और प्राचार्य, राजकीय सी. टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय लखनऊ, निदेशक राज्य हिन्दी संस्थान वाराणसी, शिक्षा उपनिदेशक तथा प्राचार्य राज्य शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश इलाहाबाद जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए । उन्हें मीरा स्मृति सम्मान, मध्य प्रदेश तुलसी साहित्य अकादमी सम्मान, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' सम्मान, हिन्दुस्तानी एकेडेमी सम्मान, साहित्य महोपाध्याय तथा उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा कविता के लिए विशिष्ट पुरस्कार मिल चुके हैं। अब तक बाइस कविता- संग्रह, आठ कहानी-संग्रह तथा समीक्षा विषयक दस पुस्तकें प्रकाशित हैं। अँधेरी रात का सूर्य, आग सूरज का संकल्प है, विकल्प और भी हैं तथा अनंत है यह आकाश, चर्चित कविता संग्रह।)

कविता के 'जोगी' डॉ. मत्स्येंद्र शुक्ल

स्मरण

बोधिसत्व

इलाहाबाद में जिन लोगों से साहित्य की विरल और लुप्त होती परंपराओं का बोध हुआ उनमें एक हैं मत्स्येंद्र नाथ शुक्ल जी। मत्स्येंद्र जी अक्सर एक स्नेही परिजन की तरह साथ होते थे। मात्र मेरे लिए ही नहीं इलाहाबाद के समूचे जनवादी लेखक संघ के लिए और जहां तक मुझे ज्ञात है प्रगतिशील लेखक संघ के लिए भी। वे किसी के सदस्य नहीं थे क्योंकि वे संघ बद्ध होने को कविता की मुक्ति में बाधक मानते रहे हैं। अनेक मुलाकातों में वे कवि को मुक्त रहने की गंभीर वकालत करते थे। उनका कहना है, 'कवि मुक्ति का गायक है, फिर वह स्वयं कैसे बंधन में रह सकता है।' जब उनकी दृष्टि कवि को लेकर इतनी साफ है तो कविता को लेकर भी उनके विचार संगठन की परिधि में कैसे आ सकते हैं। वे कई बार कहते थे लेखक संगठन साहित्यिक विमर्श तक उचित हैं लेकिन राजनीतिक दखल राजनीतिक पार्टियों पर छोड़ना चाहिए। लेखक का काम सचेतक का है कार्यकर्ता का नहीं। अपनी बातचीत और लेखन में वे असहमति का आदर करने को भी कवि या लेखक का एक मूल गुणधर्म मानते हैं। और असहमति का स्वागत ही लोकतंत्र की निशानी है उनके लिए।

मत्स्येंद्र जी का मन कविता में रमता है। वे कविता के जोगी हैं। या कहें की कविता की सिद्धि है उन्हें। उनकी कविता उपेक्षितों वंचितों का निजगृह है। मत्स्येंद्र जी की कविता में वंचितों के प्रति न्याय का गलदश्रु भाव नहीं एक ठोस यथार्थ दिखता है या कहें की दर्ज है। इसलिए वे कह पाते हैं कि विकल्प और भी हैं।

किसी को बुरा लगता है तो लगे लेकिन प्रतिपक्ष की कविता कई बार प्रतिशोध की कविता में परिवर्तित हो जाती है। वर्ग संघर्ष का कविता में अंकित रूप अक्सर वर्ग द्वेष के आगे जाता नहीं दिखता और कविता में सिद्ध की गई निष्पत्तियां अक्सर प्रमेय के इति सिद्धम की गति को प्राप्त होने को शापित सी दिखती हैं। अभी कवि इस तरह की कविता करने को बाध्य भी हैं और शापित भी। ऐसे में मत्स्येंद्र जी जैसे कवि कविता को मात्र कविता की तरह लेने की पैरवी करते दिखते हैं तो कई बार अच्छा भी लगता है। 'किन्तु नहीं है मां' उनकी एक ऐसी कविता है जिसकी चर्चा मैं मित्रों से कई बार कर चुका हूं। मां पर जब मैं कविताएं संकलित कर रहा था तब दो कवियों की मां विषयक कविताओं ने चमत्कृत किया था। एक आदरणीय विश्वनाथ प्रसाद तिवारी जी की कविता दूसरे मत्स्येंद्र जी की इस कविता ने।

मत्स्येंद्र शुक्ल की कुछ कविताएँ

1. पृथ्वी का अंत

अखबार दूरदर्शन ने बताया
याज्ञिकों ने घोषित किया
पृथ्वी का अंत करीब है
ब्रह्मांड में संघर्षण अग्नि-संचरण
हवा के आवेग प्रचंड प्रवाह में
झलकेंगे असंख्य उल्का पिंड
लोग घबराए से कर रहे बात
उलझन में बीत रहा दिन बीत रही रात
फिर मृत्यु :
साँस का अंतिम दर्द क्षण में
तमाम घटनाएँ सोच गए लोग
मन में समेट लिए व्यर्थ का रोग

2. पृथ्वी का उपालंभ

ये शब्द पंक्तिबद्ध जो दिख रहे चमकते
सपाट शंखई गगन में
इनका मूल्य मत पूछो मर्म-वाहक हैं ये
शिविरों में किसी देश का इतिहास नहीं
पलता
आए हैं
पृथ्वी आकाश के मध्य तरंग- सम
दुख रत्ती भर सुख जो भी उपलब्ध
चिंता उपहास शोषण उसे मापने
रख सकते यथार्थ-गाथा पत्ते की झुकी
नोक पर
जितना समझ सकेंगे
ले जायँगे साथ
धोकर रख देंगे
आकाश-गंगा तट पर
कि जियो कहो काल की कथा
अविराम
तारे भी समझें
किस पीड़ा से व्यथित है वसुंधरा
कितना व्यक्त कितना है अनकहा
शब्दों में नहीं समाता पृथ्वी का
उपालंभ

3. देखता रहा

कठफोड़वे से बात क्या करूँ -
कुट-कुट काट रहा
पेड़ का पुष्ट तना
बोलता सिर घुमा
बात करना है मना
देखते नहीं!
चिड़ियाँ उदास बैठी हैं
रात्रि-वास का भरोसा
उन्हें देना तत्काल
बच्चे खेलेंगे सुरक्षित कोटर में
कठफोड़वे के शब्द सुन
आश्चर्यचकित :
देखता रहा शुभ्र आकाश
आँखों में भर गया प्रेम का प्रकाश।

4. यातना शिविर

आश्रम-द्वार के सम्मुख
पंक्तिबद्ध बैठे भिखारी मौन देख रहे
पथ पर उड़ती बारीक ताजी धूल
ड्रम में सनकता गाढ़ा लसीला धुआँ
आदमी वो भी जो पिघले डामल
से पाट रहे सड़क पत्थर का नुकीला चेहरा
भिखारी निहारते उन्हें
जो चल-फिर रहे राज पथ पर
कोई उत्सुक नहीं भिक्षार्पण के लिए
उनके मस्तिष्क में खास योजना नहीं
केवल रोटी सब्जी के टुकड़े
पेट भरने के निमित्त
फटा-पुराना वस्त्र ढँक सकें तन
परिवार की समृद्धि का स्वप्न भी नहीं
दिल-दिमाग में
भिखारी उपेक्षित माँगते रहेंगे सदैव
भिक्षा
यह संसार यातना-शिविर अभावी
व्यक्ति के लिए।

कविता मुझे क्यों पसंद है उसकी एक नहीं कई वजहें हैं। एक तो यह कि कविता के केंद्र में संयुक्त परिवार की एक झमक है दूसरे उस केंद्र की मुख्य धुरी मां है और तीसरी बात की कवि ने मां के विवेक बोध को संपादित नहीं किया है मां की सोच में टोना टोटका एक बड़ी विघ्न बाधा के कारक थे और मां उनको मिटाती दूर करती थी। यह कवि दृष्टि में मां का स्वरूप है। और कवि को ध्यान है कि रहना नहीं देस बिराना है। संसार नश्वर है। समय ताल ठोक कर कह रहा है संसार नश्वर है। संसार की नश्वरता मां के न होने के संदर्भ में और गहरी हो जाती है।

मत्स्येंद्र जी की अनेक कविताएं प्रचलित काव्य धाराओं का खंडन करती अपनी लकीर बनाती आगे जाती हैं। उनके कई संकलन बेहद महत्वपूर्ण कविताओं से भरे हैं। पथ का अंत नहीं, पेड़ भी कुछ कहते हैं, पृथ्वी के पक्ष में उनके अन्य महत्त्व पूर्ण संकलन हैं। जिस संकलन 'विकल्प और भी हैं' में यह कविता शामिल है उसकी सभी कविताएं अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। उनमें कई कविताएं अपने कथ्य की मार्मिकता के हिसाब से बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। उनमें एक कविता है नदी। नदी पर लिखी गई अनेक कविताओं में इस कविता का 'शब्द जल' अलग से आलोकित और प्रवाहित है: 'उधार के जल से /समृद्ध नहीं होती नदी।' आगे एक पंक्ति है जिसका भाव है कि बहती नदी में पुष्प नहीं खिलते। बहती नदी में नावें ही खिले हुए पुष्प हैं।

कई बार हम कवि लेखक संगठन के बाहर के कवियों पर और उनकी कविता पर निगाह नहीं डालते। क्या हिंदी की असफलता का एक कारण यह भी नहीं है। मैं कम से कम इलाहाबाद के कवियों से तो कह ही सकता हूं कि अपने शहर के कवियों को पढ़ें। मस्येंद्र जी की कविता को और पढ़ने और देखने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ कवि एवं आलोचक हैं)

मलेशिया के महत्वपूर्ण कवि सेसिल राजेन्द्र



सेसिल राजेन्द्र मलेशिया के सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी कवियों में हैं। वे अपनी रचनाओं के अपने भाव निर्भय हो कर व्यक्त करते हैं और वैचारिक पूर्वाग्रहों से मुक्त हैं। उनकी कविताएं उन सब की खबर लेती हैं जो जन विरोधी हैं। उनमें पर्यावरण की चिंता मुखर है और वे कुरीतियों का जमकर विरोध करते हैं। 2006 में राजेंद्र को नोबेल पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया था। उस वर्ष यह पुरस्कार ब्रिटिश नाटककार हेराल्ड पिंटर को मिला था। राजेन्द्र का जन्म 1941 में पेनांग में हुआ था। उन्होंने सिंगापुर विश्वविद्यालय से स्नातक तथा लिंकन्स इन से कानून की शिक्षा प्राप्त की है और पेशे से मलेशिया के प्रतिष्ठित अधिवक्ता हैं। उनकी कविताएँ लगभग 50 देशों में प्रकाशित हुई हैं और अनेक भाषाओं में अनूदित हुई हैं। उनके 10 कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

फोटोग्राफर इस्माइल हासिम के साथ काम करते हुए, राजेन्द्र ने पेनांग द्वीप के पिछले हिस्से की खोज की। 1993 में मलेशिया की सरकार ने वृक्षों की अंधाधुंध कटाई का विरोध करने के कारण उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया था। 2005 में उन्हें लोगों को कानूनी सहायता पहुंचाने हेतु मलेशिया का पहला मानवतावादी पुरस्कार प्रदान किया गया। यहाँ हम उनकी चार कविताएँ आपके लिए प्रस्तुत करते हैं। इन कविताओं से उनकी प्रतिबद्धताओं और तेवर का स्पष्ट पता चलता है।

(टिप्पणी एवं अनुवाद श्री बिलास सिंह)

सेसिल राजेन्द्र की कविताएँ

1. एक गाँव की मौत

यहाँ मृत्यु की खबर
पसरी हुई है हवा में
हर तरफ
हर कहीं है दुर्गन्ध
सड़न और निराशा की
औद्योगीकरण की
तत्कालिकताओं से
घुट कर
मर रही है नदी
परवाह नहीं किसी को
प्रगति के वमन से
विषाक्त
नदी की मछलियां
मर रही हैं और
परवाह नहीं किसी को
पक्षी जो
पोषित हैं
प्रगति के मल से विषैली हुई
मछलियों पर
मर रहे है और
परवाह नहीं किसी को
इस तरह
नदी की समृद्धि पर
सदियों से निर्भर
कभी का एक गवीर्ला गाँव
मर रहा है और
परवाह नहीं किसी को
उस नए प्रभु
'विकास' के लिए
हमारे पुजारी
बलि दे रहे
हमारी परंपरा

दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, एक घायल

दुखद

सूचना पर परिवार में मचा कोहराम

जनसंदेश न्यूज

अंजान शहीद (आजमगढ़)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बाग खालिस बाजार के पास शनिवार को गोरखपुर से आजमगढ़ किसी कार्य से जा रहे बाइक सवार सुमित कुमार दुबे 35 वर्ष पुत्र शिवकुमार दुबे निवासी ब्रह्मसरी थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर की आमने-सामने बाइक की टक्कर हो गई जिसमे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं सुमित दुबे को अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। जबकि सुरेश राम 34 वर्ष निवासी छत्तरपुर दलेर थाना जीयनपुर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल भेज दिया गया।

सुमित अपने घर से लगभग 6 बजे सुबह पल्सर बाइक से आजमगढ़ के लिए किसी काम से निकला था। जीयनपुर कोतवाली के बाग खालिस बाजार में जैसे ही पहुंचा सामने से आ रही बाइक से आमने सामने टक्कर हो गयी और दोनों घायल हो गये। सूचना पाकर जीयनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, और दोनों को अस्पताल के लिए भेजा। वहीं सुमित को एम्बुलेंस से सदर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गयी। सुरेश राम गम्भीर रूप से घायल होने के बाद उसका इलाज चल रहा हैं। सुमित की मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार व गांव में कोहराम मचा गया।

इलाज के लिए आगे आया आरएस कांवेंट स्कूल

अतरौलिया (आजमगढ़)। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गोविन्दपुर निवासी वीरेन्द्र मौर्य का एकलौता सात वर्षीय पुत्र राज बहादुर मौर्य जो कक्षा दो का छात्र है। बालक पिछले वर्ष 23 नवम्बर को अपने साथियों के साथ खेल रहा था कि उसी दौरान उसके दाहिने हाथ में चोट लगने से फैक्चर हो गया। अपने बच्चे का हाथ टूटने की सूचना मिलते ही माता पिता परेशान हो गये और बालक को लेकर अतरौलिया स्थित एक निजी अस्पताल ले गये। जहां डाक्टरों ने बताया कि बच्चे के हाथ में फैक्चर हो गया है और बच्चे के हाथ में प्लास्टर लगा दिया। कुछ दिन इलाज करने के बाद भी बच्चे को आराम नहीं हुआ, घाव बढ़ता गया। बच्चे के दर्द से माता पिता काफी परेशान हो गये थें और थक हार कर अपने बच्चे के इलाज के लिए लखनऊ स्थित पीजीआई में दिखाये। रिपोर्ट देखने के बाद पीजीआई के चिकित्सकों ने दवा इलाज में 12 लाख रुपये खर्च बताया। डाक्टरों ने बताया कि बच्चे के हाथ की कई बार प्लास्टिक सर्जरी होगी तब जाकर इसका हाथ सही होगा नहीं तो बच्चे का हाथ काटकर निकालना पड़ेगा। यह सुनकर बच्चे के माता पिता के पैरों तले जमीन खिसक गया और बच्चे के इलाज के लिए लोगों से मदद की गुहार लगाई। ऐसे में नगर पंचायत स्थित आरएस कॉन्वेंट स्कूल के अध्यापक व बच्चों ने बच्चे के इलाज के लिए 25 हजार इकट्ठा कर वीरेंद्र मौर्या को सौंप दिया।

कार्रवाई से डरने वाली नहीं है कांग्रेसः हरेंद्र सिंह

मेंहनगर ब्लॉक पर ज्ञापन देने जाते कांग्रेसी।

जनसंदेश न्यूज

मेहनगर आजमगढ़। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक मुख्यालय पर एक बैठक हुई। उन्होंने कहा कि देश के भाजपा की केंद्र व प्रदेश में सरकार है।

भाजपा के खिलाफ विपक्षियों द्वारा बोले जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कार्यवाही कर मुह बंद करने का काम किया जा रहा है। जैसा देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी के संबंध में पूछे गए प्रश्नों पर भाजपा सरकार को नागवार लग रहा है। इस कार्यवाही से कांग्रेसी डरने वाले नही हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता चुप बैठने वाले नहीं हैं। देश व प्रदेश की भोली भाली जनता को भाजपा ठगने का काम कर रही है। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम पांच सूत्री ज्ञापन खंड विकास अधिकारी मेंहनगर को सौपा। इस मौके पर प्रमोद यादव, दिनेश सरोज, सिकंदर राम, चंद्रिका पाल, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

देर रात तक भक्तिरस में डूबे रहे लोग

अतरौलिया (आजमगढ़)। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव यानी चैत्र रामनवमी के दिन नगर पंचायत स्थित राम जानकी मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन बंदी सोनकर व सूरज के नेतृत्व में किया गया। भजन कीर्तन मंडली द्वारा देर रात तक भजन कीर्तन चलता रहा वही प्रभु श्रीराम के जयकारे भी लगते रहे जिससे पूरा मंदिर परिसर वाद्य यंत्रों तथा प्रभु श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। नगर वासियों ने इस भजन कीर्तन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस तरह के आयोजन से नगर वासियों में तथा क्षेत्र वासियों में खुशी व्याप्त है। आयोजक बंदी सोनकर व सूरज ने बताया कि प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर इस तरह का कार्यक्रम रखा गया जिससे लोगों के अंदर सनातन के प्रति प्रेम बढ़े और आपसी भाईचारे से लोग धर्म के प्रति अपनी आस्था रक्खे। इस तरह का आयोजन जन कल्याण तथा लोक कल्याण हेतु प्रत्येक वर्ष किया जाएगा।

नवचण्डी महायज्ञ के समापन पर भण्डारे का आयोजन सम्पन्न

बिलरियागंज आजमगढ़। बाजार के राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में नव चंडी महायज्ञ सम्पन्न होने के बाद दसवें दिन 151 कन्याओ को पुजन कर प्रसाद ग्रहण कराया गया और मौके पर आचार्य पंडित राहुल दुबे के नेतृत्व में मंत्रोच्चार का उच्चारण करते कन्या को प्रसाद ग्रहण कर यथा शक्ति दान पुण्य कि गया वही शाम चार बजे दिन से हजारों लोगों प्रसाद रुपी भोजन किया और घर की महिलाओं को भी लेकर आये इसी क्रम आज बिलरियागंज के झारखण्डेय महादेव मंदिर जलालपुर में आज 151 कन्याओ को विधि विधान के तहत पुजन करते हुए भोजन कराया गया वहीं नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती का पाठ पंडित अवधेश दुवे के मुखारविंद से शुभारंभ हो कर सम्पन्न हुआ वहीं आज सुन्दर कांड पाठ आज सम्पन्न हुआ जिसमें आयोजक डाक्टर विजय सिंह, राम पाल सिंह, प्रभुनाथ सिंह, समीर सिंह संजू, लाल जी, कमल प्रकाश राय, रामाश्रय पाठक, रामजीत पाठक, दया यादव, अमर प्रताप सिंह, उत्कर्ष, सुनील, विवेक, भरत, मंन्टु, अंकित, आदित्य, सत्येंद्र, पीयुष, शनि सिंह, राजु आदि लोग उपस्थित रहे।

शिवालिक हॉस्पिटल में हुआ सहजानन्द का भव्य स्वागत

आजमगढ़। शिवालिक आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में संस्था के संस्थापक डॉ.अशोक सिंह व समस्त स्टाफ द्वारा सामूहिक रूप से नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर क्षेत्र सहजानंद राय का जनपद प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधक समिति व क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। स्वागत से अभिभूत सहजानन्द राय ने नगर पंचायत और लोकसभा के चुनाव में मजबूती से आगे बढ़ने एवं सभी सीटों को जीतने का गुरु मंत्र देते हुए पूरी ताकत लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास भाजपा ही कर सकती है। जिस तरह से प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रत्येक क्षेत्र का विकास मजबूती से कर रही है। जिससे विपक्ष घबराया हुआ है। यह गरीबो किसानों मजदूरों के लिए तेजी से विकास कर रही है। अब भय भ्रष्टाचार से योगी राज में कानून का राज स्थापित हुआ है।

स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

पवई आजमगढ़। फूलपुर तहसील क्षेत्र के ओरिल स्थित श्री रामदवर पांडेय पीजी कालेज में शुक्रवार को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कालेज के 56 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंधक डा. अशोक कुमार पांडेय रहे। कालेज के प्राचार्य डा. अशेष कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चो के लिए चलाई गई यह योजना आधुनिक शिक्षा के साथ ही साथ देश और दुनिया से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्मार्ट फोन से छात्र छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में नित नवीन जानकारियां प्राप्त करेंगे। स्मार्टफोन शिक्षा की ललक के साथ ही साथ आधुनिक भारत के सपने को साकार करने में इनकी मदद करेगा। इस अवसर पर राजेश पांडेय, रंजना यादव, हीरामन यादव, अम्ब्रीश अस्थाना, उमाशंकर पांडेय, विजय कुमार चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

सहकारी समिति के प्रबंधक कमेटी का हुआ चयन

जहानागंज (आजमगढ़)। शुक्रवार को जहानागंज के सहकारी समिति के प्रबंधक कमेटी का चयन सफलतापूर्वक किया गया। जहानागंज के निर्वाचन अधिकारी हरीश्चंद्र द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई गयी। सहकारी समिति के प्रबंध कमेटी के चयन में दयानन्द मौर्य को सभापति बनाया गया। राधेश्याम राय को उपसभापति और सदस्य पद के लिए दौलताबाद क्षेत्र के नागेंद्र पुत्र रामधनी, देवसीहासपुर से बिहारी पुत्र लगन, और बरहतिल जगदीशपुर से मोहम्मद इंदु पुत्र सफी, तथा भुजही से शांति पत्नी धनई और जहानागंज से परमानंद पुत्र चंद्रबली को सदस्य बनाया गया। वही बड़हलगंज क्षेत्र में सरकारी कर्मचारी राम सागर सरोज पुत्र कल्लू सरोज, बोहाना क्षेत्र में सुमन मौर्या पत्नी राजेश तथा सुभाष पुत्र मुनेश्वर को सदस्य के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। संस्था के सचिव देवनाथ यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने हरिश्चंद्र को निर्वाचन अधिकारी बना कर भेजे थे। जिससे प्रबंधक कमेटी का चयन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

रंगारंग कार्यक्रम के बीच हुआ ग्रेजुएशन सेरेमनी

आजमगढ़। रानी की सराय ब्लाक के कोटिला चेकपोस्ट स्थित आजमगढ़ पब्लिक स्कूल में रंगारंग ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से प्रथम तक के छात्रों का प्रमाण-पत्र वितरण एवं सेकंड क्लास के छात्रों के लिए 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' का भव्य आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय 'पिता के प्रति सम्मान' प्रदान करना था। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद नोमान, प्रधानाचार्या और सह संयोजिका ऋचा मिश्रा एवं अभिभावक द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नन्हे-मुन्ने एंकर कशफ और शौर्य रावत ने कार्यक्रम का आगाज किया। सबसे पहले नर्सरी के छात्रों द्वारा स्वागत गीत, प्रस्तुत किया गया जो अत्यंत ही सराहनीय था। प्रबंधक मोहम्मद नोमान ने ग्रेजुएशन समारोह आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के प्राथमिक स्तर में प्रवेश लेने पर उन्हें नवीन, श्रेष्ठ और सृजनात्मक विचारों का अनुभव प्रदान करना बताया। उन्होंने कक्षा दो के बच्चों को गाउन और कैप पहनाकर एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर छात्रों को सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सह संयोजिका ऋचा मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

छात्रों को किया गया सम्मानित

रानीकीसराय (आजमगढ़)। प्राथमिक विद्यालय ऊजीजलाईपुर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान बेहतर छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा एक से पांच तक के बेहतर छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विनय कुमार राय ने कहा प्रतिभाएं छिप नही सकती आवश्यकता है इसे निखारने की। आज सरकारी शिक्षण संस्थाओं में भी छात्रो के अंदर कुछ कर गुजरने की प्रबल इच्छा है। यही आने वाले कल के भविष्य है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विद्यालय में शिक्षण प्रगति के लिए सहयोग राशि भी प्रदान की। छात्र भी प्रसन्न नजर आये। कार्यक्रम को राम प्रकाश राय, रवि विश्वकर्मा, अनीता सिंह, नीतू सिंह, कमलेश कुमार, आलोक सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। रामप्रकाश सिह ने सभी का आभार जताया।

उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्र हुए सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

छात्रों को अंकपत्र वितरित करती शिक्षिका।

बिलरियागंज आजमगढ़। क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पाँती खुर्द के प्रांगण में शुक्रवार को आठवीं और प्राथमिक विद्यालय पाँती खुर्द के पांचवीं पास छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और अंक पत्र का वितरण किया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि आप लोग अपनी पढ़ाई को जारी रखे किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो निःसंकोच बताये पूरी मदद की जाएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका कमला देवी ने अपने संबोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालय के बच्चे आज हर क्षेत्र में आगे हैं। निःशुल्क शिक्षा का हमे लाभ लेने की आवश्यकता है। शिक्षकों को भी पूरे मनोयोग से छात्रों पर ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर जिन छात्रों को उपस्थिति अधिक रही है, उनको भी पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि विजयी यादव व संचालन धर्मेन्द्र यादव ने किया। एआरपी अरविंद सिंह, संजय सिंह, महेंद्र, ओंकार यादव, सूर्य कुमार राय, आशुतोष मिश्र, बिन्दु देवी, दिनेश कन्नौजिया, श्रीकांत यादव, ओमप्रकाश मौर्य, विनीता, प्रियंका, तारा, संजू देवी, जगजीवन, धर्मेंद्र मिश्र आदि लोग उपस्थित थे।

सुमित्रा श्रीवास्तव ने बढ़ाया जनपद का मान

रानी की सराय (आजमगढ़)। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के टेंगरपुर निवासी सुमित्रा श्रीवास्तव ने यूपीएससी सीएचएसएल की परीक्षा में ऑल इंडिया 118वीं रैंक प्राप्त कर अपने गांव के साथ जनपद का भी सम्मान बढ़ाया है। सुमित्रा का चयन जूनियर डिफेंस सिक्रेटेट असिस्टेंट के पद पर हुआ है। सुमित्रा की सफलता पर बधाई देने का क्रम लगा रहा। सुधीर श्रीवास्तव की पुत्री सुमित्रा श्रीवास्तव ने अपनी प्राइमरी की शिक्षा गांव के विद्यालय जनता शिक्षा मंदिर टेंगरपुर से प्राप्त की हाई स्कूल, इंटरमीडिएट की शिक्षा चिल्ड्रेन कॉलेज आजमगढ़ से पूरी की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी की परीक्षा पास कर यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। पहली ही बार में यूपीएससी की परीक्षा पास कर सफलता पाई। उनका चयन भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय हेड क्वार्टर नई दिल्ली में जूनियर डिफेंस सिक्रेटेट असिस्टेंट पद पर हुआ है। सुमित्रा ने अपना सारा श्रेय पिता माता और गुरु को दिया है। सुमित्रा आईएएस बनने की तैयारी कर रही है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र ने पुष्प गुच्छ देकर सुमित्रा श्रीवास्तव को बधाई दिया।

तानाशाही का सदन से लेकर सड़क तक विरोध करेगी कांग्रेसः वीरेन्द्र चौधरी

जनसंदेश न्यूज

वीरेन्द्र चौधरी का स्वागत करते सुनील सिंह।

आजमगढ़। कांग्रेस कमेटी के पूर्वी जोन प्रान्तीय अध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी विधायक पार्टी कार्यालय पर पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता में भाजपा सरकार व अडानी मुद्दे पर जमकर हमला बोला।

वीरेन्द्र चौधरी ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज देश में राहुल गांधी के सीधे प्रश्नों का जवाब देने के बजाय अपने दोस्त अडानी को बचाने हेतु जनता को भटकाया जा रहा है। कांग्रेस राज चलाने और जनता की बेहतरी के लिए नीति बनाती है जबकि भाजपा राज बचाने के लिए नीति निर्धारण करती है यही कांग्रेस और भाजपा की राजनीति में बुनियादी फर्क है। देश में मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी जैसी ज्वलन्त समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक उन्माद फैलाकर हर स्तर पर टैक्स बढ़ाकर जनता का खून चूसा जा रहा है। उन्होने कहा अडानी के उपर एक विदेशी एजेन्सी द्वारा आरोप लगाने एवं फर्जी कम्पनी बनाकर बीस हजार करोड़ रुपये लूट का मामला उजागर होने पर स्टेट बैंक एवं जीवन बीमा निगम के शेयर गिरने से देश की अर्थ व्यवस्था चैपट हो गयी। आर्थिक मुद्दे पर लोकसभा में राहुल के प्रश्न के सामने घुटने टेकने वाली सरकार ने आनन-फानन में विधि विरुद्ध उनको सजा कराकर सदस्यता समाप्त करने का काम किया। अडानी को घिरता देख सरकार ने हर चाल चलना शुरू किया। कांग्रेस नीतिगत आधार पर तानाशाह का सदन से सड़क तक विरोध करेंगे और तानाशाह के ही हथियार इडी, सीबीआई के हर चाल का मुहतोड़ जवाब देंगे। प्रेस वार्ता के बाद विधायक वीरेन्द्र चौधरी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रैदोपुर स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह के आवास पहुंचे जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह, कौशल कुमार सिंह, मुन्नू यादव, रण बहादुर सिंह, तेजबहादुर यादव, सुनील सिंह, अमर बहादुर यादव, हवलदार सिंह, जगदम्बिका चौधरी, रविकान्त त्रिपाठी सहित भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रिपोर्ट कार्ड पाकर प्रफुल्लित हुए बच्चे

शिवा पब्लिक स्कूल चकवारा में बंटा वार्षिक परीक्षाफल

जनसंदेश न्यूज



अतिथियों का स्वागत करते संजय कुमार पांडेय।

आजमगढ़। जिले के चकवारा स्थित शिवा पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में शिरकत करने पहुंचे मुख्य अतिथि बेंच मजिस्ट्रेट सीडब्ल्यूसी अखिलेश कुमार सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम बहादुर सिंह, समाजसेवी सत्यप्रकाश राय, प्रांत परियोजना प्रमुख धर्म जागरण समन्वय गोरक्ष प्रांत अशोक सिंह का विद्यालय के प्रबंधक मनोज पांडे, विद्यालय संरक्षक संजय पांडेय ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आए हुए मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा विद्यालय के कक्षा एलकेजी से 9 तक के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को रिपोर्ट कार्ड और मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया।

मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार सिंह ने अभिवावक के महत्व को प्रदर्शित किया और बच्चों और अभिवावक के बीच के संबंध पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विक्रम बहादुर सिंह ने कहा कि बच्चे भारत के भविष्य हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिवा पब्लिक जैसे विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह कार्य कर रहे है सराहनीय है।

विशिष्ठ अतिथि अशोक सिंह ने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में संस्कार युक्त शिक्षक तथा समग्र विकास युक्त शिक्षा का होना अनिवार्य है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान भोला त्रिपाठी, समाजसेवी सत्य प्रकाश राय, हरी प्रसाद चैबे आदि उपस्थित रहे।

शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होताः वेद प्रकाश सिंह

आजमगढ़। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता उक्त बातें शनिवार को कंपोजिट विद्यालय अहिरौली शिक्षा क्षेत्र ठेकमा में प्रधानाध्यापक अक्षय कुमार के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व ब्लॉक समन्वयक वेद प्रकाश सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक जीवन पर्यन्त शिक्षा और बच्चों के प्रति समर्पित रहता है और इसी वजह से समाज में एक विशिष्ट दर्जा प्राप्त करता है। विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान नीरज गौड़ ने कहा कि मैने इनको हमेशा अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक देखा है। राहुल यादव ने कहा कि अक्षय कुमार आज भले ही अवकाश ग्रहण कर रहे हैं हम सभी शिक्षकों को इनकी कर्तव्यनिष्ठा का अनुकरण करने की आवश्यकता है। न्याय पंचायत के वरिष्ठ प्रधानाध्यापक यशवंत सिंह ने कहा कि अक्षय कुमार ने आदर्श शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए पूरी न्याय पंचायत का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन मनीष गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जयश्री यादव, सुनील यादव, संतोष कुमार, रेनु सिंह, मयंक राय, अबु सालिम, संजय यादव, सर्वेश गुप्ता, निर्मला देवी, शम्भूनाथ सिंह, रविकांत, मनोज यादव, अमित श्रीवास्तव, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

एडीओ पंचायत को दी गयी भावभीनी विदाई

जनसंदेश न्यूज

एडीओ पंचायत का माल्यार्पण करते प्रभारी डीपीआरओ श्रीकान्त दर्वे।

संजरपुर (आजमगढ़)। मिजार्पुर ब्लॉक में कार्यरत एडीओ वीडियो पंचायत सुरेश प्रजापति के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मिजार्पुर प्रतिनिधि बलवंत यादव व जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे रहे।

विदाई समारोह में ब्लाक के समस्त प्रधानगण क्षेत्र पंचायत सदस्य पंचायत मित्र व सम्मानित लोग सम्मिलित हुए। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे ने एडीओ पंचायत सुरेश प्रजापति को माला पहनाकर सम्मानित किया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बलवंत यादव ने एडीओ पंचायत को माला पहनाते हुए भावुक हो उठे उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी बहुत कम मिलते हैं जो गरीबों की बात सुनते हैं इन्होंने अपने कार्यकाल में पीड़ितों का बहुत ही मदद की है। ब्लॉक प्रमुख ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व ब्लॉक कर्मचारियों की तरफ से एडीओ पंचायत को उनके विदाई में एक नई बाइक दी गई इस अवसर पर उपनिदेशक पंचायत राज मंडल संजय बरनवाल, शक्ति शरण सिंह, उमा प्रसाद राय, बृजेश चैरसिया, राकेश यादव, विनीत सिंह, संजय कुमार यादव, मुकेश कुमार, मुकुंद कुमार, कमलेश यादव, लाला यादव, मानस राय, ओमप्रकाश सिंह, महमूदुल हसन, नामवर सिंह चक्रवर्ती यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्र, समाज व बुजुर्गो की सेवा सर्वोपरिः प्रो. अभिमन्यु

कार्यक्रम में मंचासीन अथितिगण।

आजमगढ़। कूबा पीजी कालेज दरियापुर नेवादा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के दिन स्वंयसेवक एवं स्वयंसेविका ने शिविर स्थल, विज्ञान प्रयोगशाा की साफ-सफाई के बाद सूरजनाथ सिंह आडिटोरियम हाल में प्रार्थना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रंगोली, पेंटिंग कार्य किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अभिमन्यु यादव ने बच्चो को इस शिवि से जो कुछ भी ज्ञान अनुभव मिला है अपने समाज में सच्चे भाव से फैलाने का कार्य का कार्य करें। राष्ट्र की सेवा, समाज की सेवा, अपने घर के बुजुर्ग की सेवा करना है वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना का उदेश्य है। कार्यक्रम में रामधीरज यादव, अमरकान्त सिंह एवं अन्य प्राध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप रधुवंशी एवं डा. राणा प्रताप सिंह ने शिविर में आये हुए सभी प्रशिक्षुओं को अपना अनुभव साझा किया।

जिसमें कार्यक्रम संचालन कर रहे राणा प्रताप सिंह ने प्रशिखुओं को इस सात दिन की विशेष शिविर से क्या क्या मिला और कैसे अपने जीवन में इसे साकार करें उस पर अपने विचार रखे।

कंपोजिट विद्यालय सरायमीर में प्रवेश उच्च स्तर पर

अभियान

शिक्षक अभिमन्यु की मेहनत ला रही रंग

अभिभावकों से मिल कर रहे हैं प्रचार प्रसार

अभिभावकों को विद्यालय की विशेषताएं बताते शिक्षक अभिमन्यु।

रानीकीसराय (आजमगढ़)। परिषदीय विद्यालयों में जहां अभी सर्व शिक्षा अभियान के कार्यक्रम तय किये जा रहे हैं वहीं जनपद में ऐसे भी विद्यालय हैं जो एडमिशन फूल की ओर अग्रसर हैं। प्राइवेट स्कूलों को मात दे रहे विद्यालय तंत्र द्वारा एक पखवाड़े से अभियान चल रहा है। इस विद्यालय का प्रचार अभियान अंतिम चरण में है। जब तक स्कूलों में सर्व शिक्षा अभियान शुरू होगा वहीं इस विद्यालय में नो एडमिशन का बोर्ड लग जायेगा। शुक्रवार को प्रचार अभियान क्षेत्र में भी हुआ।

इन दिनों परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाओं के बाद रिजल्ट की तैयारी चल रही है। एक पखवाड़े से कंपोजिट विद्यालय सरायमीर के शिक्षक अभिमन्यु यादव अपने विद्यालय में नामांकन के लिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं। यही नहीं प्रचार का अभियान रानीकीसराय व्लाक क्षेत्र में भी है। शिक्षक अभिमन्यु द्वारा जहां गांव में अभिभावकों के साथ बैठक कर अपने विद्यालय में शिक्षण गतिविधियों को बता रहे हैं वहीं अभी से बच्चों में कंपटीशन के गुर कैसे सीखेगे यह भी बता रहे हैं। अभिभावकों के साथ ही गांव गांव पंपलेट, वाहन से प्रचार का क्रम चल रहा है। शिक्षक के प्रयास की ही देन है कि अब तक एक सौ के करीब नये नामांकन हो चुके हैं। छात्र संख्या और विद्यालय में बैठने की व्यवस्था के हिसाब से शीघ्र ही नो एडमिशन का बोर्ड लगना तय है। शुक्रवार को क्षेत्र में प्रचार कर रहे शिक्षक अभिमन्यु ने कहा कि परिषदीय में एडमिशन के लिए कहीं भी छात्र मिले उन्हें प्रेरित करना है। इससें रानीकीसराय क्षेत्र के भी विद्यालय प्रभावित होगे। लगातार तीन बार से इस विद्यालय में नो एडमिशन का बोर्ड लग चुका है जो परिषदीय में जनपद के लिए गौरव है।

कंपटीशन के लिए अलग से कक्षाएं

रानी की सराय (आजमगढ़)। शिक्षक अभिमन्यु ने बताया कि इस विद्यालय में शुरू से ही छात्रो के अंदर कुछ करने की जिज्ञासा के तहत अलग से कंपटीशन की कक्षाएं चलती है। नवोदय विद्यालय मे प्रवेश परीक्षा की तैयारी या अन्य सभी की अलग से तैयारी कराई जाती है। शिक्षा की गुणवत्ता के दम पर यहा के छात्र भी फरार्टा इंग्लिश बोलते हैं।

आधुनिक सुख सुविधाओं से सुसज्जित है विद्यालय

रानी की सराय (आजमगढ़)। शिक्षक अभिमन्यु ने बताया कि विद्यालय मे आधुनिक सुविधाओं का भी प्रयोग होता है। प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षा का प्रयोग चार वर्षो से हो रहा है। खेल खेल मे गणित के सूत्र, विज्ञान, बच्चे सीखते है परिषर मे बने यंत्र से इसके अलावा समय समय पर छात्रो का सूदूर भ्रमण भी होता है जिससे दार्शनिक स्थानो के बारे मे छात्र सिखते है। विद्यालय प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर मात दे रहा है। इसलिए यहा प्राइवेट से भी छात्र एडमिशन के लिए प्रयासरत रहते है। शिक्षको की प्रखर टीम प्रिया राय, भवानी शंकर सिंह, रश्मि मौर्य भी शिक्षण मे निरंतर लगे रहते हैं।

तेज बरसात व तूफान से पेड़ धराशायी विद्युत आपूर्ति बंद, पेयजल संकट

जनसंदेश न्यूज

कलवारी। क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम तेज हवा के झोंकों के साथ हुई झमाझम बारिश से कई पेड़ आधी में गिर गये जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। बिजली आपूर्ति ठीक करने में लाइनमैन लगे हैं लेकिन शनिवार के दिन में भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बिजली के बार ट्रिपिंग से ग्रामीणों में आस जगी है की बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। बिजली आपूर्ति ठप होने से होने से कई गांव में अंधेरा पसरा है।

कलवारी, गुरुदेवनगर, जुड़ियां, बेलाही, रैकरा, खुटारी, बेदौली, देवदहा, गोपलपुर सहित अन्य गांव में अंधेरा पसरा है। पेड़ गिरने से बिजली के तार टूटे हैं वही विद्युत पोल भी धराशायी हुआ है। बिजली के खंभों के पास विशालकाय पेड़ लगे हैं जिससे हवा के झोंकों से पेड़ टूट कर बिजली के तारों पर गिर जाते हैं जिससे विद्युत बिजली आपूर्ति बाधित होती है। क्षेत्र में आपूर्ति बाधित होने से पेयजल किल्लत चरम पर है। क्षेत्र में डीप बोरिंग से ही पेयजल मिलता है डीप बोरिंग से पेयजल तभी मिलेगा जब बिजली रहेगी। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल करने की मांग की है।

जिससे पेयजल की समस्या को दूर किया जा सके। इस संबंध में जेई राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम आधी तूफान में पेड़ गिरने से बिजली तार टूट गया है। इंसुलेटर भी पंचर हो गया था। तूफान में तीन से चार पोल भी टूट गए हैं जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है। फाल्ट दूर होने पर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।

फसल नुकसान का स्थलीय सत्यापन करने पहुंचे एसडीएम सदर

जिगना। एसडीएम सदर चंद्रभानू सिंह ने शनिवार को छानबे क्षेत्र में असमय बरसात व कहीं कहीं ओलावृष्टि होने पर किसानों की फसल क्षति को देखने के लिए अकोढी, बबुरा, उचडीह, सुपंथा, परवा, जोपा, भैदपुर, निफरा, नदिनी, कुकुरौठी, रैपुरी, निबी गहरवार, नौगांव, बिहसडा कला, खमरिया कला, बदेवरा चौबे, किशनपुर, नरोईया, जिगना, यादवपुर, खमरिया व दमुआन बरइबरी आदि जगहों पर हुए नुकसान का स्थलीय सत्यापन किया। बताया कि जिस ढंग का नुकसान हुआ है उसको शासन तक प्रेषित किया जाएगा। नुकसान का आकलन करने के बाद शासन को रिपोर्ट भेजने को कहा। इस दौरान लेखपाल ओम प्रकाश उर्फ शेखू उपाध्याय, श्याम, जासा बघौरा की लेखपाल प्रीति तिवारी भी मौजूद रहे।

फसलों के नुकसान का आंकलन करते एसडीएम

ग्राम सभा की नाली से कब्जा मुक्त कराने की लगाई गुहार

नहीं मिल रहा न्याय

तहसील प्रशासन से लेकर स्थानीय पुलिस तक से की गई शिकायत

राजगढ़। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत पुरैनियां गांव में ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि पर बनें नाली को कब्जा कर बाधित किया जा रहा है। जिससे परेशान ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से लेकर स्थानीय पुलिस से शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन अभी तक पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं दिलाया जा सका। थाना क्षेत्र के पुरैनियां गांव निवासी ई0 चन्द्रमा प्रसाद सिंह पुत्र भागवत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने गांव के ही अजय पुत्र राधेश्याम, बालेन्द्र उर्फ मल्लू पुत्र स्व सोहन, शिवेंद्र उर्फ बब्बू पुत्र अजय, पर आरोप लगाया है कि उक्त तीनों व्यक्तियों ने सामूहिक रूप से ग्राम सभा की नाली पर अवैध रूप से कब्जा जमा रहे हैं और नाली के दोनों तरफ खंभा गाड़कर प्रभावित कर रहे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार 8 फीट चौड़ी नाली को मोटी पटिया से ढका गया है जिसपर लोगों का आवागमन भी होता है और खेती किसानी करने में भी सहूलियत मिलती है लेकिन दबंगों के चुनावी रंजिशन नाली पर बनें रास्ते को रोका जा रहा है जिससे परेशान प्रार्थी व ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस से कई बार शिकायत दर्ज कराई लेकिन दबंगों पर कोई असर नहीं पहुंचा। ऐसे में प्रार्थी का मामला जस का तस बना हुआ है।

ज्ञात हो कि प्रार्थी चन्द्रमा प्रसाद सिंह एवं उनका परिवार लखनऊ में सेवारत हैं। और पुरैनियां गांव में 4 एकड़ जमीन है। नाली पर बनें रास्ते से खेती बाड़ी काम सम्पादित किया जाता है लेकिन नाली पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिससे गांव वापस आने पर हर साल विवाद खड़ा हो जाता है।

जिसके संबंध में प्रार्थी बार बार अधिकारियों के चक्कर लगाते लगाते थक चुका है लेकिन न्याय तक नहीं पहुंच सका। ऐसे में प्रार्थी ने ग्राम सभा की नाली को कब्जा मुक्त कराने के लिए उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है।

संक्षेप

शिक्षा क्षेत्र में बहुत आगे जा रहा है देश : राजू कन्नौजिया

जिगना। पूर्व माध्यमिक कमपोजिट विद्यालय जासा बघौरा विद्यालय पर शनिवार को विद्यालय के बच्चों व विद्यालय स्टाफ द्वारा वार्षिकोत्सवत्सव मनाया गया। जिसमें बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया विशिष्ट अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव रहे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा क्षेत्र में देश बहुत आगे जा रहा है। गांव गिराव के स्कूलों से भी बच्चे पढ़ कर अच्छे स्थानों पर पहुंच रहे। इसमें अच्छे अध्यापकों का भी बहुत बड़ा योगदान है। इस दौरान एमएलसी प्रतिनिधि प्रेम बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान संतोष सिंह पटेल, प्रधानाध्यापक विजय बहादुर यादव, शांति प्रकाश, पंचम सिंह, मंजुला, प्रधानाध्यापिका जूली गौतम मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन बेसिक शिक्षा वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह पटेल ने किया।

41 वर्ष 4 माह की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए अखिलेश

चुनार। 41 वर्ष 4 माह के सेवा के पश्चात शुक्रवार को पीडीएनडी इण्टर कॉलेज के मनोविज्ञान के वरिष्ठ प्रवक्ता अखिलेश पांडेय सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर कॉलेज में उनकी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें श्री पांडेय के द्वारा कॉलेज में दी गयी। उनकी सेवा पर प्रकाश डालते हुए प्रवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि श्री पांडेय की सेवानिवृति इस कॉलेज के एक युग का अंत है। अन्त में श्री पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य रामवृक्ष राम, गणेश प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार यादव, विष्णुराम, प्रमोद गुप्ता, श्रीनिवास पांडेय, सुरेंद्र नाथ पांडेय, जय प्रकाश दुबे, डॉ 0 संतोष कुमार मिश्र, सतीश कुमार चौबे, काशीनाथ जोशी, प्रदीप कुशवाहा, अंशुमान पांडेय, आदित्य पांडेय सहित कॉलेज के अध्यापक एवम कर्मचारी उपस्थित रहे।

बुढ़ापे का सहारा है पुरानी पेंशन : डॉक्टर शिशुपाल सिंह

जमालपुर। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कैमा रसूलपुर स्थित विद्यालय पर शिक्षकों ने शनिवार को पेंशन बहाली को लेकर शैक्षणिक कार्य करते हुए हाथ पर काली पट्टी बांधकर सरकार की नीतियों का विरोध किया। डॉक्टर शिशुपाल सिंह ने बताया कि कोई भी सांसद, विधायक, एमएलसी यदि दो बार या चार बार चुना जाता है, तो उसे उतनी बार का पेंशन मिलता है और सरकारी कर्मचारी साठ साल तक सरकार की सेवा करने के बाद उसे पेंशन से बेदखल कर दिया गया है। जो उचित नहीं है। इसलिए हम शिक्षक गण गांधीवादी तरीके से कार्य करते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रहे हैं। पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। इसलिए सरकार जल्द से जल्द इसे लागू करें। इस दौरान शिक्षक डॉ नीलू सिंह, विनोद शर्मा, अनीता सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, राधिका, नम्रता, रेनू, चंचल, प्रिती सिंह, राजेश सिंह, आशीष कुमार, अजय विक्रम, सुभाष सिंह पटेल, संदीप कुमार, तरुण, तपेश कुमार, दिवाकर सिंह पटेल, ओम प्रकाश पांडे सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

निष्पक्षता से करायें उप चुनाव : एएसपी नक्सल

लालगंज। छानवे विधानसभा उप चुनाव के दृष्टिगत एसपी ऑपरेशन ओपी सिंह ने शनिवार को लालगंज थाने पर समीक्षा की। बैठक चुनाव को लेकर दिशा निर्देश में उन्होंने निष्पक्ष चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने की पुलिस कार्रवाई की समीक्षा की। एसपी ऑपरेशन ने पूर्व में हुए चुनाव में व्यवधान डालने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी की। इसके अलावा अवैध व कच्ची शराब बरामद ने अवैध असलहा बरामदगी तथा लाइसेंसधारियों से शस्त्र जमा कराने का निर्देश दिए। मतदान केंद्रो का भौतिक सत्यापन सभी क्रिटिकल अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी लिया। अतिरिक्त व्यवस्था एवं इलेक्शन कमीशन द्वारा जारी गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन कराने का निर्देश दिए। एसडीएम भरत लाल सरोज ने शांतिपूर्ण तरीके से उप चुनाव संपन्न कराने की आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर सीओ दीक्षांत राज, कोतवाल ज्ञानुप्रिया, क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश पांडेय, एसआई सदानंद सिंह, धर्मनाथ भार्गव आदि रहे।

हर घर जल, नल योजना की चोरी हुई पाइप बरामद

अहरौरा। थाना क्षेत्र के घाटमपुर एसार पेट्रोल पंप के समीप मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर डीसीएम ट्रक में नमामि गंगे के तहत हर घर नल योजना अंतर्गत निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए जा रहे पाइप को चुराकर दो चोर सोनभद्र की तरफ ले जाकर कहीं बेचने की फिराक में थे। मुखबिर की सूचना पर बताए हुए स्थान पर पुलिस ने पहुंचकर पता किया मुखबिर ने इशारे से ट्रक व चोरों की शिनाख्त कराई जिस पर पुलिस ने दो लोगो को पकड़कर एक डीसीएम ट्रक व उस पर लदे 14 पाइपों को बरामद कर स्थानीय थाने ले आए। पकड़े गए ड्राइवर/वाहन स्वामी अमित कुमार शर्मा निवास, थाना नवाब गंज जिला फरुर्खाबाद उसका साथी दीपू राठौर पुत्र राधे लाल थाना बिलग्राम जिला हरदोई को संबंधित धाराओं में मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया।

गांव में खड़ी बाइक उठा ले गये चोर

चील्ह। स्थानीय थाना क्षेत्र के सारीपट्टी गांव में बाइक खड़ी कर गये मजदूर का बाइक चोरी हो गई। मजदूर ने पुलिस चौकी चेतगंज में बाइक चोरी होने की तहरीर दिया है। जानकारी के अनुसार चील्ह थाना क्षेत्र के सारीपट्टी गांव निवासी प्रदीप मजदूरी तथा मजदूरों से काम कराने का ठेका भी लेता है जिसको लेकर वह शनिवार को गांव के एक व्यक्ति के यहां बाइक खड़ा कर मजदूरों को गांव में खोजने के लिए गया था, कि लौट कर आया तो बाइक चोरी हो गई थी। काफी खोजबीन करने के बाद प्रदीप ने बाइक चोरी की तहरीर पुलिस चौकी चेतगंज में देकर बाईक बरामद कराने की मांग की है। उक्त संबंध में पुलिस चौकी चेतगंज प्रभारी हरिकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है बाईक की खोजबीन की जा रही है।

अवैध शराब निर्माण के खिलाफ चलाया गया अभियान

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के कंजड़ बस्ती में अवैध शराब को रोकने के लिए थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया की संयुक्त टीम लहंग पुर चौकी इंचार्ज व बरौधा चौकी इंचार्ज मय स्टाफ के साथ दबिश दिया गया। दबिश के दौरान 10/10 लीटर शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में लहन नष्ट करते हुए भट्ठियां तोड़ी गई। थाना प्रभारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध शराब बनाते पाया जाता है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि आवश्यक छापेमारी के पहले ही अवैध शराब कारोबारियों ने घर छोड़कर भाग गए। औचक दबिश को लेकर हड़कंप मच गया।

ट्रेन से गिरकर घायल हुए अधेड़ की उपचार को ले जाते समय मौत

अदलहाट। स्थानीय थाना अन्तर्गत ग्राम दर्रा के सामने ट्रेन से गिरकर घायल हुए अधेड़ का उपचार को ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गयी। चौकी इंचार्ज नरायनपुर राकेश राय ने बताया कि शनिवार को दिन में लगभग 12 बजे रेलवे से मिली जानकारी पर मौके पर पहुँचनें पर घायल अधेड़ ने अपना नाम राजाराम बिंद 40 वर्ष पुत्र रामनरायन ग्राम रसूलपुर सरया थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर बताया। जिसे उपचार के लिए एम्बुलेंस से चुनार भेज दिया। घायल अधेड़ का बीच रास्ते मे ही मौत हो गयी। शव को चुनार स्थित मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है। घटना की जानकारी परिजनो को देकर बुला लिया गया है। चौकी इंचार्ज के अनुसार मृतक की माता सरिता देवी ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी। पत्नी मायके में ही रहती है। वे कोई काम नही करते थे।

परिणाम के साथ पुरस्कार व प्रमाण पत्र पाकर चहके विद्यार्थी

हलिया। परीक्षा फल वितरण सम्मान समारोह का आयोजन यूओ कान्वेंट स्कूल कोटा शिव प्रताप सिंह में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष लालगंज ज्ञानुप्रिया मां सरस्वती का पूजन किया। बच्चों को पुरस्कृत किया। समाजसेवी नवीन तिवारी अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित होकर मेधावियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित। इस दौरान प्रधानाचार्य गुलाबचंद भी मौजूद रहे।

बीएसएनएल में बनेगा आधार कार्ड

लालगंज। भारत संचार निगम लिमिटेड के तहसील के पास स्थित कार्यालय में आधार कार्ड बनाए जाएंगे। जिसमें नए आधार कार्ड बनाना, एवं संशोधन का कार्य होगा। अभी तक बैंक, डाकघर में आधार कार्ड बनाने की सुविधा है लेकिन अव्यवस्था के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब बीएसएनएल की सीएससी आधार सुविधा चालू होने से लोग आसानी से अपना आधार पंजीकरण, संशोधन आदि करा सकते हैं। आधार सेवा केंद्र पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को यह सुविधा सुबह दस से शाम चार बजे तक मिलेगी। यह जानकारी बीएसएनएल जेटीओ संजय कुमार ने दिया। इस अवसर पर बीएसएनएल के नेब्बूलाल आदि मौजूद रहे।

शराब लदी स्कार्पियो ट्रक से भिड़ी

अंधेरे का लाभ उठाकर तस्कर हुए फरार

अहरौरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित कुदारन चौराहे पर हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब लदी तस्करों की स्कार्पियो की देर रात ट्रक से टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो में 40 पेटी शराब लादकर तस्कर सोनभद्र से टेंगरा मोड़ की तरह जा रहे थे। तभी तस्करों का वाहन थाना क्षेत्र के कुदारन चौराहे के समीप ट्रक से दुर्घटना के बाद छतिग्रस्त हो गई।

चौराहे के समीप हुई ट्रक से टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शराब तस्कर कुछ समझ पाते तब तक दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। अंधेरे का लाभ उठाकर शराब तस्कर शराब समेत वाहन छोड़कर भागने में सफल रहे। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लदे 40 पेटी अलग-अलग ब्रांडों की महंगी शराब बरामद किया। रॉयल स्टेज 17 पेटी, ब्लेंडर प्राइड 12 पेटी, जानी वाकर ब्लेंड स्काच रेड लेबल 11 पेटी, जिनकी मात्रा 780 बडी बोतल थी। पूर्व में भी शराब तस्करों के वाहन शराब समेत पकड़े गए हैं। अक्सर हरियाणा निर्मित शराब को बिहार ले जाकर तस्करी करते हैं। पुलिस ने शराब समेत गाड़ी को कब्जे में लेते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

सिलेंडर लदा ट्रक पलटा बाल-बाल बचा चालक

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत हिनौता गांव में राजगढ़ चुनार मार्ग पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पास शनिवार को गैस सिलेंडर लेकर चुनार से झारखंड जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी। जिससे चालक रोहित कुमार यादव पुत्र अशर्फी लाल उम्र 24 वर्ष निवासी मुजफ्फरपुर बिहार बाल बाल बच गया। चालक ने बताया कि ट्रक का स्टेयरिंग जाम होने से हादसा हो गया।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

बोर्ड का तार ठीक करते समय घटी घटना

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में शुक्रवार को घर के अंदर बिजली का तार ठीक करते समय करंट चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिलहटा गांव निवासी रंगीलाल का 35 वर्षीय पुत्र अमरजीत घर के अंदर लगे बोर्ड का तार ठीक कर रहा था कि बिजली के करंट के चपेट में आ गया।

चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचकर लाठी डंडे से पीट कर तार को छुड़ाते हुए आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहाँ डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में दूसरे नम्बर बताया गया। मौत की जानकारी होते ही पत्नी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में किया प्रदर्शन

नाराजगी

राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा

जनसंदेश न्यूज

हलिया। ब्लाक मुख्यालय पर शनिवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव व ब्लाक प्रभारी अमरनाथ पांडेय ब्लाक अध्यक्ष अश्वनी दुबे की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन बीडीओ कुलदीप कुमार को सौंपा।

राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में बताया कि हलिया ब्लाक के कांग्रेसजन राहुल गांधी के समर्थन में देश और प्रदेश को बचाने के लिए हर तरह से लड़ाई लड़ेंगे। सांसद राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेस जनों में रोष व्याप्त है। भाजपा द्वारा लगातार गला घोंटने का काम किया जा रहा है। राहुल गांधी की बढ़ती हुई लोकप्रियता से भाजपा सरकार षड्यंत्र रचकर राहुल गांधी की आवाज दबाना चाहती है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म कर देना लोकतंत्र की हत्या के बराबर है। ऐसा ही रहेगा तो कांग्रेस जन सड़क पर उतरकर बीजेपी सरकार के खिलाफ आवाज उठाएंगे। ब्लाक प्रभारी अमरनाथ पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों का डटकर मुकाबला किया जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष अश्वनी दुबे ने कहा कि राहुल गांधी की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है जब तक उनकी सदस्यता वापस नही होती है लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान अखिलेश पांडेय, बंधुयादव, चंद्रमोहन, विनय कुमार, पांडेय, रघु प्रसाद, हीरा कोल, विनय दुबे, शिव पूजन, विपिन जैसल, परशुराम मौर्य आदि मौजूद रहे।

बैठक में शामिल कांग्रेसी

रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

हलिया। विकास खंड के गलरा व खुटहा गांव में शनिवार को स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग की ओर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रैली निकालकर ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। कंपोजिट विद्यालय गलरा व प्राथमिक विद्यालय खुटहा के बच्चों ने रैली निकालकर स्वच्छता अपनाएं बीमारी भगाएं, जन जन का यही है नारा संचारी रोग मुक्त हो गांव हमारा, कुंए ढके हों जाली से बहे गन्दगी नाली से आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया।

गलरा ग्राम पंचायत में आशा संगिनी आरती मिश्रा के नेतृत्व में प्रभारी प्रधानाध्यापक कविता सिंह, योगेश यादव, मनकामना मिश्र संग स्कूली बच्चों ने मुस्लिम बस्ती, पंचायत भवन मार्ग, आदिवासी कहार बस्ती में रैली निकालते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। खुटहा गांव में प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय पांडेय के नेतृत्व में बच्चों ने रैली निकाली। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरूण मिश्र, एएनएम मुनक्का देवी, दिवाकर द्विवेदी, शिक्षक संदीप सोनकर, दीक्षा केसरवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती संगीता सिंह, आशा कार्यकर्ती श्यामा शुक्ला, मीना तिवारी, रन्नो देवी, नीतू मिश्रा आदि मौजूद रहीं।

रैली निकालकर जागरूक करते कर्मचारी

रैली निकाल कर किया जागरूक

जिगना। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सर्रोई पर शनिवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रत्नाकर मिश्रा के अगुवाई में संचारी रोग नियंत्रण रैली और संकल्प यात्रा सभी आशा संगिनी की उपस्थिति में निकाला गया और संकल्प दिलाया गया। इस दौरान बताया गया कि मलेरिया डेंगू टीबी सर्दी जुखाम जैसी बीमारियों से किस ढंग से बचाव किया जाए। उसके बारे में बताया गया। तत्पश्चात सभी 251 आशा संगिनी को छाता वितरित किया गया। बताया गया कि गांव गांव जाकर संचारी रोगों से किस प्रकार बचाव किया जाए। उसका प्रचार प्रसार करना व स्वच्छता संबंधित जानकारी वितरित दी जाए। इस दौरान दौरान रमेश कुमार सिंह, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

टेंपो चालक समेत मनबढ़ युवकों ने दुकानदार को पीटा

मीरजापुर। मंडी चौकी क्षेत्र के सेप्टन मिल के पास स्थित गिफ्ट की दुकान में घुसकर कुछ मनबढ़ युवकों ने दुकानदार को पीट दिया। शुक्रवार की देर शाम मंडी चौकी क्षेत्र के सेप्टन मील के पास स्थित गिफ्ट की दुकान के सामने टेंपो चालक टेंपो खड़ा किए हुए थे जिसको लेकर दुकान संचालक शिव कुमार जयसवाल पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र जायसवाल ने टेंपो को सामने से हटाने के लिए कहा जिसको लेकर दोनों में विवाद हो गया। जिसके बाद टेंपो चालक समेत कुछ मनबढ़ लोगों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर दुकानदार को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीटने के बाद मनबढ़ युवक वहां से फरार हो गए। वहीं परिजनों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। दुकानदार लहूलुहान देख स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों के द्वारा जिला मंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां घायल दुकानदार का उपचार चल रहा है। वहीं परिजनों ने कटरा थाने में तहरीर देकर टेंपो चालक सहित मन बढ़ युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। टेंपो चालक सहित मनभर युवकों को दुकानदार को पीटने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी बहुत तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

पाइप बिछाने के बाद तीन दिन के अंदर उस स्थल को करें ठीक : एडीएम

गढ्ढे पाये जाते हैं तो सम्बन्धित के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

बैठक में शामिल एडीएम व एनजी

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं राज्यमार्ग प्राधिकरण के किनारे अवरोधयुक्त स्थालों पर पाइप लाइन बिछाने सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि आपसी समन्वय बनाते हुये कार्यो में आ रही कठिनाईयों को दूर कराते हुये कार्य में प्रगति लायें।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि उनके कराये जो भी पाइप लाइन बिछायी जा रही है पाइप बिछाने के बाद तीन दिवस के अन्दर उस स्थल को ठीक करा दिया जाय। यदि तीन दिवस के बाद जिस स्थान पर पाइप लाइन बिछायी गयी है वहां पर गढ्ढे पाये जाते है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने अधिशासी अभियन्ता जल निर्देशित करते हुये कहा कि योजना के तहत जो भी कार्य कराये जा रहे है उसकी प्रतिदिन मानिटरिंग करायें। उन्होने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि अपना मैन पावर बढ़ाते हुये कार्य में तेजी लायें। राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं राज्यमार्ग प्राधिकरण निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य समय से पूर्ण कराये जिससे जनता को लाभान्वित किया जा सकें। बैठक में उ0प्र0 जल निगम के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्तागण, विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0 आई0 एवं पी0एम0 सी0 के टीम लीडर व राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं राज्यमार्ग प्राधिकरण प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

खुलेआम गेहूं की खरीद फरोख्त कर रहे बिचौलिए

मनमानी

खाद्य विभाग की टीम के पहुंचने पर भागे

जनसंदेश न्यूज

हलिया। विकास खंड के हलिया लालगंज मार्ग स्थित मझियार गांव संकट मोचन पेट्रोल पंप पर गेहूं की खरीद फरोख्त कर बिचौलियों द्वारा पिकप और ट्रैक्टर के माध्यम से ट्रक पर लादकर बाहर निर्यात करने के लिए भेजे जाने पर खाद्य विभाग के राजकीय विपणन केन्द्र मवई कलां में बनाए गए गेंहू क्रयकेंद्र प्रभारी नारायण दूबे ने ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर गेंहू का निर्यात किए जाने पर बिचौलियों से जिलाधिकारी द्वारा गेंहू निर्यात पर रोक लगाए जाने का हवाला देते हुए गेंहू खरीद संबंधित कागजात की मांग की तो ट्रक चालक मौके से हलिया की तरफ भाग निकला।

इस संबंध में क्रयकेंद्र प्रभारी नारायण दूबे ने बताया कि शासन द्वारा लेकिन गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई है लेकिन सोठिया कलां गांव निवासी एक व्यापारी द्वारा खुलेआम गेंहू खरीदकर बाहर भेजा जा रहा है। व्यापारी द्वारा खुलेआम गेंहू की बिक्री किए जाने के मामले की जानकारी एसडीएम लालगंज सहित खाद्य विभाग व मंडी समिति के अधिकारियों को दे दी गई है।

पिकप पर लदा गेंहू

हाट शाखा पर किसानों की उमड़ी भीड़

गेहूं खरीद के लिए लगाया गया टोकन

कलवारी। कलवारी स्थित हॉट शाखा पर गेहूं बेचने के लिए क्रय केंद्र पर किसानों की भीड़ सुबह से ही किसानों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। गेहूं बेचने के लिए किसान क्रय केंद्र पर टोकन लेने के लिए पहुंचे जहां पर किसानों की भीड़ जुटी रही। हांट शाखा पर किसानों का नंबर लगाया गया। हॉट शाखा पर गेहूं बेचने के लिए किसानों का दबाव रहता है। क्रय केंद्र पर किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना हो इसके लिए क्रय केंद्र प्रभारी के द्वारा सुविधाएं सुनिश्चित कराई गई है। क्रय केंद्र का जायजा लेने तहसीलदार फूलचंद यादव पहुंचे। जहां पर गेहूं खरीद के लिए किसानों के नंबर लगाए जा रहे थे और किसानों को टोकन दिया गया। टोकन में धांधली ना हो तहसील प्रशासन ने कमर कस ली है। क्रय केंद्र प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि हॉट शाखा पर सोमवार से किसानों उपज (गेहूं) की फसल क्रय किया जाएगा। पहले दिन 200 किसानों का अंकन रजिस्टर में किया गया है। सरकार द्वारा निर्धारित गेहूं खरीद का मूल्य 21.25 पैसा प्रति कुंटल है।

निरीक्षण करते तहसीलदार मड़िहान

अडानी के सवाल पर उत्तर देने से बच रही केंद्र सरकार : अर्चना चौबे

जनसंन्देश न्यूज

लालगंज। स्थानीय क्षेत्र के कठवार गांव में प्रदेश कार्यसमिति की सदस्या अर्चना चौबे ने पत्रकार वार्ता में कहा कि संसद में अडानी के सवाल पर केंद्र सरकार उत्तर देने से बच रही है और राहुल गांधी का विरोध करके अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ प्रक्रिया नहीं है।

कहा कि कांग्रेस सवाल के माध्यम से देश को दिखाना चाहती है कि गौतम अडानी की गतिविधि देश विदेश में क्या है, इसे जनता को जानने का पूर्ण रूप से अधिकार है। किसान कर्ज से परेशान है जिसका कर्ज माफ की जाने की जरूरत है। अड़ानी के कर्ज माफी से किसानों का भला नहीं होगा। कांग्रेस के मजदूर इंटक राष्ट्रीय सचिव शशिभूषण दुबे ने कहा कि कांग्रेस गरीबों, मजदूरों की लड़ाई लड़ती है उसके क्रिया कलाप लोकतांत्रिक हैं, जिससे लोकतंत्र जीवंत और निरंतर बहुलवादी और सामूहिक गतिविधियों से मजबूत होता है।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर पांडये, जिलायुवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष संकटमोचन त्रिपाठी, अमिताभ पांडेय, अशोक पटेल, राजन निषाद, योगेश रंजन, रोशन, अनिल सिंह आदि लो

स्कूल चलो, संचारी रोग नियंत्रण अभियान का राज्यमंत्री संजीव गौंड़ ने किया शुभारंभ

अभियान

सीएम के स्कूल चलो अभियान शुभारंभ का कम्पोजिट विद्यालय हिन्दुआरी में दिखाया गया प्रसारण

सोनभद्र। कम्पोजिट विद्यालय हिन्दुआरी परिसर में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा स्कूल चलो अभियान तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुभारंभ कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा गया। लाइव प्रसारण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौंड़, डीएम, डायट प्राचार्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरजी यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी, स्कूल के शिक्षक व बच्चों ने देखा। जिले में अभियान का शुभारंभ राज्यमंत्री व जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलन कर व गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। राज्यमंत्री ने बताया कि स्वस्थ तन व स्वस्थ मन के मूल मंत्र है। उन्होंने इस नूतन सत्र के अवसर पर संचारी रोगों से स्वास्थ्य रक्षा करते हुए नौनिहालों को अध्ययन करने की शुभकामनाएं दी व निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का सेट विद्यालय के बच्चों व नव नामांकित छात्र छात्राओं को उपहार स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकगणों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। शिक्षकगण इस अभियान के दौरान घर-घर जाकर, चैपाल के माध्यम से स्कूलों में बच्चों के दाखिला के लिए अभिभावकगण को प्रेरित करते हुए जागरूक करें और ऐसे बच्चों का चिन्हीकरण किया जाये। डीएम ने उनके अभिभावक को शिक्षा के महत्व के विषय में जानकारी दिया जाये और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाये। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को स्कूलों में प्रवेश के लिए विशेष बल दिया जाये। इस मौके पर डीआईओ विनय सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारीगण, शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारीगण समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ करते राज्यमंत्री

समन्वय स्थापित कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को बनायें सफल-डीएम

सोनभद्र। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ शनिवार को डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय राबर्ट्सगंज से रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा। इस विशेष अभियान में सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। डीएम ने कहा कि नगर पालिका/नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, शहरों और गांवों में विशेष सफाई अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि सूकर बाड़े मालिकों का साफ-सफाई के प्रति संवेदीकरण कराया जायेगा, इसके अतिरिक्त आशा व ऑगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर जाकर बुखार के रोगी, क्षय, कोविड, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण किया जायेगा तथा उनकी लाइन लिस्टिंग बनायी जायेगी। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सर्विलांस अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

रेलकर्मी पर हमला करने के मामले में केस दर्ज

ओबरा। स्थानीय थाना अंतर्गत बीते गुरुवार की देर रात ड्यूटी से लौट रहे रेलवे कर्मी पर अज्ञात लोगो द्वारा हमला करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।बतादे कि सेक्टर दस निवासी रेलवे कर्मी तारकेश्वर शर्मा पुत्र स्व. परदेशी बीते गुरुवार की रात लगभग साढ़े बारह बजे ओबरा डैम रेलवे स्टेशन से ड्यूटी कर घर वापस लौट रहे थे। जब वे सेक्टर दस शिव मंदिर के पास पहुंचे तो वहां पहले से खड़े अज्ञात लोग उनकी मोटरसाइकिल रोककर उनसे विवाद करने लगे। इस दौरान उनमें से किसी व्यक्ति ने पीछे से पत्थर से हमला बोल दिया जिससे रेलवे कर्मी तारकेश्वर घायल हो गए। जैसे तैसे घायल हालत में उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस कर्मियों को देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए थे। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बकाया मजदूरी के लिए संविदा श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

टीएसी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते श्रमिक

बीजपुर। तीन महीने से संविदा श्रमिकों का मजदूरी भुगतान नहीं होने नाराज मजदूरों ने शनिवार को एनटीपीसी टी ए सी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर भुगतान के लिए आवाज बुलंद की। घंटों हंगामे के पश्चात मौके पर पहुंचे टी ए सी के उप महाप्रबन्धक आशीष मण्डल ने 10 दिन में मजदूरी भुगतान कराने का आश्वासन दिया, जिसपर मजदूर अपने कार्य पर लौट गए। श्रमिक नेता ईश्वर प्रसाद ने बताया कि मजदूरों का बकाया भुगतान कराने के लिए हस्ताक्षर युक्त पत्र परियोजना के उच्चाधिकारियों को दिया था। आश्वासन दिया गया था कि एक पखवाड़े के अंदर समाधान करा दिया जाएगा, लेकिन माहभर बाद भी मजदूरों का भुगतान नहीं कराया गया। जिससे विवश होकर मजदूर हंगामा करते हुए धरना प्रदर्शन करने लगे। राम बिचार के हस्तक्षेप के पश्चात टी ए सी के उप महाप्रबन्धक ने मजदूरों को समझाकर 10 दिन में भुगतान कराने का आश्वासन दिया, जिसपर मजदूर कार्य पर वापस हो गए।

संक्षेप

एसडीएम ने गेहूं क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

घोरावल। एसडीएम रमेश कुमार ने शनिवार को गेंहू क्रय की तैयारियों की समीक्षा की। विभाग द्वारा 1 अप्रैल से खरीद शुरू करने के निर्देश है। परंतु फसल तैयार नहीं होने से पहले दिन आवक नही हुई है। क्रय केन्द्र प्रभारी ने बताया कि बरसात के कारण फसल तैयार नहीं हो पाई है। इसलिए किसान उपज लेकर बेचने नहीं आ रहे हैं। एक सप्ताह बाद खरीद के लिए किसानों का क्रय केंद्रों पर आना शुरू होने की संभावना है। मंडी घोरावल में जगदीश सिंह और पिपरवार में अनूप चौधरी तथा डोहरी केंद्र पर प्रभारी गणेश प्रसाद उपस्थित रहे। क्रय केंद्र पर ई पाप मशीन, बैनर, कांटा, बोरा, डस्टर अभिलेख आदि की व्यवस्था की जांच की गई। सभी लेखपालों को गेंहू खरीद के लिए किसानो के रजिस्ट्रेशन का सत्यापन समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

वृद्ध का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

रामगढ़। रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर गांव में शनिवार को सड़क किनारे वृद्ध का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर उसकी पहचान करा पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शव की पहचान विश्वनाथ पासवान 68 पुत्र छोटक पासवान निवासी रघुनाथपुर के रूप में हुई। शव को देखकर हत्या की आशंका जतायी जा रही है। मृतक के दोनों पुत्र ओमप्रकाश व गंगासागर चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं। थाना प्रभारी रामदरस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया गया। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो मृतक के गले पर गहरे जख्म के निशान थे, जिससे आशंका है कि हत्या कर शव को यहां लाकर फेक दिया गया है।

दुष्कर्म के मामले में युवक पर मुकदमा दर्ज

डाला। स्थानीय चौकी क्षेत्र के डाला में आठ दिन पूर्व हुए नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामल में एक युवक के विरुद्ध चोपन पुलिस मुकदमा पंजीकृत करके आरोपी की तलाश में जुट गई। शुक्रवार की देर रात्रि चोपन थाना मे नाबालिग बालिका मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया की युवक 23 वर्षीय आकाश पुत्र ईश्वर सिंह निवासी चंडी होटल बभनौली रावर्टसगंज, मेरे मकान में किराये के मकान में रहकर निजि सीमेंट कम्पनी में मजदूरी करता है, युवक आकाश ने आठ दिन पूर्व 25 मार्च को साढे सात बजे मेरी बेटी को रोटी बनाने के बहाने बुलाकर जबरन दुष्कर्म किया, दुष्कर्म की वजह मेरी पुत्री का तबीयत खराब हो गई है। दुष्कर्म की जानकारी होते के पश्चात युवक घर छोड़कर फरार हो गया। इस सन्दर्भ में चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि मां की तहरीर के आधार पर एक युवक आकाश पुत्र ईश्वर सिंह निवासी चंडी होटल बभनौली रावर्टसगंज के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके तलाश की जा रही है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो घायल

डाला । स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर के समीप शनिवार की देर सायंकाल हाईवा ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस ने दोनों घायल को एंबुलेंस से चोपन अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार 38 वर्षीय शिव मुरत पुत्र सूरज लाल, 45 वर्षीय रामबली पुत्र विजय बहादुर दोनो मोटरसाइकिल सवार गुरमुरा के रहने वाले है। हाईवा की टक्कर लगने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। डाला चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्घटना मे घायल लोगों को इलाज के लिए चोपन भेजकर हाइवा को चौकी परिसर में खडा करा दिया गया है। घटना के संबंध में तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

सूकर पालकों को बताये गये बीमारियों से बचाव के उपाय

बीजपुर। जनपद में चलाए जा रहे पशु संचारी रोग जागरूकता अभियान के क्रम में शनिवार को राजकीय पशु चिकित्सालय द्वारा प्रधान दशमति गुप्ता की उपस्थिति में गांधी धाम के सुकर पशु पलकों को जागरूक किया गया। पशु चिकित्साधिकारी हेमन्त कुमार ने गांधी धाम के सुकर पलकों को संचारी रोग से बचाव व उसके उपाय बताए गए। उन्होंने पशु पालकों से कहा कि बस्तियों में साफ सफाई और जल भराव न होने का विशेष ध्यान रखें, जिससे पशुओं से इंसानों में होने वाली बीमारी से बचा जा सके। सूकर बीमारी से इंसानों में इंफेक्शन द्वारा आपनिज इंसेफ्लाइटिस, हेपेटाटिस ई,स्वाइन इंफ्लेन्जा, हैजा फैल जाती जो कभी कभी भयावह रूप ले लेती है।

सेवानिवृत्त कर्मियों का अभिनंदन समारोह आयोजित

जनसंदेश न्यूज

अवसर

समारोह में सभी सेवानिवृत कर्मचारियों का किया गया सम्मान

शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली से मार्च माह में सेवानिवृत हुए एनटीपीसी कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एनटीपीसी गीत से हुई। राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली एवं सतीश कुमार गुजरानिया महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों राज कपूर संचालन विभाग, दीपा बंसारिया चिकित्सा विभाग, एस. रामचंद्रन परियोजना निर्माण विभाग, अजय कुमार दुबे सीएंडएम विभाग को पुष्पगुच्छ एवं फूल माला से अभिनंदन किया गया।

परियोजना प्रमुख ने निष्ठा एवं समर्पण भाव से सेवा प्रदान करने हेतु सेवानिवृत कर्मचारी गण के प्रति आभार प्रकट किया तथा उन्हें पूर्ण लगन एवं कर्मठता के साथ स्वस्थ एवं मंगलमय जीवनयापन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया। महाप्रबंधक प्रचालन व अनुरक्षण ने सिंगरौली स्टेशन की उपलब्धियों के लिए सेवानिवृत कर्मचारियों के योगदान हेतु उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। अभिनंदन समारोह में सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा एनटीपीसी के अपने अनुभव से उपस्थित जनों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर एल के बेहरा महाप्रबंधक प्रोजेक्ट, डा एस के खरे, प्रबोध कुमार, देबब्रत कर, एके सिंह, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

महिलाओं, बलिकाओं को किया गया जागरूक

सोनभद्र। महिलाओं/बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/ स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं/बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। वहीं वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी। बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें।

बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल

बीजपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महुली व आस पास के इलाके में शुक्रवार की देर सायं आये आधी तूफान व गरज तड़क के साथ हुए ओला बृष्टि से आम, महुआ समेत कई फसल बर्बाद हो गए। वही कई जगह विद्युत पोल गिरने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। प्राकृतिक आपदा की मार से किसानों के समक्ष दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। प्रधान जुकमुनिया देवी ने जिला प्रशासन से जांच कर किसानों को क्षति पूर्ति दिलवाए जाने की मांग की है। प्रधान ने बताया कि ओलाबृष्टि होने से किसानों की तैयार फसल बर्बाद हो गई है। इससे किसानों के समक्ष भारी संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने राजस्व विभाग सहित जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए क्षतिपूर्ति की मांग की है। वही धराशाई हुए विद्युत पोल को खड़ा कराकर आपूर्ति बहाल कराने की मांग किया है।

कार्यालय नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र

पत्रांकः 02/न0पं0डा0बा0/2023-24 दिनांकः 01.04.2023

ई-टेण्डरिंग सूचना

नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र में समस्त इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्य के लिए दिनांक 03.04.2023 को सायं 06.00 बजे से वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की समस्त अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.04.2023 से दिनांक 24.04.2023 को सायं 06.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी तथा टेक्निकल दिनांक 25.04.2023 को दोपहर 12.00 बजे से ई-निविदा खोली जायेगी। निविदा के साथ अनुमानित धनराशि पर धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत ई-टेण्डर डालते समय व 08 प्रतिशत टेण्डर स्वीकृत होने के पश्चात एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 एवं निविदा मूल्य (कार्य के समक्ष लिखित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट या शाखा चोपन के एफ0डी0एफ0सी0 बैंक के खाता सं0-50100492320235 IFSC Doce-HDFC0003767 नगर पंचायत डाला बाजार के नाम से जमा किया जाए, किसी एक या सम्पूर्ण निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी निहित होगा, कार्य के विवरण को कार्यालय के समय व दिवस में देखा समझा जा सकता है। किसी कारणवस अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य दिवस मानी जायेगी।

(देवहूती पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
न0 पं0 डाला बाजार
सोनभद्र

(सहदेव कुमार मिश्र)
प्रशासक
न0 पं0 डाला बाजार
सोनभद्र

एनसीएल का कोयला उत्पादन, प्रेषण व अधिभार हटाव में स्वर्णिम प्रदर्शन

शानदार प्रदर्शन

131.17 मिलियन टन उत्पादन 133.51 मिलियन टन प्रेषण कर बनाया अभूतपूर्व रिकॉर्ड

अनपरा। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2022-23 में कोयला उत्पादन, प्रेषण व अधिभार हटाव में स्वर्णिम प्रदर्शन किया है। एनसीएल ने वित्तीय वर्ष में 122 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य के सापेक्ष 7.14 % की शानदार वार्षिक वृद्धि के साथ 131.17 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। एनसीएल को वित्तीय वर्ष में 122 मिलियन टन कोयला प्रेषण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं सहित सभी ग्राहकों को 6.25% की बेहतरीन बढ़त के साथ 133.51 मिलियन टन कोयला प्रेषित किया है। एनसीएल ने बिजली की बुनियाद की अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन करते हुए बिजली घरों को भारी मात्रा में 119.53 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है। जो गत वर्ष की तुलना में 8% अधिक है। कंपनी को अधिभार हटाव में व्यापक सफलता मिली है।

एनसीएल को वित्तीय वर्ष में 410 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाव का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें अद्वितीय प्रदर्शन के साथ अपने सभी रेकॉर्ड को तोड़ते हुए एनसीएल ने 27.78% की भारी वृद्धि के साथ इस वर्ष 463.40 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया है। एनसीएल का अधिभार में यह प्रदर्शन वित्तीय वर्ष 2021-22 में हटाये गए 362.65 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार से 100 मिलियन क्यूबिक मीटर से भी अधिक है। इसपर सीएमडी भोला सिंह, निदेशक तकनीकी/संचालन डा अनिंद्य सिन्हा, मनीष कुमार, रजनीश नारायण, जितेंद्र मलिक, प्रणव कुमार पटेल ने टीम एनसीएल को बधाई दी है। एनसीएल को वित्तीय वर्ष में 1900 करोड़ पूंजीगत व्यय का लक्ष्य दिया गया था, कंपनी ने लक्ष्य से आगे जाकर अपनी एफएमसी परियोजनाओं नई मशीनों की खरीदी, सौर ऊर्जा, जमीन अधिग्रहण एवं अन्य पर 2300 करोड़ से अधिक खर्च किया है, जिससे कंपनी को आने वाले समय में अधिक कोयला उत्पादन व प्रेषण में मदद मिलेगी व सिंगरौली परिक्षेत्र में नए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

56 शिकायतों में महज 7 के निस्तारण

दुद्धी। स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को सीडीओ सौरभ गंगवार के अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गयो इस दौरान कुल 56 शिकायती पत्र आये जिसमें 4 मामलों का निस्तारण मौके पर वहीं 3 मामलों का निस्तारण टीम भेज कर किया गयो सीडीओ ने शेष 49 मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश सम्बंधितो को दिए ` इस दौरान डी एफ ओ रेणुकुट प्रभाग स्वतंत्र श्रीवास्तव उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह , सीओ दद्दन प्रसाद गौड़ ,तहसीलदार ब्रजेश वर्मा , डीसी मनरेगा रमेश यादव , पीडी रामशिरोमणि मौर्या , डीपीआओ विशाल सिंह ,बीडीओ नीरज तिवारी ई ओ नगर पंचायत भरत सिंह दुध्दी रेंजर संजय श्रीवास्तव के साथ सर्किल क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह दुद्धी प्रभारी सभी थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुरा, वि0 ख0 रावर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र

पत्रांकः मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24 दिनांकः 01.04.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य वित्त आयोग/तेरहवां वित्त आयोग/चौदहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा अन्य प्राप्त विधियों द्वारा ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों हेतु वाणिज्यकर/आयकर में पंजीकृत फर्मों से ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति कराये हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 02.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक ग्राम प्रधान/सचिव कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 10.04.2023 को 02.00 बजे समिति (टेण्डरदाताओं) जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष खोला जायेगा।

क्र0सं0	विवरण	मात्रा	दर
1	ईट शौचालय/ईट प्रथम श्रेणी 150 नाली व खंड़न्जा/ईट व गिट्टी 20 एम.एम., 40 एम.एम.	प्रति हजार घन मीटर	
2	इण्टरलाकिंग ईट प्रथम श्रेणी 200x160x60एम.एम./सींमेटेड इण्टरलाकिंग/रबर मोल्ड ईट आदि	प्रति हजार	
3	बालू, मोरम, सीमेंट, डाला गिट्टी/स्टोन ब्लास्ट, भस्सी 22.4 एम.एम. (अलग-अलग) एवं बोल्डर आदि	प्रति घन मीटर बैग	
4	सरिया/एसबेस्टन सीट/गैलेनाइट पाइप/सीट/शौचालय/शौचालय ढक्कन/कमोड/टीन सीट/दरवाजे/खिड़की/टाइल्स/प्लास्टिक/पेन्ट/ सीट, पेंट/डिस्टेम्पर/प्राइमर, डी.पी.सी. पाउडर आदि	कुंतल/अदद	
5	होम पाइप एम.एन.एम.पी.बी./होम पाइप 600/900 एम.एम. 350/एम.एन. पी-3 आदि	नग अदद	
6.	स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, बल्व, तार, सी.एफ.एल. बल्व आदि	प्रति नग	
7.	इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प संबंधित सामग्री आदि एवं पानी की टंकी पानी टैंकर, समरसेबुल पाइप आदि	अदद	
8.	शौवदाह गृह हेतु एंगील, एलवेस्ट आदि	प्रति कुन्तल	
9.	पेवर्स ब्लास ईट आदि	प्रति नग	

प्रतिबन्धित शर्तें :-1. टेण्डर फार्म उपरोक्त कार्यालय दिवस में 100.00 जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। 2. निविदा में दरे सभी कर सहित एवं लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। 3. कार्य विवरण एवं सामग्री सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है, सामग्री की आपूर्ति कार्य स्वीकृत होने के उपरान्त की जायेगी। 4. जमानत राशि परियोनजा लागत का 5 प्रतिशत जमा होगी जिसे कार्य पूर्ण होने पर वापस किया जायेगा। खराब सामग्री की दशा में जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 5. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 6. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का लोगा। 7. अनुबन्ध स्वीकृत होने के पश्चात दर संशोधित होने तक अथवा एक माह के अन्दर आपूर्ति करना अनिवार्य है।

ग्राम प्रधान कुरा
विकास खण्ड रावर्ट्सगंज,
जनपद-सोनभद्र

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
विकास खण्ड रावर्ट्सगंज,
जनपद-सोनभद्र

भव्य कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

ओबरा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ओबरा के राम मंदिर प्रांगण में शनिवार को 12 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ भव्य मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया।कलश यात्रा में सम्मिलित होने के लिए भारी संख्या में नारी शक्ति का आगमन प्रातः सात बजे ही मंदिर प्रांगण में हो गया। वही शांतिकुंज से पधारी ऊषा शर्मा के नेतृत्व में विद्वत टोली ने मुख्य यजमान श्री प्रकाश गिरि और अनामिका गिरि से कलश पूजन कराया गया। कलश पूजन के उपरांत 151 महिलाओं द्वारा कलश माथे पर रखकर कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा श्री राम मंदिर प्रांगण से सुभाष चौराहा से गैस गोदाम रोड से होते हुए चड्डा मार्केट से आर्य समाज के रास्ते पुनः मानस भवन पहुंची। यात्रा में भव्य यज्ञ कलश से सुसज्जित वाहन के साथ डी जे पर बजते आध्यात्मिक गीतों,सद वाक्य लिखे बैनर,राम दरबार और भारत माता की भव्य झांकी भी निकाली गई, साथ ही सोनांचल के आदिवासी नटुआ और धांगर नृत्य तथा वाद्य यंत्र दर्शनार्थियों की जिज्ञासा के केंद्र बने रहे। गायत्री शक्तिपीठ ओबरा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी मनमोहन शुक्ल ने बताया कि 2 अप्रेल से 5 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 1 बजे अपराह्न तक गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार तथा सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक संगीतमय कथा,प्रवचन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। अंतिम दिन 5 अप्रैल को यज्ञ की पूणार्हुति के बाद भव्य भंडारे का भी

कलश यात्रा में शामिल महिलाएं

सीडीओ की जांच में सड़क निर्माण में मिली खामियां

दुद्धी। लोक निर्माण विभाग द्वारा डिग्री कालेज से करमदाहा तक माह भर पूर्व बनवायी गयी डामर सड़क पर शनिवार को समाधान दिवस के बाद सीडीओ सौरभ गंगवार आ धमके। उन्होंने सड़क निर्माण गुणवत्ता की बारीकी से निरीक्षण किया, जिसपर कड़ी नाराजगी जताते हुए सड़क निर्माण का स्टीमेट तलब कर कार्रवाई का भरोसा दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच में मल्देवा पहुंचे सीडीओ ने सड़क को दो स्थानों पर दोनों किनारों से खुदवाकर जांच की। सड़क के आरंभ जहां से डब्ल्यूबीएम सड़क से नई सड़क निर्माण शुरू हुआ है, वहां से कुछ दूरी तक समतल फीता खिंचवाकर थिकनेस की माप की।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता प्रमोद यादव से वर्क इंचार्ज के बारे में पूछा तो एई ने बताया कि काम के जेई योगेंद्र सिंह हैं, जो कही दूसरे काम पर बभनी गए हुए हैं। सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सीडीओ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। वहीं सीडीओ की जांच से अधिकारियों के हाथ पांव फूलने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क 10 वर्ष पूर्व डब्ल्यूबीएम से निर्माण हो चुका है, सड़क में सिर्फ दो कोट सोलिंग डाली गई। आरंभ से 50-60 मीटर सड़क निर्माण भूमि आपत्ति के कारण रुक गयी है, जिस पर सीडीओ ने इसकी जांच उपजिलाधिकरी से करवाने की बात कही। सीडीओ ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या सड़क निर्माण की गुणवत्ता ठीक नही है। इसकी फाइल मंगवाकर स्टीमेट की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर डीसी मनरेगा रमेश यादव, पीडी रामशिरोमणि मौर्या, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीडीओ नीरज तिवारी मौजूद रहे।

कोविड काल में ली गई फीस वापस नहीं कर रहे विद्यालय

चंदौली। आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को जिलाधिकारी से मिला। इस दौरान ज्ञापन सौंपकर हाईकोर्ट के निर्देश को लागू कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि जनपद चंदौली के विद्यालय हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद अभिभावकों को कोविड काल की ली हुई फीस का 15 प्रतिशत नहीं लौटा रहे हैं ऐसे विद्यालयों पर तुरंत कार्रवाई हो।

उन्होंने कहा कि हाल ही में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में आदर्श भूषण बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य मामले में सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है कि कोविड काल के शैक्षणिक सत्र 2020-21 की ली हुई फीस का 15 प्रतिशत फीस विद्यालयों को बच्चों के अभिभावकों को वापस करनी पड़ेगी। जो विद्यालय ऐसा नहीं करेंगे उन पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। इसके बावजूद न तो जनपद के किसी विद्यालय में कोविड काल की ली हुई फीस का 15 प्रतिश वापस किया और न ही उसे अभी तक वर्तमान सत्र की फीस में समायोजित ही किया। यह हाईकोर्ट के आदेश का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। अब हाईकोर्ट का जो आदेश आया है उसका भी अभी तक किसी विद्यालय प्रबंधन ने कंप्लायंस नहीं किया है। उच्च न्यायालय के आदेश को भी प्राइवेट विद्यालयों द्वारा नहीं माना जा रहा है। कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय विद्यालय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश मानें और अभिभावकों को 15 प्रतिश फीस वापस करें या वर्तमान सत्र में समायोजित करें। जो विद्यालय ऐसा नहीं करता है उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाय। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक, महासचिव प्रवीण चौबे, पवन चतुर्वेदी, प्रवीण तिवारी, राजकुमार पासवान, ओमप्रकाश प्रजापति, मिथिलेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते आप कार्यकर्ता।

हृदयपुर विद्यालय में स्कूल चलो अभियान की शुरूआत

चहनियां। कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर में शैक्षिक शस्त्र 2023-24 के प्रथम दिन स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिस क्रम में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत करते हुए मुख्य द्वार से प्रवेश दिलाया गया। छात्र छात्राओं को उनकी कक्षा में ले जाकर कक्ष अध्यापकों द्वारा उनका परिचय प्राप्त किया गया तथा उन्हें उनकी कक्षा के पाठ्यक्रम से परिचित कराया गया। प्रवेश उत्सव की शुरूआत सहायक अध्यापक लक्ष्मीकांत त्रिपाठी द्वारा शंखनाद करके किया गया। इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नंद कुमार शर्मा, बृजेश मिश्र, पूजा सिंह, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, प्रतिक्षा मौर्या, रूबी सिंह, राम भजन राम, मंजू देवी, सुशीला देवी उपस्थित रहे।

हथियानी विद्यालय में धूमधाम से मना प्रवेश उत्सव

अवसर

जागरूकता रैली निकालकर बच्चों के नामांकन के लिए किया प्रेरित

चंदौली। नए शिक्षक सत्र के पहले दिन कम्पोजिट विद्यालय हथियानी में प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों व शिक्षकों की मौजूदगी में विविध कार्यक्रम हुए, जिसके जरिए बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराकर उन्हें अनिवार्य शिक्षा दिए जाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही सरस्वती वंदना के साथ प्रवेश उत्सव का आगाज हुआ। शिक्षकों ने मौजूद बच्चों को तिलक लगा, उन्हें गुलाब भेंट किया साथ ही उनके बीच टाफी का वितरण किया गया।

इसके बाद स्कूली बच्चों ने शिक्षकों की निगरानी में गांव में नामांकन के प्रति अभिभावकों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। उक्त रैली पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान रास्ते में मिलने वाले अभिभावकों को शिक्षकों द्वारा पुष्प भेंट करने के साथ ही उन्हें बच्चों का दाखिला स्कूल में कराने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रधानाध्यापक कुंवर बीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नए शिक्षा सत्र का उत्सव के रूप में शुरूआत किया गया है, ताकि पूरे वर्ष विद्यालय में पठन-पाठन के लिए उम्दा शैक्षणिक माहौल प्रदान किया जाए। गांव के शत-प्रतिशत बच्चों का दाखिला स्कूलों में हो। इसके लिए ग्रामीणों को निरंतर जागरूक व प्रेरित किया जाना रहा है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा अनिवार्य व बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहने पाए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेश कुमार यादव, अजीत सिंह, रवीन्द्र मिश्र, सउद अहमद, दीपा मौर्या, रामाज्ञा तिवारी, निधि, रामदेव आदि उपस्थित रहे।

हथियानी कंपोजिट विद्यालय में बच्चों के बीच टाफी वितरित करते शिक्षक।

खण्डवारी देवी इंटर कालेज में प्रवेश प्रारम्भ

चहनियां। खंडवारी देवी इंटर कॉलेज चहनियां में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 1 से 12 तक की समस्त कक्षाओं के समस्त वर्गों विज्ञान वर्ग, कला वर्ग, वाणिज्य वर्ग, कृषि संकाय, व्यावसायिक वर्ग, कम्प्यूटर में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। यह जानकारी प्रधानाचार्य डा.आशुतोष सिंह ने दी है।

संक्षेप

एनडीआरएफ महानिरीक्षक ने साहूपुरी कैम्प का लिया जायजा

साहूपुरी कैम्प का जायजा लेते एनडीआरएफ के महानिरीक्षक।

पड़ाव। एनडीआरएफ महानिरीक्षक नरेन्द्र सिंह बुंदेला ने शनिवार को साहूपुरी स्थित एनडीआरएफ 11वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल कैम्प का दौरा किया। जबकि इससे पूर्व वाराणसी स्थित 11वीं वाहिनी मुख्यालय का दौरा किया। जहां मनोज कुमार शर्मा, कमांडिंग आफिसर की अगुवाई में बचावकमियों एवं अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। एनडीआरएफ के महानिरीक्षक का पदभार ग्रहण करने के बाद उनके मार्गदर्शन में एनडीआरएफ के बचावकर्मी आपदा प्रबंधन के क्षेत्र नए कीर्तिमान स्थापित कर रहें है तथा बाढ़, भूकम्प, सुनामी, चक्रवात जैसे प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं में जन मानस की सेवा में अग्रसर हैं। महानिदेशक के दौरे का उद्देश्य एनडीआरएफ वाराणसी की आपदाओं को लेकर तैयारी का जायजा लेना और जवानों में नई उर्जा और उत्साह का संचार करना है। जिससे हर एक बचावकर्मी कठिन से कठिन आपदाओं में सहज रहकर आम जन की समर्पित भाव से सेवा कर सके।

72 घंटा बाद भी व्यापारी का पुलिस नहीं लगा पायी सुराग

सकलडीहा। कस्बा के प्रतिष्ठित व्यापारी व पूर्व प्रधान प्रेमशंकर रस्तोगी का 32 वर्षीय पुत्र सुमीत रस्तोगी पिछले बुधवार को शाम में तकादा पर निकला हुआ था। 72 घंटा बाद भी व्यापारी का पता नही चला है। शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनोज सिंह काका परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिया। वही सीओ राजेश कुमार राय पुलिस टीम के साथ व्यापारी के घर पहुंचकर व्यापारी के बारे में जानकारी प्राप्त किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनोज सिंह काका घर पहुंचकर पिता और भाई हो हर संभव मदद का भरोशा दिया। पुलिस अधीक्षक से व्यापारी की सकुशल बरामदगी की मांग किया। इस बाबत सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि व्यापारी के पता लगाने के लिये सर्विलांस सहित पुलिस की कुल छरू टीम लगाया गया है। शीघ्र ही मामले का खुलासा होगा। इस मौके पर कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य, महिला दरोगा मीरा यादव, डा. अजय गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बालू लदा ट्रैक्टर का पहिया निकला,ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त

चहनियां। चंदौली की तरफ से आ रहा बालू लदा ट्रैक्टर का पहिया निकल गया। इस दुर्घटना में ड्राइवर किसी तरह से जान बचाकर भाग निकला। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आये दिन दुर्घटना हो रही है। विगत दो वर्ष से नौबतपुर सैयदराजा से मोरंग बालू लादकर बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर सकलडीहा चहनियां मारूफपुर के रास्ते तिरगांवा पुल पार कर सैदपुर गाजीपुर जाते है। बीते 23 मार्च को मारूफपुर व 24 मार्च को चहनियां कस्बा के बाहर मथेला के पास बालू लदा ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया था। शनिवार को फिर एक ट्रैक्टर के इंजन का पहिया निकल गया। ड्राइवर किसी तरह से कूदकर जान बचाकर भाग निकला। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आये दिन कोई न कोई वाहन क्षतिग्रस्त होता रहता है।

कांग्रेसियों ने अडानी प्रकरण में पीएमसे पूछा सवाल

चंदौली। ब्लाक कांग्रेस कमेटी चंदौली ने शनिवार को अडानी मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा सरकार को घेरा। इस दौरान कांग्रेसियों ने पीएम व अडानी के बीच के सम्बन्ध पर सवाल उठाए। साथ ही अडानी के शेल कंपनी में लगे 20 हजार करोड़ का ब्यौरा भी मांगा। ब्लाक अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि उद्योगपति गौतम अडानी और प्रधानमंत्री के बीच क्या रिश्ता है और कब से है? अडानी के व्यापार में विदेशों से आए 20 हजार करोड़ रुपये की जांच सरकार कब कराएगी? तौफिक खान ने कहा कि प्रधानमंत्री सरकारी विदेशी यात्राओं में कितनी बार गौतम अडानी को अपने साथ ले गए? प्रदीप मिश्रा ने कहा कि अडानी की कंपनी को प्रधानमंत्री द्वारा कितने और किन-किन देशों से ठेके दिलवाए गए? कहा कि ईपीएफओ से अडानी की कंपनी के शेयर खरीदकर कर्मचारियों के भविष्य को अंधकार में धकेलने का क्या कारण है? इंद्रजीत मिश्रा ने कहा कि देश के लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है। राहुल गांधी द्वारा अडानी मामले में संसद में प्रश्न पूछने के कारण उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई। राहुल गांधी देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रहे है और आगे भी लड़ते रहेंगे।

अवैध शराब संग तस्कर गिरफ्तार

शहाबगंज। थाना क्षेत्र के अमांव गांव के नहर पुलिया से कुछ दूरी पर शुक्रवार की शाम को मोटरसाइकिल मोपेड से बिहार लेकर जा रहे एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया। क्षेत्र में गस्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की अमांव गांव के रास्ते एक शराब तस्कर मोटरसाइकिल से बिहार की तरफ जा रहे थे। सूचना के आधार पर शराब तस्कर को अमांव गांव के रास्ते बोरी में 60 पाऊच अंग्रेजी शराब 180 एमएल बरामद किया। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर अजय कुमार निवासी पाढ़ी थाना चांद जनपद कैमूर भभुआ बिहार के निवासी हैं। आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

शोकसभा में दी श्रद्धांजलि

डीडीयू नगर। भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ की शोक सभा सेंटर पर शनिवार को आयोजित की गई। शोक सभा में वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक मोहन राम के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोक सभा में प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया, जिलाध्यक्ष विजय जायसवाल, कमलेश विश्वकर्मा, कयामुद्दीन अंसारी, बच्चन राम, राजेश सिंह, मदन यादव ,त्रिपुरारी यादव बालूराम कुलवंत विश्वकर्मा आदि लोग थे।

संपूर्ण समाधान दिवस में पड़े 23 प्रार्थना पत्र निस्तारण एक भी नहीं

चकिया। तहसील सभागार में शनिवार की दोपहर उप जिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न मामलों के 23 प्रार्थना पत्र पड़े जिनमें से एक का भी निस्तारण नहीं किया जा सका। इस दौरान एडिशनल एसपी सुखराम भारती, तहसीलदार वंदना मिश्रा, नायब तहसीलदार राजेंद्र यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज शहीद तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करने की जरूरत

चकिया। ब्लॉक संसाधन केंद्र से शनिवार की दोपहर स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग अभियान के अंतर्गत विधायक कैलाश आचार्य और डीएम ने छात्र छात्राओं को जागरूक किया। साथ ही संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर छात्र-छात्राओं की रैली को रवाना किया। आयोजित समारोह में विधायक और डीएम ने बच्चों में किताबों का वितरण करने के साथ ही पूर्व प्राथमिक विद्यालय परिसर में बने कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि हमें और आपको अपने छात्र-छात्राओं के प्रति जागरूक होना चाहिए और अपने नौनिहालों को विद्यालय भेज कर देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनाना होगा उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा को निखारना होगा। घर-घर में विद्या का दीप जलाने को अभिभावकों को जागरूक करना होगा। समारोह के उपरांत पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीना राय ने विद्यालय के जर्जर भवनों का जिलाधिकारी को भ्रमण कराकर नए निर्माण का प्रस्ताव रखा। जिस पर जिलाधिकारी ने जर्जर भवनों को ध्वस्त कराकर नया निर्माण कराने का आश्वासन दिया। समारोह के दौरान प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई जो आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान बीएसए सत्येंद्र कुमार, बीईओ रामटहल राम, भाजपा नेता अभिषेक मिश्रा, काशीनाथ सिंह, नागेश पांडेय, डॉ प्रदीप मौर्य,गौरव श्रीवास्तव, शिक्षक नेता अजय गुप्ता, चंद्रभान ,राजेश पटेल, मनीष यादव इमरान खान कैलाश गौड़ कृष्णानंद सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं को पुस्तक आदि वितरित करते डीएम व अतिथिगण।

गेट पर बच्चों ने बांधे लाउडस्पीकर, जांच के निर्देश

चकिया। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित स्कूल अभियान के समारोह के दौरान शिक्षकों की लापरवाही के चलते स्कूल के गेट पर विद्यालय के बच्चों द्वारा जान जोखिम में डालकर लाउडस्पीकर बांधा जा रहा था।

प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर गोंड महासभा में नाराजगी

सकलडीहा। अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामउजागिर गोंड़ ने तहसील प्रशासन द्वारा गोंड समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र जारी नही करने का आरोप लगाया है। जिला प्रशासन से गोंड जाति का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग किया है। अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व जिपंस रामउजागिर गोंड़ ने कहा कि लम्बे समय से गोंड समाज के लोग प्रमाण पत्र के लिये तहसील का चक्कर काट रहे है। जबकि जनपद के प्रभारी मंत्री भी गोंड समाज से आते है। शासन की निर्देश के बावजूद तहसील प्रशासन की ओर से प्रमाण पत्र जारी करने में हीला हवाली किया जा रहा है। समाज के लोगों ने प्रमाण पत्र जारी नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है। उधर, तहसील प्रशासन नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने की बात कही है।

परिषदीय विद्यालयों में नए शिक्षा सत्र का हुआ आगाज

परिषदीय विद्यालय में बच्चों को पढ़ाते शिक्षक।

चंदौली। परिषदीय स्कूलों में शनिवार को नए सत्र का शुभारंभ हुआ। शिक्षकों ने बच्चों से परिचय प्राप्त कर जहां उनका स्वागत किया, वहीं नामांकन पर जोर दिया कि अधिक से अधिक बच्चे विद्यालय आएं, ताकि शासन की मंशा सफलीभूत हो सके। आकर्षक ढंग से सजे विद्यालयों में पहुंचे बच्चों पर कहीं फूल बरसाए गए तो कहीं तिलक लगाकर उनका स्वागत-अभिनंदन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चे स्कूल पहुंचे, लेकिन अपेक्षा के अनुरूप उनकी उपस्थिति नहीं रही। प्रभारी प्रधानाध्यापक दशरथ ने बताया कि नए सत्र के पहले दिन तीन बच्चों का नामांकन किया गया है। बच्चों से परिचय प्राप्त कर उन्हें नियमित स्कूल आने के लिए कहा गया है, ताकि बच्चों का शैक्षिक उन्नयन हो सके। वहीं सदर विकास खंड के स्थानीय नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय के साथ मझवार, प्रतापपुर, मसौनी सहित अन्य विद्यालयों में शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत किया और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाया। बच्चों का आह्वान किया कि मन लगाकर पढ़ाई करें और आगे बढ़े ताकि स्वयं के साथ देश का भी विकास हो सके।

रामनवमी शोभायात्रा में मारपीट आधा दर्जन लोग घायल

जनसंदेश न्यूज

इलिया। कस्बा में रामनवमी के उपलक्ष में निकाली गई राम जानकी शोभायात्रा शुक्रवार की देर शाम विवाद का रूप पकड़ लिया। और दो पक्षों में लाठी डंडे से जमकर मारपीट हो गयी। दोनों तरफ से हुए पथराव में कुल छः लोग घायल हो गए हैं। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से पडे तहरीर के आधार पर कुल 8 लोगों तथा कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों की ओर से भड़काऊ पोस्ट किए जाने के मामले में पुलिस ने दो अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 10 लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं कस्बे में तनाव की स्थिति को देखते हुए पीएसी बल तैनात कर दी गई है। थी। जिसको लेकर दो पक्षों के लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ टिप्पणी की गई थी। इसी बात को लेकर शुक्रवार की शाम दो पक्ष आपस में भिड़ गए जिसमें लाठी-डंडे निकल आए मारपीट हो गयी। देखते ही देखते दोनों तरफ से पथराव होने लगा। जिसमें एक पक्ष के दिलीप गुप्ता 22 वर्ष, निब्बुल केसरी 55 वर्ष, तेतरा देवी 85 वर्ष मां बेटा घायल हो गए।

वहीं दूसरे पक्ष के साहबजान 22 वर्ष, अमीर हम्जा 40 वर्ष, अरमान 23 वर्ष को हल्की छोटे आयी। सभी घायलों का शहाबगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया। थानाध्यक्ष सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष की ओर से सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट वायरल कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गयी। जिसमें एक पक्ष के पंकज गुप्ता तथा दूसरे पक्ष के इमरान हम्जा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में दोनों पक्षों के कुल 10 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

जनता के सवाल पर ब्लॉक व तहसील प्रशासन संवेदनहीनः भाकपा माले

सकलडीहा। भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा की ओर से विभिन्न मांगों के समर्थन में सलेमपुर गांव में शनिवार को दसवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान ब्लॉक प्रशासन और तहसील प्रशासन द्वारा हो रहे ग्रामीणों के शोषण व अनदेखी के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। मांगे पूरी होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की आन्दोलनकारियों ने घोषणा किया। इस दौरान भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा के कहा कि ओलावृष्टि से किसानों की फसल 90 प्रतिशत बर्बाद हो गई है। बर्बाद फसल का मुआवजा सरकार को तीस हजार प्रति एकड़ के हिसाब से देने की मांग किया। यदि सरकार मुआवजे के नाम पर कोरम पूरा करती है तो इसके लिए किसानों को आंदोलन के लिए तैयार रहना चाहिए। वक्ताओं ने जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक धरना जारी रहेगा। धरना में रामजीत, शिवपूजन, रामराज, मदन, चिखुरी, महेंद्र, रामविलास, पप्पू, दुलारी देवी, गुड्डी देवी, चंपा देवी, दरोगा, मयंक, जोखू, नगीना ,गिरजा देवी ,इतवारी देवी, मुन्नीलाल आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन कामरेड उमा चौहान व अध्यक्षता कामरेड तूफानी गौड़ ने किया।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति को न्यायालय की समस्याओं से कराया अवगत

चंदौली। के अधिवक्ताओं को प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने किया आश्वस्त चंदौली। डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को दौरे पर आए न्यायमूर्ति प्रशासनिक जल सुभाष चंद्र से मुलाकात की। इस दौरान न्यायमूर्ति प्रशासनिक जज सुभाष चंद्र अधिवक्ताओं ने बुके देकर सम्मानित किया वहीं डेमोक्रेटिक बार के महामंत्री राज बहादुर सिंह ट्विंकल ने यथार्थ गीता भेंट किया।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायालय की समस्याओं से अवगत कराया। डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक और सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जनपद आगमन के दौरान न्यायमूर्ति प्रशासनिक जज सुभाष चंद्र बुके व यथार्थ गीता देकर स्वागत किया गया। वही अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायालय के निर्माण से जुड़ी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। कहा कि मुख्यालय निर्माण के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक जनपद न्यायालय का निर्माण नहीं हो पाया है जिसके चलते वात कार्यों और न्यायिक अधिकारियों को तमाम तरह की समस्याओं से गुजरना पड़ता है इस समस्या से समस्या का समाधान तत्काल किया जाए, ताकि न्यायिक अधिकारियों व अधिकारियों और वादकारियों को राहत मिल सके। न्यायमूर्ति प्रशासनिक जज ने आश्वस्त किया कि जनपद न्यायालय के लिए विषय में कभी भी आप हाईकोर्ट में आकर मिल सकते हैं। जनपद न्यायालय की सारी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा इस दौरान डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह,महामंत्री राजबहादुर सिंह टिंकल, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्रभान सिंह सहित तमाम लोग शामिल रहे।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति से मुलाकात करते चंदौली के अधिवक्ता।

तालीम से मुसलमानों को हासिल होगी खुशहाली व तरक्कीः हाफिज मुस्ताक

चंदौली। नगर स्थित मदरसा जामिया इत्तेहादुल उलूम में शुक्रवार की रात कुरआन तरावीह मुकम्मल हुई। इस दौरान हाफिज-ए-कुरआन मुस्ताक ने मोमिनों की खुशहाली, उनकों तकलीफ से निजात दिलाने व देश में अमन-चैन कायम रखने के लिए अल्लाह से दुआ की। तकरीर पेश करते हुए उन्होंने मोमिन भाइयों को बच्चों की शिक्षित बनाने पर गौर फरमाया। उन्होंने कहा कि जिन्हें खुदा ने दौलत नवाजा है समाज के ऐसे प्रबुद्ध लोग गरीब मुसलमान बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा संभाले, ताकि उनका मुस्तकबिल संवर सके। कहा कि मुसलमानों के बिगड़े हालात को बच्चों की शिक्षा और हर क्षेत्र में उनकी मौजूदगी से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस्लाम हमें लोगों से मोहब्बत करना सिखाता है। हमें नेकी की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है। नमाज कायम करें और अपने परिवार को अच्छी तरबीयत दें। माह-ए-रमजान रहमत, बरकत और इबादत का महीना है। इस महीने में हमें रोजा रखने के साथ ही नमाज कायम करके खुदा से अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए। इस नियत के साथ जीवन के आगे का सफर तय करें कि अपनी कारगुजारी से किसी को तकलीफ ना हो।

कहा कि आज पूरे देश में मुसलमान हाल परेशान है। इसके पीछे मुसलमानों का इल्म से दूर होना सबसे बड़ी वजह है। इस पर हम सभी को ध्यान देने की जरूरत है। कौम की तरक्की व खुशहाली का रास्ता तालिम हासिल करके ही तय किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि गरीब व जरूरतमंद मुस्लिम बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए माल-दौलत वाले मुस्लिम आगे आएं। ऐसे बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाएं और कमजोर व बिखरती कौम को एक धागे में बांध कर मजबूती दिलाने की दिशा में पहल करें। अंत में उन्होंने सभी मुस्लिम बंधुओं से पूरे रमजान माह में सुन्नत तरावीह व नमाजे अदा करने का आह्वान किया और फिर सभी ने मिलकर दुआ मांगी। इस अवसर पर अली अहमद, जावेद अख्तर, शमीम पलम्बर, बाबर अली, शाहिद खान, शमशाद अंसारी, इरफान अहमद, अशफाक हैदर, इंतखाब आलम, आरिफ अंसारी, ऐनुल हाशमी, राशिद खान, नेहाल अंसारी, इरफान खान, अरशद, टीपू, गुटरू, सिब्लू, सोहेल, अयान अंसारी, कामरान आदि उपस्थित रहे।

कुरआन तरावीह मुकम्मल होने के बाद हाफिज से गले मिलते मुस्लिम बंधु।

सवारी को लेकर वाहन चालकों में हुई मारपीट

डीडीयू नगर। डीडीयू रेलवे स्टेशन के पार्सल गेट सीढ़ी के पास शनिवार की भोर पांच बजे के करीब सवारी बैठाने को लेकर तीन/चार लोग मिलकर एक वाहन चालक को बुरी तरह से पीट दिया। तभी दूसरे वाहन चालकों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह मामला को शान्त कराया। जफरपुर गांव निवासी संजय कनौजिया शनिवार की भोर में सवारी लेने के लिए पार्षल गेट सीढ़ी के पास खड़ा था।तभी एक यात्रियों का परिवार बनारस जाने के लिए वाहन चालको से बात कर रहा था। तभी साढ़े सात सौ रुपए में संजय कनौजिया ने भाड़ा तय कर लिया। भाड़ा तय होता है देखकर छोटेलाल, राजू प्रजापति दोनों भाई निवासी कैथापुर, नींबू चौहान निवासी कैली आदि लोग भाड़े को लेकर संजय कनौजिया से मारपीट करने लगे, जिससे संजय की आंख व पीठ में चोट लग गया।आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर हटा दिया संजय कनौजिया सवारी लेकर बनारस चला गया बनारस से वापस आने पर राजकीय रेलवे पुलिस थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग कई बार मारने की धमकी दें चुके हैं।

रिटायर्ड शिक्षक को अंगवस्त्रम देकर किया गया सम्मानित

विदाई समारोह में रामाग्रे मिश्रा के साथ अन्य शिक्षक।

चहनियां। पूर्व माध्यमिक बिद्यालय गुरेरा में कार्यरत शिक्षक रामाग्रे मिश्रा के रिटायर्ड होने पर बिदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें शिक्षकों ने रामाग्रे मिश्रा को अंगवस्त्रम,स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी बिदाई दी। अपने लोगो के बीच मे कई वर्ष यहां सेवा देने के बाद लोगों से मिलने के दौरान रामाग्रे मिश्रा रो पड़े। इस दौरान उनको शिक्षकों ने सांत्वना दिया। शिक्षक राकेश कुमार ने कहा कि विगत कई वर्षों से यहां ईमानदारी से बच्चो का भविष्य संवारने का कार्य ने किया। शिक्षक चाहे तो बच्चो का भविष्य संवार दे और चाहे तो अंधकारमय कर दे। यहां जिस ईमानदारी से कार्य कर परिचय दिया और लोगों के बीच कुशल व्यवहार से रहे। गौरवपूर्ण विभागीय सेवा लिए बधाई, स्वास्थ्य और दीघार्यु के लिए मंगल कामना किया। इस अवसर पर हैदर अली खान, सत्येंद्र सिंह, दिनेश कुमार, संजीदा परवीन, माधुरी देवी, इंदू देवी, लालजी भारती आदि लोग उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

सिक्सरवीर रूतुराज गायकवाड़ के मुरीद हुए अनिल कुंबले

छक्के जड़ने में उनकी टाइमिंग जबरदस्त

अहमदाबाद। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ के छक्के जड़ने की क्षमता से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि यह इस बल्लेबाज की जबर्दस्त टाइमिंग की देन है। गायकवाड़ ने 50 गेंद में 4 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 92 रन बनाए, हालांकि शुभमन गिल के 36 गेंद में 63 रन की मदद से गुजरात टाइटंस ने मैच जीता। कुंबले ने आईपीएल के आधिकारिक प्रसारकों द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, ह्यएक पारी में 9 छक्के लगाना अद्भुत है। उसके छक्के भी बेदाग थे। ऐसा नहीं है कि उसने बहुत जोर लगाने की कोशिश की। उसके छक्के जबर्दस्त टाइमिंग का नतीजा थे। भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने भी गायकवाड़ की तारीफ करते हुए कहा, ह्यऐसा लग रहा था कि रूतुराज किसी और ही विकेट पर खेल रहे थे। उसकी तकनीक काबिले तारीफ है।

आईपीएल 2023 के आगाज में ही धोनी ने बनाए तीन बड़े रिकॉर्ड

नई दिल्ली। आईपीएल 2023 सीजन का आगाज गुजरात टाइट्स (जीटी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मैच से शुरू हो चुका है। इस सीजन में फैंस को एक बार फिर सीएसके के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की तूफानी बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग और उनकी महान कप्तानी का लुत्फ उठाने को मिलेगा। धोनी ने पहले ही मैच में अपने बल्ले से जलवा दिखा दिया है।

उन्होंने अंत में आकर 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उन्होंने 7 गेंदों में एक चौके और छक्के की मदद से 14 रन बनाए। इसी के साथ इस मैच में तीन बड़ी उपलब्धियां भी हासिल की। धोनी ने गुजरात टाइट्स के खिलाफ छक्का जड़ते ही एक खास उपलब्धि हासिल की है। धोनी मैच में छक्का जड़ते ही सीएसके की ओर से 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। किसी एक टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्कों के मामले में क्रिस गेल टॉप पर आते हैं, जिन्होंने आरसीबी की ओर से खेलते हुए 239 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरा नाम एबी डिविलियर्स का आता है, उन्होंने आरसीबी के लिए 238 छक्के जड़े हैं। किरोन पोलार्ड मुंबई के लिए 223 छक्के जड़ कर इस लिस्ट में तीसरे नंबर पार आते हैं। आईपीएल 2023 के पहले मैच में धोनी ने सीएसके की कप्तानी करने के साथ आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। धोनी ने आईपीएल 2023 के पहले मैच में 41 साल और 267 दिन की उम्र में अपनी टीम की कप्तानी की है। धोनी ने इसी के साथ राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान शेन वॉर्न का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शेन वॉर्न ने2011 में आखिरी बार आईपीएल में कप्?तान के रूप में खेले थे। उस समय वॉर्न की उम्र 41 साल और 249 दिन थी। अब धोनी ने सबसे उम्रदराज कप्तान का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अब आईपीएल के इतिहास में दर्ज धोनी के सबसे उम्रदराज कप्तान का रिकॉर्ड टूटना लगभग नामुमकिन है। धोनी आईपीएल के 20वें में सबसे ज्याद रन जड़ने वाले बल्लेबाज भी बने हैं। उन्होंने पूरे आईपीएल में 20वें ओवर में खेलते हुए 667 रन जड़े हैं। इसके साथ धोनी 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में भी नंबर पर आते है।

ऋतुराज की तूफानी पारी ने जीता सभी का दिल, धोनी ने भी खुलकर की तारीफ

नई दिल्ली। आईपीएल 2023 के ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन, ऋतुराज गायकवाड़ ने अपनी तूफानी पारी से सबका दिल जीत लिया। ऋतुराज शतक से तो चूक गए. लेकिन, 50 गेंद में 92 रन की ऐसी तूफानी पारी खेली, हर कोई उनका मुरीद हो गया। खुद कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी खुलकर अपने ओपनर की तारीफ की। उनके अलावा वीरेंद्र सहवाग भी ऋतुराज गायकवाड़ के फैन हो गए। ऋतुराज गायकवाड़ ने अपनी 92 रन की पारी में कुल 9 छक्के उड़ाए। वो ब्रेंडन मैकुलम के कारनामे को दोहराने से 8 रन से चूक गए। मैकुलम किसी भी आईपीएल सीजन के पहले मैच में शतक ठोकने वाले पहले बैटर थे। वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकबज पर ऋतुराज गायकवाड़ की पारी को लेकर कहा कि मैं इस तरह के शब्द विराट कोहली की तारीफ में इस्तेमाल करता हूं। लेकिन, ऋतुराज ने जिस तरह गुजरात टाइटंस के खिलाफ बैटिंग की, ये आंखों को सुकून देना वाला रहा। सीएसके का कोई भी दूसरा बैटर ऋतुराज की तरह नहीं खेल पाया।

मैंच को बीच में छोड़ने पर केरल ब्लास्टर्स एफसी चार करोड़ का जुर्माना

मुंबई। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की अनुशासनात्मक समिति ने तीन मार्च को बेंगलुरु एफसी के विरुद्ध इंडियन सुपर लीग का प्लेऑफ मुकाबला बीच में छोड़ने पर केरल ब्लास्टर्स एफसी पर चार करोड़ का जुमार्ना लगाया है। एआईएफएफ ने इसकी जानकारी दी। अनुशासनात्मक समिति ने मुकाबले में शामिल सभी पक्षों को सुनने और उनके विरोध एवं प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद केरल ब्लास्टर्स को ह्यमैच को छोड़ने के इस अनुचित आचरण के लिए सार्वजनिक माफी जारी करने का भी निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर ब्लास्टर्स का जुमार्ना बढ़ाकर 6 करोड़ रुपए कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम पर आयोजित मुकाबले में सुनील छेत्री ने एक फ्रीकिक पर बीएफसी के लिए गोल किया था, जिसपर नाराजगी जताकर ब्लास्टर्स की टीम मैदान छोड़कर चली गई। ब्लास्टर्स का कहना था कि वे छेत्री की फ्रीकिक के लिए तैयार नहीं हो सके थे। इस संबंध में क्लब ने रेफरी क्रिस्टल जॉन्स के खिलाफ एआईएफएफ के समक्ष शिकायत भी दर्ज की थी। ब्लास्टर्स के मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक पर एआईएफएफ की प्रतियोगिताओं में 10 मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही एआईएफएफ अनुशासनात्मक कोड के अनुच्छेद 9.1.2 के तहत उन पर पांच लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। महासंघ ने ब्लास्टर्स और वुकोमानोविक को एक सप्ताह के भीतर इस आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। दोनों पक्षों को आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का अधिकार है। अनुशासनात्मक समिति ने कहा कि मैच छोड़ना वैश्विक खेल इतिहास में, विशेष रूप से फुटबॉल में दुर्लभ घटनाओं में से एक है। भारत में पेशेवर फुटबॉल के इतिहास में यह केवल दूसरी बार है जब किसी टीम ने कोई मैच छोड़ दिया हो। इससे पहले ऐसा सिर्फ 2012 में ईस्ट बंगाल बनाम मोहन बागान के मैच में हुआ था।

बॉलीवुड न्यूज

अभिषेक निगम और सायंतनी घोष ने अनोखे रिश्ते के बारे में की बात

इंदौर। किसी टेलीविजन शो की शूटिंग करने वाले कलाकार अक्सर असल और रील लाइफ में दोस्त बन जाते हैं। हालांकि स्क्रीन पर कट्टर दुश्मन की भूमिका निभाना और स्क्रीन के बाहर अच्छा दोस्त बनना एक बढ़िया संतुलन है, जो बहुत ज्यादा नहीं दिखता है। सोनी सब के शो अलीबाबा- एक अंदाज अनदेखाः चैप्टर 2 में क्रमशः सिमसिम और अली की भूमिका निभा रहे सायंतनी घोष और अभिषेक निगम दो ऐसे कलाकार हैं, जिनके बीच एक खास रिश्ता बन गया है। इनके किरदार तो ज्यादातर बार एक-दूसरे से लड़ते ही रहते हैं, लेकिन असल में उनके बीच बड़ी ही प्यारी दोस्ती है। इस रिश्ते के बारे में सायंतनी घोष ने कहा, अभिषेक और मेरी खूब पटती है। वह आसानी से अली की भूमिका में ढल गये, जिसे देखना सुखद था। जब भी हम सेट पर एक साथ शूटिंग करते हैं, एनर्जी बड़ी मजेदार होती है। चूंकि, मैं अभिषेक की सीनियर कलीग हूँ, वह कभी-कभी शो पर सलाह लेने के लिये मेरे पास आते हैं और हमारी बड़ी अच्छी बातचीत होती है। अगर आप हमें सोशल मीडिया पर फॉलो करते हैं, तो आप देखेंगे कि हमें साथ मिलकर स्टोरीज पोस्ट करना और रील्स बनाना पसंद है। अभिषेक ने कलाकार के तौर पर सचमुच अपने हुनर को बहुत निखारा है और मुझे उनके सफर पर बहुत गर्व है। सायंतनी और उनके साथ अपने रिश्ते के बारे में अभिषेक ने कहा, सायंतनी वह पहली इंसान थीं, जिन्हें मैं सेट पर मिला। वह बहुत स्नेह देने वाली और सपोर्ट करने वाली शख्स हैं। मैं उनसे हमेशा कुछ-न-कुछ सीखने की कोशिश करता रहता हूं, क्योंकि एक एक्टर के तौर पर उन्हें बहुत अनुभव है। उन्होंने मुझे सुधार करना और बारीकियाँ लाना सिखाया है, जिससे इस शो में मेरे किरदार ने आकार लिया है। हम अक्?सर सेट पर एक साथ लंच करते हैं, वह मुझे अपनी छोटी-छोटी कैंडीज देती हैं, जो उनके पास होती हैं और मेरे पास जो कुछ भी होता है, वह मैं उन्हें देता हूँ। सिमसिम और अली एक-दूसरे के खिलाफ लगातार योजना बनाते हैं, लेकिन सायंतनी और अभिषेक एक-दूसरे को चुटकुले सुनाते हैं और मजे करते हैं।

संक्षेप

सैयदराजा आरओबी पर लाइट के लिए अनशन करेंगे व्यापारी

सैयदराजा। व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष अंकित जायसवाल के नेतृत्व में रेलवे ब्रिज व एफओबी के सम्बंध में जिलाधिकरी व उपजिलाधिकारी को पत्रक सौंपा स अंकित जायसवाल ने बताया कि गेट न 72बी आरओबी पर लगभग एक वर्ष से आवागमन चालू है। पुल आउटर में है लेकिन अभी तक उस पर लाइट नहीं लगाया गया है जो पुरी तरह अंधेरे में है अभी तक लाइट की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गयी है, जिससे ऊपर से पैदल आने जाने में लूटपाट का भय बना रहता है। उस पर तत्काल लाइट की व्यवस्था की जाए और रेलवे गेट न 72ठ को बंद कर दिया है फुट ओवर ब्रिज का भी लगभग 7 माह से काम लगा हुआ फिर भी 20ः से भी काम कम हुआ काम एक हफ्ते करके एक एक महीने तक कार्य बंद कर दिया जाता है और रेलवे गेट को भी बंद कर दीवार खड़ा कर दिया गया जिससे लोगों को पैदल जाने में कठिनाई के साथ साथ क्रासिंग पर करने में मृत्यु हो जा रही है। एक बालिका की क्रासिंग पर करते वक्त गिर जाने से मृत्यु हो गयी, जिससे व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। तीन माह पूर्व धरना के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया था एक माह का समय दिया गया था 3 माह बीत जाने पर भी कोई काम नही हुआ स युवा अध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार तक कोई कार्य नहीं हुआ तो बुधवार को सुबह 10 बजे उत्तरी बाजार के गेट नंबर 72 के पास भूख हड़ताल बैठेंगे। जिसमें अंकित जायसवाल, आदर्श केशरी, आकाश जायसवाल, गोलू मोदनवाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को न्यायालय ने सुनाई सजा

मीरजापुर। न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश के न्यायालय द्वारा रिटायर्ड छह पुलिसकर्मियों को एन डी पी एस एक्ट के मुकदमे में आरोपी पाते हुए 5 साल की सजा के साथ 50, हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। बताया जाता है कि सन 1992 में बतौर सीओ सुरेंद्र राय के नेतृत्व में विंध्याचल कोतवाली में तैनात कोतवाल अमरेंद्र कांत सिंह द्वारा टीम बनाकर जिगना क्षेत्र में एक व्यक्ति के घर गाजा तस्करी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद पीड़ित भोला तिवारी द्वारा मामले को न्यायलय में पेश किया गया और 10 पुलिस कर्मियों को आरोपी बनाया गया था। इसी मामले की जांच विभागीय सीबी सीआईडी से कराई गई और इन पुलिस कर्मियों को मामले का दोषी पाया गया था जिसके बाद यह मामला स्थानीय न्यायलय में विचाराधीन था। जिसमे शनिवार को 6 रिटायर्ड पुलिस कर्मचारी अमरेंद्र कांत सिंह, राम सिंहासन सिंह व सुरेंद्र नाथ रॉय के साथ अन्य लोगों को 2 वर्ष व 5 वर्ष की सजा सुनाई गई। न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश वायु नंदन मिश्रा द्वारा आरोप में दोषी पुलिस कर्मियों को सजा व अर्थदंड के साथ आरोप सिद्ध करते हुए जेल भेज दिया गया।

तानाशाही कर रही भाजपा सरकार

डीडीयू नगर। नियामताबाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस जनों ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्ति के उपरांत कांग्रेस के चलाए जा रहे जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व पीसीसी सदस्य डा. सुल्तान खान ने कहा कि भाजपा सत्ता के मद में तानाशाही पूर्ण रवैया अख्तियार कर लोकतंत्र और संविधान के नियमों का उल्लंघन कर रही है सीबीआई और ईडी का डर दिखाकर सरकार विपक्ष के नेताओं को डराने का प्रयास कर रही है सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने वाली भाजपा की जनता में कलई खुल चुकी है आगामी चुनाव में अपनी करारी हार को देखते हुए भाजपा भारत के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के साथ द्वेष पूर्ण कार्य कर रही है। कार्यक्रम केसह प्रभारी अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद तौसीफ ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता महंगाई अपराध भ्रष्टाचार से पूरी तरह कराह रही है। इस दौरान पूर्व पीसीसी सदस्य डॉ राजेश कुमार शर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परमानंद पटेल डॉ इम्तियाज अंसारी अभिषेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारीः दिग्विजय सिंह

चंदौली। सदर तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों द्वारा कुल 27 प्रार्थना पत्र पड़े, जिसमें से 6 प्रार्थना पत्र को मौके से निस्तारण कर लंबित प्रार्थना पत्र को विभागीय अधिकारियों को कर जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करें, ताकि फरियादियों को इधर-उधर भटकना न पड़े। फरियादिया की समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें, लापरवाही बरतने वाले किसी भी कीमत पर बख्शें नही जाएगें। सकलडीहा प्रतिनिधि के अनुसारः अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को सकलडीहा तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 51 प्रार्थना पत्रों में पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष अगले कार्य दिवस से पूर्व निस्तारण कराने को बताया गया। इस मौके पर एसडीएम मनोज पाठक, सीओ राजेश कुमार राय, नायब तहसीलदार अमित सिंह, आरिफ अहमद, धुवेश सिंह, बीईओ अवधेश कुमार राय, पूर्ति निरीक्षक केके मिश्रा, अमित द्विवेदी, बीडीओ अरूण कुमार पांडेय,जेई अरविंद सहित अन्य मौजूद रहे।

30 शिकायतों में तीन का हुआ निस्तारण

चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निदेर्शानुसार जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील डीडीयू नगर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 30 शिकायतें पंजीकृत हुई, जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्रतिशीघ्र गुणवत्तापरक रूप से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए, ताकि फरियादियों को अपनी शिकायत लेकर बार बार तहसील न आना पड़े। तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 09, विकास विभाग की 04, पुलिस विभाग की 07 और अन्य विभागों की कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार उपस्थित रहे।

गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका, केन विलियमसन पूरे सीजन के लिए बाहर

मुंबई। आईपीएल 2023 के शुरू होने से पहले तमाम खिलाड़ी चोटिल होकर पूरे सीजन के लिए बाहर हो चुके हैं। आईपीएल का पहला मैंच होने के बाद शनिवार को गुजरात टाइटंस से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन चोटिल होने की वजह से पूरे सीजन के लिए बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, गुजरात टाइटंस और न्यूजीलैंड के अनुभवी और स्टार बल्लेबाज विलियमसन चोटिल होने से आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं। बता दें कि शुक्रवार को विलियमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ फील्डिंग करते हुए घुटने में तेज चोट आई थी। इसकारण वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने भी नहीं उतरे और उनकी जगह अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में साई सुदर्शन को टीम में लाना पड़ा। विलियमसन का टूनार्मेंट से बाहर होना गुजरात के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। क्योंकि विलियमसन एक मैच विनर खिलाड़ी हैं।

धोनी कप्तान और विकेटकीपिंग करें, लेकिन बल्लेबाजी नहीं

नई दिल्ली। 15 साल के बाद आईपीएल ने एक नई करवट ली है। सिर्फ एक बड़ी समानता 2008 और 2023 के टूनार्मेंट में है, तब वहां शायद महेंद्र सिंह धोनी का सभी कप्तानों के ग्रुप फोटो में शामिल होना। धोनी के लिए मानो वक्त ठहर सा गया है। जब आईपीएल की बात आती है, तब चेन्नई सुपर किंग्स इस बात को मानने के लिए तैयार ही नहीं दिखता है कि धोनी के परे भी कोई आईपीएल हो सकता है। इसकारण 41 साल के धोनी जो अपने बाएं घुटने में तकलीफ की वजह से परेशान हैं, फिर भी उन्हें कप्तानी और बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया गया है।

मुमकिन है कि आईपीएल 2023 इसके संकेत दे कि ना सिर्फ धोनी बल्कि कई दिग्गज खिलाड़ी जो अपने आईपीएल करियर को कुछ और सालों तक खींचना चाहतें हैं, तब अतिरिक्त खिलाड़ी वाले क्रांतिकारी बदलाव का कितने बेतर तरीके से इस्तेमाल करते हैं। ये पहले से ही क्यास हैं कि अमित मिश्रा, पीयूष चावला और यहां तक मोहम्मद शमी और दीपक चाहर जैसे गेंदबाजी का इस्तेमाल सिर्फ गेंदबाज के तौर पर करने के बाद उन्हें 12वें खिलाड़ी के साथ बदला जा सकता है। क्या धोनी भी खुद के साथ कुछ ऐसा कर सकते हैं? वहां कप्तान और विकेटकीपर की भूमिका तब निभाएं जब फील्डिंग हो रही हो, लेकिन बल्लेबाज के तौर पर ना उतरें। धोनी से ज्यादा मैच किसी भी खिलाड़ी ने आईपीएल के इतिहास में नहीं खेलें हैं और मुमिकन है कि दिनेश कार्तिक जो सूची में दूसरे नंबर पर हैं, शायद इस साल उनका भी ये आखिरी सीजन हो। एक तरह से देखा जाए तब धोनी की ही तरह कार्तिक ने भी एक अलग तरीके से और अनूठे अंदाज में अपने करियर को एक नई दिशा दी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज में वहां शानदार कॉमेंटेटर की भूमिका में नजर आ रहे तब अगले दो महीने वो खिलाड़ी की भूमिका में नजर आएंगे। दरअसल, धोनी की ही तरह कार्तिक की भी कामयाबी आने वाली पीढ़ी को इस फॉमूर्ले पर सोचने को मजबूर करे। आईपीएल एक ऐसा टूनार्मेंट हैं जहां पर आप फुल टाइम क्रिकेटर ना होकर पार्ट-टाइम भूमिका में भी अहम साबित हो सकते हैं। लेकिन, ऐसा करना भी हर किसी के बस में नहीं है वरना आपको इस साल क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स और सुरेश रैना भी खेलते ही नजर आते और कायरन पोलार्ड और ड्वेन ब्रावो आपको मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच की भूमिका में नजर नहीं आते!

कांग्रेसजनों ने दिया ज्ञापन

काशी विद्यापीठ/ हरहुआ। राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने के मामले पर शनिवार को कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया। काशी विद्यापीठ ब्लॉक मुख्यालय पर पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व जिला सचिव रामाश्रय पटेल संग कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। जबकि हरहुआ प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय पर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष चक्रवर्ती पटेल के नेतृत्व में लोगों ने ज्ञापन दिया।

गले मिले पुरातन छात्र यादों को किया जीवंत

वाराणसी। गांधी अध्ययनपीठ में शनिवार को पुरातन छात्र समागम का आयोजन किया गया। गांधी अध्ययन पीठ के निदेशक प्रो.अशोक कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व निदेशक प्रो. राम प्रकाश द्विवेदी ने संयुक्त रुप से सभी पुरा छात्रों को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था के लिए पुरा छात्र एक धरोहर की भांति होते हैं और उनका संरक्षण भी उसी प्रकार किया जाना चाहिए, उन्होंने पूरा छात्रों से अपील किया कि गांधी अध्ययनपीठ एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की उन्नयन हेतु यथासंभव सहयोग करे। प्रो. राम प्रकाश द्विवेदी ने छात्रों से कहा कि आज के युग में भी गांधी जी की विचारधारा उतनी ही प्रासंगिक है। बताया कि गांधी अध्ययनपीठ पुरा छात्रों द्वारा द गांधीयन थॉट फार ग्लोबल पीस ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन 2022 में कराया गया इस ट्रस्ट के अध्यक्ष धीरेन्द्र शंकर श्रीवास्तवं ने पिछले एक वर्ष में संस्था द्वारा किए गए समाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके द्वारा गरीब असहायों में वस्त्र का वितरण का कार्य किया गया। पुरा छात्रों ने भी गांधी अध्ययनपीठ विभाग मे प्राप्त अनुभवो को भी साझा किया। सुमन कुमार ओझा ने धन्यवाद दिया। संचालन शिशिर श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान डॉक्टर विनय चैधरी, जनार्दन यादव, ज्ञान प्रकाश, किशनलाल पुरातन छात्र मुकेश, अन्जु, अनुराध, प्रणय सिंह, स्वीटी, नीरज, राजीव, दयाशंकर, बेलाल, शान, अमरेश, अदब, विनित, मनीष आदि थे।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

मीरजापुर। आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर के रानीपुर निवासी अशोक कुमार सिंह का 25 वर्षीय पुत्र आदित्य सिंह बीए का छात्र था। वह अपने परिवार संग 22 मार्च को चैत्र नवरात्र पर विंध्याचल दर्शन पूजन करने के लिए आया था। परिवार के लोग विंध्याचल स्टेशन के पास ही रुके हुए थे। नवरात्र समाप्त होने के बाद परिवार कुछ सदस्य घर चले गए थे। जबकि आदित्य अपने दादा झारखंड सिंह के साथ विंध्याचल में ही रुका था। शनिवार की सुबह जब दादा बिस्तर से उठे तो देखा कि आदित्य गायब था। आस-पास खोजबीन करने लगे। तभी कुछ देर बाद सूचना मिली एक युवक विंध्याचल रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कट गया है। सूचना पर पहुंचे दादा ने देखा तो आदित्य का शव था। युवक की मौत से दादा का रो रो कर हाल बेहाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शिवाय क्लब सेमीफाइनल में

प्रेमा-मोहनलाल क्रिकेट

एएस क्लब को दी 214 रन की बड़ी शिकस्त

वाराणसी। बल्लेबाज मनुराजा (85) की बेहतरीन पारी और फिर गेंदबाज आदर्श मिश्र (4-23) की सटीक गेंदबाजी के चलते शिवाय क्रिकेट क्लब ने रुइया मैदान पर चल रही प्रेमा देवी-मोहनलाल चौरसिया क्रिकेट स्पर्धा में एएस स्पोर्ट्स को 214 रनों से रौंदकर अंतिम चार में प्रवेश कर लिया। शिवाय के 35 ओवरों में सात विकेट पर 278 रनों के सामने एएस स्पोर्ट्स 64 पर बिखर गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवाय को दो झटके लगे और 65 पर तीसरा विकेट गिर गया। लेकिन मनुराजा ने एक छोर संभाला और उपयोगी साझेदारियों से दल को मजबूती दे दी। कुलदीप यादव (33) और हिमांशु सिंह (44) ने आठवें विकेट पर तेजी से 63 रन जोड़कर मुकाबले को सुरक्षित कर दिया। उज्ज्वल ने 39 पर तीन विकेट लेकर प्रभाव छोड़ा। जवाब में एएस स्पोर्ट्स का कोई भी बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सका। आदर्श के अलावा मंटू व कुलदीप ने दो-दो विकेट लिए। सत्यम ने 26 रन बनाए।

निमार्णाधीन सड़कों की गुणवत्ता को मुगलसराय विधायक ने परखा

डीडीयू नगर। मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में बन रहे तीन सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता को परखा और कहा कि निर्माण कार्यों में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विदित हो कि स्थानीय विधायक रमेश जायसवाल अपने विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न गांव में विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन सड़कों पर ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं जहां पर विगत कई वर्षों से कोई कार्य नहीं हुआ है। इस क्रम में उन्होंने शनिवार को 15 वर्षों बाद विभिन्न गांव में बन रही सड़कों का स्थलीय का निरीक्षण किया। जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ है। तीनों सड़क मे ग्राम सभा भीसौड़ी, ग्रामसभा मलोखर कुंडा खुर्द संपर्क मार्ग व ग्राम सभा हरिशंकरपुर-हिनौली मार्ग शामिल है। मौके पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया और कहा कि कार्य समय से वह गुणवत्ता पूर्वक हो जिससे कि आम लोगों को सहूलियत मिल सके। कहा कि जनता की सेवा करना हमारी प्राथमिकता है जनमानस के सुख सुविधाओं के लिए मैं सदैव समर्पित रही रहूंगा।

अडानी को बचाने के लिये भाजपा रच रही है साजिशः देवेंद्र

सकलडीहा। राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता जाने व सजा सुनाये जाने को लेकर कांग्रेसियों में उबाल है। शनिवार को प्रदेश महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना प्रेस वार्ता के दौरान केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। अंत में कांग्रेसियों ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर विभिन्न मांगों के समर्थन में ब्लॉक प्रशासन को पत्रक सौपा। प्रदेश महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि केन्द्र की सरकार अडानी को बचाने के लिये राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रच रहा है। राहुल गांधी के पांच सवाल के जवाब में भाजपा पूरी तरह से बौखला गयी है। उन्होंने कहा कि गौतम अडानी को बीस हजार करोड़ रुपये कहां से आए? कहा कि जनता की आवाज महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, सुभाष बोस, सरदार पटेल, मौलाना आजाद ने उठाई। अंग्रेज उन्हें इसकी सजा देते थे। आज वही काम केन्द्र की सरकार कर रही हैं। जनता की आवाज उठाने पर, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए राहुल गांधी की लोक सभा की सदस्यता खत्म कर लिया जा रहा है।

नगरीय क्षेत्र की सफाई से नाखुश दिखे मुगलसराय विधायक

चंदौली। संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का उद्घाटन शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर चंदौली से मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाते हुए जनपद को बीमारी से मुक्त रखा जाय। यह कार्यक्रम तभी सफल होगा जब रूट लेबल पर कार्य पूर्ण किया जाय। किसी भी कार्यक्रम की सफलता हेतु दवा व सामग्री जो भी सामग्री क्रय करे व शत-प्रतिशत मानक के अनुरूप हो तो उसका प्रभाव अल्प अवधि में दिखेगा। विधायक द्वारा नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक न होने पर खेद व्यक्त किया गया जिसे सुधारने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय ने संचारी रोग नियन्त्रण कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग तथा सम्बन्धित अन्य विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि समस्त विभाग गुणवत्तापरक कार्य करे तथा किसी प्रकार की शिथिलता न बरते। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि बचाव ही सर्वोत्तम उपाय है। मुख्य विकास अधिकारी एसके श्रीवास्तव द्वारा आग्रह किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को जन आन्दोलन के रूप में जन-जन तक पहुंचाने हेतु सहयोग करे। साथ ही जनपद मे बचे हुए सभी आयुष्मान लाभार्थियो का गोल्डेन कार्ड बनाना सुनिश्चि करे। मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी से काम करने वाले कर्मचारियो के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने को तत्पश्चात रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर चन्दौली के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविन्द्र गौड़ आदि उपस्थित रहे।

कोयला लदी मालगाड़ी के डिब्बे में लगी आग

हादसा

करीब ढ़ाई घंटे तक स्टेशन पर खड़ी रही ट्रेन

जनसंदेश न्यूज

डिब्बे में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी

बदलापुर। कोतवाली क्षेत्र के श्रीकृष्णा नगर रेलवे स्टेशन पर कोयला लदी मालगाड़ी के डिब्बे में आग लगने की सूचना मिलते ही अफरा-तफरी मच गई। बताते चलें कि मालगाड़ी ट्रेन मुगलसराय से कोयला लेकर लखनऊ की तरफ जा रही थी। जैसे ही उसने सरायहरखू स्टेशन पार किया तो आगे से 25वें डिब्बे में निकल रहा धुआं देखकर वहां के स्टेशन मास्टर ने सूचना अगले रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णा नगर अधीक्षक को दी।

उन्होंने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त मालगाड़ी ट्रेन के पायलट अबजीत कुमार से बात कर गाड़ी को स्टेशन पर रुकवाते हुए सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मेहनत के किसी तरह आग पर काबू पाया। इस सम्बन्ध में स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि उक्त मालगाड़ी ट्रेन शनिवार सुबह करीब 10 बजकर 43 मिनट से उक्त रेलवे स्टेशन पर रुकी रही। आग पर काबू पाने के बाद उसे 1 बजकर 15 मिनट पर पुनः लखनऊ की तरफ रवाना किया गया। बताते चलें कि करीब ढ़ाई घंटे देरी तक मालगाड़ी ट्रेन रूकने से भलुवाही रेलवे फाटक बंद रहा जिससे शाहगंज-प्रयागराज मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही।

अनियंत्रित टेम्पो ने चार को रौंदा

तीन की हालत गंभीर जिला चिकित्सालय रेफर

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव बाजार में बीती रात एक टेम्पो चालक ने चार लोगों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। क्षेत्र के बड़ागांव बाजार में बीती रात एक टेम्पो चालक नशे में घुत होकर सड़क पर खड़े अम्बेडकर नगर जनपद के जलालपुर निवासी 65 वर्षीय जगदीश व अशरफपुर गांव निवासी 50 वर्षीय राम प्रीत पुत्र हरिराम व बीबीगंज चौकी क्षेत्र के कोपा गांव निवासी 35 वर्षीय अरविंद मिश्रा पुत्र उमानाथ मिश्रा व बड़ागांव निवासी 65 वर्षीय शंकर पुत्र राजाराम को टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जगदीश, राम प्रीत, अरविंद की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

बदलापुर। कोतवाली क्षेत्र के सलेखनपट्टी गांव में शुक्रवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। गांव निवासी राम मनोरथ यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे 55 वर्षीय पिता नंदलाल यादव घर के पास छप्पर में सो रहे थे। रात दो बजे के करीब पड़ोसी रायसाहब यादव पुत्र सीताराम व धनंजय पुत्र रामनाथ यादव ने छप्पर में आग लगा दिया। आग की लपटें देखकर सो रहे पिता जान बचाकर भागे। भागते समय वह गिर पड़े जिससे घायल हो गये। घायलावस्था में उपचार हेतु सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया तथा आवश्यक कार्यवाई में जुट रही।

नवल किशोर के सेवानिवृत्त होने पर साथी जवानों ने दी भावभीनी विदाई

उपनिरीक्षक नवल किशोर को भावभीनी विदाई देते साथी

जौनपुर। शहर कोतवाली में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत रहे नवल किशोर सिंह को सेवा निवृत्त होने पर साथी जवानों ने भावभीनी विदाई दिया। नवल किशोर सिंह लगभग चार वर्ष शहर कोतवाली में कार्यरत रहे। लगभग तीन वर्ष वह हेड मुहर्रिर के पद पर रहते हुए अपने कार्य को बखूबी अंजाम दिया।

पदोन्नति उप निरीक्षक पद पर रहने के बाद कमोबेश एक वर्ष का भी काफी सराहनीय रहा। उनके पास अगर गरीब एवं निर्धन व्यक्ति मामूली सी बातों को लेकर आपस में विवाद कर कोतवाली पहुंचता था तो वह अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए दोनों पक्षों को मुकदमा न लड़ने की बात को समझाते हुए आपस में पूर्ण से कुछ हिदायत के साथ लिखित में समझौता करवा दिया करते थे ताकि लोग भविष्य में भी आपस में किसी भी तरह का विवाद करने के पहले अपने बारे में कुछ सोचे। इन्हीं सब कुछ खट्टी मीठी यादों के मध्य शुक्रवार को जब उनके सेवा निवृत्त होने का दिन आया तो एक दूसरे के हृदय में यादों को संजोए रखने का वादा करते हुए शहर कोतवाल सतीश कुमार सिंह के अलावा सभी साथी जवानों ने उन्हें पुष्प अर्पित और गले लग कर नम आंखों से विदाई देने के साथ ही उपहार स्वरूप गीता, अंगवस्त्र, छाता आदि विभिन्न प्रकार के उपहार दिए। इस मौके पर मौजूद रहे लोगों में राज कॉलेज टिकुली टोला चौकी प्रभारी रामप्रकाश यादव, सिपाह चौकी प्रभारी अरविंद कुमार यादव, सराय पोख्ता चौकी प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, शकरमंडी चौकी प्रभारी सुनील कुमार यादव, भंडारी चौकी प्रभारी तारकेश्वर राय, पुरानी बाजार चौकी इंचार्ज आफताब आलम, एसआई रामजी, एसआई गुप्ता, महिला हेल्प डेस्क प्रभारी कंचन पांडे, हेड मुहर्रिर अनिल कुमार यादव, हेड कांस्टेबल मिथिलेश सिंह, कांस्टेबल संतोष कुमार यादव, नीरज कुमार, महिला कांस्टेबल प्रिया गुप्ता समेत आदि साथी जवान उपस्थित रहे।

छात्रा के साथ दुराचार का वीडियो वायरल, एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

कार्रवाई

दूसरे आरोपी ने वीडियो वायरल होने के बाद खा लिया विषाक्त, वाराणसी में चल रहा उपचार

चंदवक। क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा संग किशोरों ने दुराचार किया तथा पूरे घटना का वीडियो बना लिया। आपस में विवाद होने पर वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही खलबली मच गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो पर नामजद मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वहीं दूसरा आरोपी ने वीडियो वायरल होने के बाद विषाक्त पदार्थ खा लिया जिसका वाराणसी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वीडियो में दिख रहे शेष की तलाश जारी है। घटना एक माह पहले की बताई जा रही है। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी इंटरमीडिएट में पढ़ती है। उसके साथ ही पढ़ने वाली छात्रा का भाई जो उसी कॉलेज में पढ़ता है से उसकी दोस्ती हो गई। दोनों चोरी छुपे मिलते जुलते थे। इस बात की जानकारी किशोर के दोस्तों को भी हो गई जो साथ पढ़ते थे। सभी ने मिलकर किशोरी से शारीरिक संबंध बनाने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक किशोरी को तय स्थान पर बुलाया और दुराचार किया। इसी दौरान एक एक कर सभी पहुंचते गए और दुराचार का वीडियो बनाते गए। पूरे घटनाक्रम से बदहवास किशोरी डरी सहमी रही। घटना के एक माह बाद आपस में विवाद होने पर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही खलबली मच गई। एक आरोपी ने विषाक्त पदार्थ खा लिया जिसका इलाज वाराणसी के निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी होते ही पुलिस सक्रिय हुई। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर सुमित उर्फ गोलू मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा निवासी गोबरा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस इलाज करा रहे आरोपी प्रत्यान्शु मिश्रा उर्फ निहाल पुत्र राकेश निवासी गोबरा के ठीक होने का इंतजार कर रही है। वीडियो में दिख रहे शेष की तलाश जारी है।

पुलिस ने 4 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

कामयाबी

कब्जे से चोरी का तीन बंडल कपड़ा, स्टाटर, कटर मशीन तथा सबमर्सिबल बरामद

जनसंदेश न्यूज

गिरफ्तार चोरों के बारे में जानकारी देती पुलिस

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक लाइन बाजार आदेश कुमार त्यागी मय हमराह निरीक्षक जयप्रकाश यादव, उ.नि. सुधीर कुमार, हे.का. चन्द्रमा पाण्डेय, कमलेश कुमार पाण्डेय, का. सुनील यादव, सुरेश सिंह, विश्वास यादव के साथ तलाश वांछित/वारंटी चेकिंग संदिग्ध वाहन, व्यक्ति में मामूर होकर खालसा ढाबा पहुँच कर चेकिंग कर रहे थे कि मुखबीर की सूचना पर वैष्णों ढाबा के पास पहुंच कर 21 मार्च को अरुण कुमार सिंह पुत्र बेचू सिंह निवासी मुरादगंज हवेली थाना लाइन बाजार के नालंदा ट्रांसपोर्ट कम्पनी की दीवार तोड़कर कपड़े के बंडल चोरी करने वाले चोर पंकज यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी अभयचन्द्रपट्टी थाना बक्शा उम्र 18 वर्ष, बीरबल चौहान पुत्र कतवारू चौहान निवासी अभयचन्द्रपट्टी थाना बक्शा जनपद उम्र 18 वर्ष, राजकुमार चौहान उर्फ छोटू पुत्र लाल बहादुर चौहान निवासी अभयचन्द्रपट्टी थाना बक्शा उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से एक बंडल कपड़ा बरामद किया गया तथा इनकी निशादेही पर शेष दो बंडल कपड़े चोरी का माल खरीदने वाले अभियुक्त मो. सत्तार पुत्र हनीफ निवासी दुल्लीपुर हरबसपुर थाना बक्शा उम्र 53 वर्ष के पास से बरामद किया गया। सात मार्च को मुरादगंज में निमार्णाधीन मकान के स्टोर का ताला तोड़कर स्टाटर, कटर मशीन तथा सबमर्सिबल भी मो. सत्तार के कब्जे से बरामद किया गया।

पत्नी को लाठी डंडे से पीटकर किया घायल

सूचना पर पहुंची पुलिस देख मौके से फरार हुआ पति

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी को लाठी डंडे से पीट दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। पिटाई की सूचना पर मौके पर पुलिस को आता देख पति वहां से फरार हो गया। उक्त थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को दोपहर में एक व्यक्ति अपनी पत्नी को किसी बात को लेकर गाली- गलौज देने लगा। पत्नी ने जब गाली देने से मना किया तो उसने गुस्से से आग बबूला होकर पत्नी को लाठी डंडे से पीट दिया। महिला ने पति द्वारा मारने पीटने की सूचना पुलिस को दे दिया। सूचना पर जैसे ही पुलिस मौके पर पहुचीं वैसे ही वह वहां से रफूचक्कर हो गया। हालांकि कुछ देर तक पुलिस ने उसका इंतजार भी किया लेकिन वह लौटकर नहीं आया।

संक्षेप

सम्पूर्ण समाधान का हुआ आयोजन

शाहगंज। तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें फारियादियों द्वारा 78 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। मौके पर महज सात प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष सम्बंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, न्यायिक उपजिलाधिकारी अंकित कुमार, तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह, संदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी चोब सिंह, चिकित्सालय अधीक्षक डा. रफीक फारुकी समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष व सभी विभागों के अधिकारी राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

एनडीपीएस एक्ट के तहत युवक गया जेल

सुइथाकला। शनिवार को पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के सरपतहां गांव निवासी सुनील कुमार 32 पुत्र सुखई को शनिवार को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह मय हमराह वांछितों की तलाश में क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। तलाशी में उसके पास से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान कान्सटेबल संजय सिंह मौजूद रहे। गोवध के मामले में भी युवक का आपराधिक इतिहास रहा है।

पाठ्य पुस्तकें वितरित, बच्चों में छायी खुशी

सुइथाकला। शासन के मंशा के अनुरूप शनिवार को स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य के निर्देशन में पाठ्य पुस्तकें निःशुल्क वितरित हुई जिसे पाकर लोगों में खुशी छा गई। एआरपी पंकज सिंह ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय स्कूलों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए शनिवार को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित हुई। इस दौरान परिषद के कक्षा 1-3 तक को छोड़कर कुल 132 स्कूलों के बच्चे लाभान्वित हुए। शेष के बारे में उन्होंने शीघ्र ही पुस्तकों के आने की बात बताई। पहली बार सत्र के पहले दिन पुस्तकों के वितरण पर लोगों में खुशी की लहर देखी गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप सब पढ़ें सब बढ़ें के संकल्प को पूरा करने में शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जा रहा है।

बीडीओ पर पच्चीस हजार का लगा जुर्माना

सुइथाकला। खंड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव पर जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत 25 हजार रुपए का जुर्माना लगा है। जनसूचना आयुक्त अजय कुमार उप्रेती ने यह राशि उनके वेतन से वसूल करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह निर्देश भी दिया है कि यदि उक्त जुर्माने पर उच्च न्यायालय अथवा अन्य किसी सक्षम न्यायालय से स्थगन आदेश हो तो उक्त आदेश का पालन करते हुए आयोग को सूचित करें।

वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सबरहद गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे एक वांरटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के सबरहद मानपुर गांव निवासी फकरे आलम पुत्र शुकुरुल्लाह न्यायालय में चल रहे मारपीट के मुकदमे में वांछित चल रहा था। शनिवार की सुबह एसआई विजय सिंह गौड़, कांस्टेबल मुरलीधर यादव, ओमकार यादव ने मुखबिर की सूचना पर घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

नए सत्र के पहले दिन पुस्तक पाकर बच्चे खुशी से झूमे

मुफ्तीगंज। स्थानीय क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पित्तूपुर में नामांकित बच्चों को ग्राम प्रधान अजीत कुमार राय उर्फ चुनमुन राय द्वारा पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों में खुशी का माहौल देखने को मिला। बच्चे सत्र प्रारम्भ होने के पहले ही दिन पुस्तक पाकर अत्यधिक आनन्दित दिखाई दिए। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका ममता राय, सुषमा सिंह, नीतू तिवारी, किरण देवी, सीता देवी सहित सभी रसोइए और गांव के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी समस्या

केराकत। स्थानीय तहसील के सभागार में शनिवार को तहसील समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान 140 फरियादियों ने तहसील पहुंच जिलाधिकारी से अपनी फरियाद सुनाई। सुनवाई के दौरान पड़े 140 प्रार्थना पत्रों में से 8 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष फरियादियों के हाथ मायूसी लगी। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को गुणवक्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार समेत पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के लोग मौजूद रहे।

महिला ने दीवान व सिपाही पर लगाया सामान फेंकवाने का आरोप

पवांरा। थाना क्षेत्र अन्तर्गत अमोध गांव निवासी महिला लीलावती पटेल पत्नी उदयराज पटेल ने आरोप लगायी है कि बीते शुक्रवार की सुबह आबादी की जमीन के विवाद को लेकर थाने पर प्रार्थना-पत्र देने गयी। दीवान सर्वेश सिंह और कान्सटेबल आशीष यादव ने मुझको थाने पर बैठा लिया और मेरे विपक्षी से सांठ-गांठ करके मेरा सामान फेंकवा दिया और मुझे शाम करीब चार बजे छोड़ा। जबकि आबादी की जमीन को लेकर बीते 17 जून 2022 को पीड़ित महिला व उसके पट्टीदार के बीच मारपीट हो गयी थी जिसमें लीलावती देवी ने अपने आठ विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाया था। आठों के खिलाफ चार्जशीट भी लगी थी। पीड़िता ने बताया कि मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं न्यायालय का दरवाजा खटखटाऊंगी।

कार्यकर्ताओं संग मिलकर पूरा करेंगे लक्ष्य : अवधनाथ पाल

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अवधनाथ पाल का स्वागत करते सपाजन

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. अवध नाथपाल का शनिवार को जनपद में प्रथम आगमन पर सिंगरामऊ बॉर्डर से लेकर जगह जगह कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। पार्टी कार्यालय पर पूर्व जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव द्वारा उन्हें पार्टी का झंडा देकर टोपी लगाकर स्वागत किया गया तथा कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया।

हिन्दी भवन में स्वागत समारोह को संम्बोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. अवधनाथ पाल ने कहा कि जिस तरह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हम पर भरोसा जताया है उस भरोसे को हम अपने कार्यकर्ताओं नेताओं के साथ मिलकर पूरा करने का काम करेंगे। समाजवादी पार्टी को एक मजबूत संगठन के रूप में खड़ा करने का हमारा लक्ष्य है। हर बूथ पर 20 यूथ बनाकर समाजवादी पार्टी से हर जाति धर्म को जोड़कर हमको 2024 का चुनाव जीतना है। इस देश में जो सरकार है वह लगातार दलित पिछड़े कमजोर के लोगों पर अत्याचार कर रही है और दलित पिछड़ों के हित में भाजपा सरकार ने आज तक कोई कार्य नहीं किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा डॉ. अवधनाथ पाल एक कर्मठ जुझारू नेता हैं निश्चित रूप से जिलाध्यक्ष पूर्व में भी रहे हैं और वर्तमान में हैं। उनकी कार्यशैली बहुत ही शानदार रही है और भविष्य में भी शानदार रहेगी। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से विधायक लकी यादव, पूर्व विधायक लल्लन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव ललई, राजनरायन बिन्द, सुषमा पटेल, अरशद खान, राजबहादुर यादव, राजनाथ यादव, श्याम बहादुर पाल, राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम, शकील अहमद, राजेंद्र टाईगर, पूनम मौर्या, नीरज पहलवान, राजकुमार बिन्द, आरीफ हबीब आदि उपस्थित रहे। संचालन निवर्तमान महासचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

लेनदेन के विवाद में गाड़ी बंधक रखी

मछलीशहर। पैसे के लेनदेन के विवाद में एक व्यक्ति ने दूसरे की गाड़ी को अपने पास बंधक रख लिया, जिसकी सूचना जब भुक्तभोगी ने क्षेत्राधिकारी को दी तो उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए गाड़ी उसके स्वामी को वापस करायी। सुजानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दारुनपुर निवासी उमेश कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्राधिकारी अतर सिंह को तहरीर देकर शिकायत की कि उसके पुत्र सुमित रंजन ने मछलीशहर कस्बे के कृपा शंकर नगर मोहल्ला निवासी अमित कुमार सिंह से साथ में व्यवसाय करने के लिए 55000 रूपये लिया था। किसी कारणवश उनका व्यवसाय प्रारंभ नहीं हो सका तो अमित सिंह ने पैसा वापसी के लिए सुमित रंजन के ऊपर दबाव बनाना शुरू किया और बीते 19 मार्च को धोखे से उसकी मारुति कार को अपने यहां बंधक रख लिया। विरोध करने पर मारा पीटा और भगा दिया। पुत्र ने इसकी जानकारी जब अपने पिता को दी तो पिता ने अमित से मिलकर 15000 रूपये नकद और शेष धनराशि का चेक देने का प्रस्ताव रखा लेकिन बावजूद इसके अमित गाड़ी देने के लिए तैयार नहीं हुआ। तब पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी से गुहार लगाई। क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर चौकी इंचार्ज पांडे ने गाड़ी को उसके स्वामी के पास वापस लौटवाया।

रवीन्द्र नाथ शर्मा ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार

नवागत प्रधानाचार्य का स्वागत करते विद्यालय के लोग

पवांरा। होरिल राव इंटर कालेज कुंवरपुर में प्रधानाचार्य राम नयन सिंह के 31 मार्च को सेवा निवृत्त होने के बाद वरिष्ठ प्रवक्ता रवीन्द्र नाथ शर्मा ने शनिवार को प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया। विद्यालय के प्रबंधक राम प्रताप सिंह ने वरिष्ठ शिक्षकों की सहमति व प्रबंध समिति के निर्णयानुसार प्रधानाचार्य का दायित्व सौंपा। प्रधानाचार्य का कार्यभार ग्रहण करने के बाद रवीन्द्र नाथ शर्मा ने विद्यालय के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की बैठक कर एक अप्रैल से शुरू होने वाले नवीन सत्र सुव्यवस्थित संचालन के विषय में कार्य योजना पर बिचार विमर्श किया। विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के अधिक से अधिक नामांकन, विद्यालय में पठन पाठन व अनुशासन पर बल दिया। इस अवसर पर शिक्षक डा. देवेन्द्र नाथ दीक्षित, धर्मचंद्र गुप्ता, जय प्रकाश सिंह, आशुतोष सिंह, हरीश यादव, विकास गुप्ता, देवी प्रसाद पांण्डेय, नवनीत यादव, राम बाबू यादव, वरिष्ठ लिपिक आलोक सिंह सहित सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जागरूक करते नपा कर्मी

जनसंदेश न्यूज

अभियान

फॉगिंग व दवा छिड़काव के साथ लोगों को किया गया जागरूक

खेतासराय। शासन की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत में एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत शनिवार को हुई।

इस मौके पर अधिशासी अधिकारी डा. रविन्द्र प्रताप सिंह के दिशा निर्देशन में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा नालियों की सफाई, झाड़ी कटाई, चूना छिड़काव, मो. सखरपुर में एन्टी लार्वा आदि दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग की गयी साथ ही लोगों को मच्छर जनित रोगों से बचाव एवं शुद्ध पेयजल के प्रयोग हेतु जागरुक किया गया। दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा उष्ण मौसम से संबंधित रोगों से बचाव हेतु जानकारी दी गयी। इस अवसर पर यावर अली, गुफरान अहमद, गयास-ुद्दीन, रमेश यादव, गुड्डू यादव आदि मौजूद रहे।

संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की निकली जनजागरूकता रैली

आयोजन

एमएलसी प्रिंशु ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जनसंदेश न्यूज

दस्तक अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते प्रिंशु

जौनपुर। जिला टीबी चिकित्सालय परिसर से सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंसू द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का उद्घाटन जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया।

जनपद में संचारी रोग अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, नगर विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, सूचना विभाग अपने निर्धारित कार्य एवं दायित्व के अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्यवाही कराएंगे। संचारी अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतर विभागीय सहयोग द्वारा वेक्टर जनित एवं संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण हेतु निरोधात्मक कार्यवाही जैसे साफ सफाई झाड़ी की कटाई एंटी लार्वा छिड़काव एवं जन जागरुकता कराया जाना है। दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग से आशा तथा बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य योजना के आधार पर घर घर जाकर वेक्टर जनित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरुक किया जाएगा तथा बुखार के रोगियों का चिन्हीकरण, सर्दी जुकाम लक्षण युक्त व्यक्तियों, क्षय रोग से ग्रसित व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। अत्याधिक मच्छर घनत्व वाले घरों का चिन्हीकरण कर अंतर विभागीय सहयोग द्वारा मच्छर रोधी गतिविधिया संपन्न कराई जाएंगी ताकि बीमारी के आगामी सीजन में किसी भी तरह के वेक्टर जनित बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आम-जनमानस से अपील किया है की संचारी अभियान में अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह एवं समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षीकरण अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला कुष्ठ अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा बाल विकास विभाग, नगर पालिका जौनपुर, डीएमसी यूनीसेफ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम सहित अन्य विभागों ने प्रतिभाग किया।

कांग्रेसियों ने चार सूत्री मांग को लेकर ब्लॉक पर दिया पत्रक

चंदवक। डोभी ब्लाक के कांग्रेस अध्यक्ष सुबास सिंह के नेतृत्व में दर्जन भर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में पीएम नरेंद्र मोदी से पूछे गए चार अहम सवालों को लेकर व अडानी सहित अन्य उद्योगपतियों का पूर्णतः सहयोग और जनता की हितों को अनदेखी करना जैसे मामलों में उचित जबाब न मिलने से नाराज कार्यकर्ताओ ने खंड विकास अधिकारी छोटे लाल तिवारी को पत्रक दिया और उचित सवालों के जबाब की मांग की है। इस अवसर पर जीवधन राम, ओमप्रकाश उपाध्याय, विनोद पाल, महेश यादव, संतोष सिंह, गजानंद पाल, आनंद सहित अन्य लोग रहे।

कोई भी बच्चा स्कूल में नामांकन से छूटने न पाये : सीमा द्विवेदी

अभियान

स्कूल चलो अभियान का हुआ आगाज

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। स्कूल चलो अभियान 2023-24 व संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी, विशिष्ठ अतिथि सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह (प्रिंशु) व मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम व डायट प्राचार्य डा. राकेश सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन की बच्चियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया।

इसके पूर्व इस अभियान की शुरूआत लोकभवन लखनऊ में 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया जिसका एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा तथा यूटयूब लिंक को मोबाइल के माध्यम से शिक्षको, एआरपी, अभिभावकों सहित अन्य लोगों ने भी देखा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीमा द्विवेदी ने कहा कि बच्चे स्कूल जाये और संचारी रोग से बचें, कोई भी बच्चा स्कूल में नामांकन से न छूटने पाये। ये हर माता-पिता व अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों का नामांकन स्कूल में जरुर करायें। यदि आप शिक्षा ग्रहण कराते हैं तो वह आत्मनिर्भर बनता है और उसका चौमुखी विकास होता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि अपना आत्मविश्वास बढ़ाये और अपना लक्ष्य निर्धारित करें, सफलता अवश्य मिलेगी। आगे मुख्य अतिथि ने अभिभावकों से अपील किया कि सरकार ने डीबीटी के माध्यम से जो रुपये 1200 की धनराशि दे रही है उससे बच्चों का ड्रेस, जूता मोजा, स्वेटर आदि ही बच्चों के लिए ही खरीदें, इस धनराशि का कहीं अन्य जगह उपयोग न करें। विशिष्ठ अतिथि सदस्य विधान परिषद ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प व शिक्षण कार्य में बहुत परिवर्तन और सुधार हुआ है। शिक्षक बच्चों को ज्ञान प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करते हैं इसके लिए शिक्षक बधाई के पात्र है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों मे पिछले साल बहुत अच्छा कार्य हुआ। अब इस वर्ष और बेहतर करना है। विशेष रूप से जनप्रतिनिधि, प्रधान से मिलकर नामांकन के साथ साथ बच्चों की उपस्थिति पर बल दें। बच्चों को साफ-सफाई व स्वच्छता के प्रति जरुर जागरुक करें। डायट प्राचार्य डा. राकेश सिंह ने कहा कि पिछले सत्र मे पूरे उत्तर प्रदेश में जनपद नामांकन में दूसरे नम्बर पर है। आपरेशन कायाकल्प में सातवें नम्बर पर व निपुण लक्ष्य में चौथे नम्बर पर रहा। आगे बेहतर करने के लिए अच्छी कार्य योजना बनाये। डीबीटी की धनराशि शीघ्र ही अभिभावकों के खाते में आयेगी इसलिए नामांकन के साथ ही आधार कार्ड प्राप्त करते हुए डीबीटी भी करते रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने आये हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के अधिक से अधिक नामांकन को प्रोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान की शुरूआत की गई है जो एक माह तक चलेगा। सभी बच्चों को शिक्षित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इस अवसर पर अतिथियों के हाथो बच्चों को पुस्तक प्रदान किया गया। अन्त में आभार प्रधानाध्यापिका नीतू सिंह ने व्यक्त किया। संचालन अजय मौर्य व प्रशांत मिश्रा ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह, डायट प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह, डा. आरएन यादव, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला समन्वयक मोहम्मद जमा, अरुण मौर्य, सतेन्द्र गुप्ता, शशिधर उपाध्याय, एसआरजी डा. अखिलेश सिंह, कमलेश यादव, राजू सिंह, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, प्रीति श्रीवास्तव, सरोज सिंह, राकेश यादव, संतोष तिवारी आदि सहित शिक्षक अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राम भक्तों ने निकाली शोभा यात्रा

खुटहन। थाना क्षेत्र के इमामपुर गांव में विगत वर्ष की भांति इस बार भी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, सीता, व हनुमान जी की भव्य झांकी निकाली गई। सर्वप्रथम स्वयं सेवकों ने राम जानकी मन्दिर पर आरती करने के पश्चात शोभा यात्रा गांव के गली कूचे से होते हुए इमामपुर बाजार गयी। ततपश्चात वहां से पुनः राम जानकी मंदिर आकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में हर घर प्रसाद का वितरण किया गया। शांतिपूर्ण कार्यक्रम सम्पन होने में पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शोभा यात्रा में प्रधानाचार्य ठाकुर प्रसाद, हनुमंत प्रसाद मिश्र रामसहाय, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप अग्रहरी, शिवम अग्रवंशी शिवा, राना सिंह, सतीश अग्रहरी, शिवम अग्रसेन, सचिन चौधरी, चंदन मिश्र आदि लोगों कहना है कि प्रभु श्री राम हमारे नायक थे, है और रहेंगे। भारत को विश्व गुरु और हिंदू राष्ट्र बनाने का जो संकल्प है वह प्रभु श्री राम के पद चिन्हों पर चलकर ही पूरा होगा।

मेडिकल स्टोर व भांग की दुकानों पर रखी जाय निगरानी : अनुज झा

सख्ती

एंटी नारकोटिक्स टॉस्कफोर्स की बैठक में डीएम का निर्देश

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में एंटी नारकोटिक्स टाक्सफोर्स के संबंध में जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने मादक पदार्थो के अपराधों पर प्रवर्तन कार्यवाही एवं उसके सेवन के दुष्प्रभावाओं से आम जनमानस विशेषकर युवा पीढ़ी को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर जहॉ नारकोटिक्स पदार्थो की बिक्री की सम्भावना हो वहॉ पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाय। ड्राइवरों, छोटे दुकानदारों एवं रेस्टोरेन्टों को इस आशय का निर्देश दिया जाय कि वह किसी भी दशा में मादक पदार्थो का सेवन न करें तथा इस आशय का यथावश्यक स्थान पर बोर्ड भी लगाया जाय। मेडिकल स्टोर एवं भांग की अनुज्ञापित दुकानों पर सतत निगरानी रखी जाए जिससे वहां पर प्रतिबंधित दवाओं, वस्तुओं की बिक्री कदापि न होने पाए। किसी भी प्रकार के उल्लंघन के मामलों में संबंधित दुकानों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई सीलम तेजा, जिला आबकारी अधिकारी, उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

काली पट्टी बांधकर अटेवा ने जताया विरोध

करंजाकला। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर जिले भर के शिक्षकों, कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालय पर अपने बाहों पर काली पट्टी बांधकर नई पेंशन स्कीम का विरोध जताया और पुरानी पेंशन बहाली की माँग की। जिले भर के शिक्षक कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालय पर काली पट्टी बांधकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की और 16 अप्रैल को एक बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी। अटेवा के जिला मीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव एवं जिला संगठन मंत्री सुबास सरोज ने आज के कार्यक्रम के लिए सभी शिक्षकों कर्मचारियों का आभार भी जताया।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना
खुली निविदा सूचना सं0 [illegible] 2023 दिनांक 31.03.2023, [illegible] पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर [illegible] के [illegible] की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा" ई निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं जो दिनांक 01.05.2023 को 15.00 बजे खोली जायेगी। क्र0 सं0–1. [illegible] गोण्डा में स्थित रेलवे [illegible] के संचालन, रख रखाव, नये तथा पुराने रेलों से निर्गत [illegible] का रेलवे के आवश्यकतानुसार 08/06/10/20 रेल वैगन के [illegible] का कार्य, रेल वैगन के [illegible] / [illegible] का कार्य, [illegible] मशीन के अलावा विभिन्न मशीनों का [illegible] एवं रख रखाव का कार्य के लिए [illegible] के स्तरों के पर्यवेक्षक, [illegible], [illegible] एवं [illegible], [illegible] तथा [illegible] आदि। मात्रा : As per Schedule, अनुमानित लागत (रु0) : 1.57 करोड़ (रु0 एक करोड़ सत्तावन लाख), [illegible] राशि : (रु0) Rs. 2289000/– (रु0 दो लाख अट्ठासी हजार नौ सौ मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य – रु0 [illegible], कार्य समाप्त अवधि – [illegible] 1. वेबसाइट पर उपलब्ध करने की तारीख – दिनांक 31.03.2023 2. निविदा खुलने की तिथि– दिनांक 01.05.2023 को [illegible] बजे। [illegible] निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं [illegible] वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. यदि किसी प्रकार की वेबसाइट परेशानी होती है तो IREPS से संपर्क कर सकते हैं अथवा नीचे उल्लिखित अधिकारियों से सम्पर्क किया जाय। [illegible] इंजीनियर/रेलवे – [illegible] [illegible] इंजीनियर/कानपुर – [illegible] [illegible] इंजीनियर/रेलवे, [illegible] पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर
भारी सूचना सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 8874844866 पर 8AM से [illegible]।

प्रतिस्पर्धा की अभिनव पहल से बदल रहा भदोही

हकीकत

ग्राम पंचायते प्रतिस्पर्धा की भावना से कर रही ज्ञानालयों का निर्माण

सरकारी कार्यालयों में जनसंवाद में हो रहा शिकायतों का निस्तारण

खेल मैदानों पर अवैध अतिक्रमण पर सख्त हैं डीएम

राजमणि पांडेय

ज्ञानपुर। कार्य से ही व्यक्ति की पहचान बनती है और अगर कार्य के हकीकत धरातल पर नजर आने लगता है तो उस गांव, क्षेत्र ब्लाक समेत पूरे जिले की तस्वीर बदलने लगती है। जिले के 43 वें जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कुछ ऐसी ही अभिनव पहल की जिसके चलते कार्य में प्रतिस्पर्धात्मक भावना उपजने से भदोही की तस्वीर भी बदलने लगी है।

दरअसल, 20 सितम्बर को भदोही में पदभार ग्रहण करने के साथ डीएम गौरांग राठी के पूर्व के जिलों के कार्यकाल की चचाएं शुरू हो गई थी। तेज तर्रार डीएम से जनता बेहतर बदलाव की उम्मीद लगाए हुए है। अपनी पोस्टिंग की शुरूआत से ही जनता के बीच अच्छा काम करके डीएम प्रशंसा बटोरने का काम करते आ रहें हैं।

जिलाधिकारी गौरांग राठी

खेल मैदान से चमकेगी युवाओं की तकदीर

युवाओं का शारीरिक विकास, सामाजिक सौहार्द, प्रतिस्पर्धा, पयर्टन एवं सभी ग्रामीणों को टहलने हेतु जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है ।"खेलों इण्डिया, बढो इण्डिया के तहत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान के मांडल में बालीबाल कोर्ट, कबड्डी कोर्ट, कुश्ती कोर्ट, एक हाल, शौचालय ट्रैक, ओपन जिम आदि प्रस्तावित है। जिलाधिकारी के निर्देश पर आगामी 25 अप्रैल को पचास ग्रामीण स्टेडियम का शुभारम्भ किया जाना प्रस्तावित हैं।

जनसंवाद दिवस से जनता को राहत

विभिन्न शिकायतकर्ता योजनाओं की जानकारी के अभाव अपात्रता श्रेणी में होने न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु बार-बार शिकायत प्रेषित किया जाता है। डीएम के निर्देश पर ऐसी शिकायतों को वगीर्कृत कर प्रत्येक बृहस्पतिवार जनपद के सभी कार्यालयों में जन संवाद दिवस आयोजित कर प्रकरणों का निस्तारण किया जाता है। अबतक जनसंवाद दिवस में सत्तर हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका हैं। शिकायतों के निष्पादन हेतु जनसंवाद एप भी संचालित है।

ग्राम ज्ञानालय में प्रतिस्पर्धा की भावना

प्रत्येक ग्राम पंचायत में ज्ञानालय की स्थापना की जा रही हैं। जो दस लोगों की समिति के सहयोग से संचालित हो रहा है। लाइब्रेरी में किताबों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक समाग्री उपलब्ध कराकर जिला स्तरीय अधिकारीगणों द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन, कैरियर काउन्सिलिंग व उत्साहवर्धन कर ग्रामीण स्तर पर ही छात्र-छात्राओं को रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में प्रतिस्पर्धा की भावना से ज्ञानालयों का निर्माण कराया जा रहा हैं। आगामी 13 अप्रैल को मेगा इवेंट के रूप में एक साथ एक सौ एक ग्राम ज्ञानालय का शुभारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

ग्रामीण बाजार साफ-सफाई अभियान

जनपद में कदाचित कारणों से सफाई कर्मी की नियुक्ति न हो पाने पर साफ-सफाई व स्वच्छता को सुनिश्चित किए जाने के क्रम में स्वावलम्बी मॉडल के रूप में ग्रामीण बाजार साफ-सफाई अभियान चलाया गया है, जिसमें यूजर चार्ज इकट्ठा कर साफ-सफाई पर बल दिया जा रहा है। प्रथम चरण में छः व द्वितीय चरण में 36 ग्रामीण बाजारों में यह अभियान संचालित है। आगामी तृतीय चरण में जनपद के सभी ग्रामीण बाजारों को इस अभियान में सम्मलित किया जायेगा। साथ ही आगामी दस अप्रैल को जनपद के सभी विकास खण्डों में से चयनित 12 मॉडल विलेज में भी इस अभियान का शुभारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

खेत तालाब साबित होगा वरदान

जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्तर पर आजीविका प्राप्ति हेतु इच्छुक लाभार्थियों का मत्स्य पालन हेतु खेल-तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। खेत में तालाब खुदाई कार्य मनरेगा के अन्तर्गत कराया जा रहा है। खेत तालाब से लाभार्थियों को अनुमानित शुद्ध मुनाफा पचास हजार प्रति विस्वा प्रतिवर्ष होगा। खेत तालाब हेतु कुल चयनित 81 स्थलों में 27 पूर्ण तथा 54 अवशेष प्रगति पर है। जिलाधिकारी गौरांग राठी के अभिनव पहल का सकारात्मक असर ग्राम पंचायतों में दिख रहा हैं।

कार्यभार संभालने के छः महीने में ही डीएम के अभिनव पहल की वजह से जनपद की तस्वीर बदलने लगी हैं। डीएम के अभिनव पहल की सराहना उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी भी कर चुके हैं। डीएम के अभिनव पहल में जनसंवाद दिवस, ग्राम ज्ञानालय, खेत तालाब व खेल मैदान शामिल हैं।

मण्डलायुक्त व डीएम ने औराई तहसील में सुनी फरियाद

समाधान दिवस

जनमानस की शिकायतों का निराकरण, प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता-मंडलायुक्त

जनसंदेश न्यूज

भदोही। जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी., जिलाधिकारी गौरांग राठी व अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी योगेन्द्र कुमार साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. उमेश्वर प्रभात सिंह, तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी कृपाशंकर पाण्डेय एव तहसील ज्ञानपुर में नवागत उप जिलाधिकारी आकाश कुमार व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुन कर निस्तारण किया गया। तीनो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 133 प्रार्थना पत्रों में अठारह शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील औराई में कुल 75 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने दस प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 65 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।

सम्मन बगरज एनफैसला मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 ब अदालत उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मुगलसराय
ब मु0 नं0–T 202114180405976 सन् 2021 ई0
धारा 38 उ0 प्र0 रा0 सं0 2006 मौजा हिनौली परगना–मवई
प्रकाश झावेरी बनाम श्रवण कुमार वगैरह
बनाम
1. श्रवण कुमार मिश्रा पुत्र जगरनाथ मिश्रा, 2. दिनेश चन्द्र निगम पुत्र केशव प्रसाद, 3. पूनम श्रीवास्तव पत्नी ओमकार, 4. निवेदिता पत्नी विकास, 5. कंचन देवी पत्नी दलसिंगार, 6. शरद आनन्द पुत्र सुरेश, 7. सुशीला देवी पत्नी शिवनारायन, 8. अनीता पत्नी श्यामनारायन, 9 आशीष कुमार पुत्र ..... 10. नीतू पत्नी विनोद।
बावजह हो कि.....आपके नाम एकनालिस बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/वकील हाजिर हो कर कुछ उज्र हो आज तारीख 12 माह 04 सन् 2023 ई0 वक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादि कर दिया जायेगा।
वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 01.04.2023 ई0 की जारी किया गया।
उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मुगलसराय

संक्षेप

कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय का हुआ भव्य स्वागत

भदोही। काग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अजय राय शनिवार को कालीन नगरी के दौरे पर रहें। भदोही आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं व पदाधिकारियों द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। सुरियावॉ के हरिहरपुर मे श्री शीलता माता चौरा देवी धाम के नव जीर्णोद्धार के बाद शुभारम्भ के अवसर पर काग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अजय राय ने कहा कि आज कल कुछ लोग धार्मिक वेष-भूषा धारण कर समाज मे विखराव का कार्य कर रहे हैं। जो राष्ट्र एवं समाज के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सुरियावॉ मे माता जी के दर्शन-पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मै कांग्रेस नेता प्रेम बिहारी जी को आभार एवं धन्यवाद देता हूँ। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम बिहारी उपाध्याय, प्रदेश-सचिव भदोही जनपद प्रभारी राजेश राकेश, जिला अध्यक्ष डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद दूबे (राजन), मुशीर इकबाल, काशी नाथ, राजेश दूबे, राजेश पाण्डेय, योगेन्द्र उपाध्याय उर्फ. भोला, रमेश दूबे, राजबलि उपाध्याय, शीतला पाठक, सिद्धार्थ मिश्रा, सुरेश उपाध्याय, संतोष बघेल, गुलजारी लाल उपाध्याय, सुरेश गौतम, परवेज अंसारी, अभिमन्यु यादव, राजेश पासी, राधेश्याम गौतम, संतोष पाण्डेय, रामसूरत उपाध्याय, सुभाष यादव सहित क्षेत्र के सम्भ्रान्तगण उपस्थित रहें। इससे पूर्व औराई मे पूर्व मंत्री अजय राय का राजेश दूबे, राजेश पाण्डेय, दीना दूबे, लक्ष्मी चौबे, गुलजारी उपाध्याय, संतोष सिंह बघेल ने भदोही के रजपुरा चौराहे पर काशी नाथ, मुशीर इकबाल सहित दर्जनो काग्रेसियों ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर डीएम ने किया शुभारम्भ

ज्ञानपुर। संचारी रोगों से बचाव तथा इसके लक्षणों व उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में प्रदेश स्तरीय विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने संदेश दिया कि यू.पी. ने ठाना है संचारी रोगों को हराना है उन्होंने कहा कि देश की आत्मा उत्तर प्रदेश में निवास करती है। प्राचीन काल से ही यूपी शिक्षा व स्वास्थ्य का एक केन्द्र बिन्दु रहा है। जनपद स्तर पर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी गौरांग राठी ने ज्ञानपुर में सेल्टर्स होम से छात्रों व आमजन मानस को जागरूक करते हुए संचारी शपथ दिलाते हुए हरी झण्डी दिखाकर छात्रों व गाड़ी प्रचार जागरूकता रैली को रवाना किया। छात्रों की यह रैली दुर्गागंज त्रिमुहानी के सनिकट वार्ड एक तक निकाली गयी एवं गोपीगंज हाईवे तक गाड़ी प्रचार रैली द्वारा जनमानस को जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने शपथ के द्वारा लोगों को जागरूक किया कि हम सभी अपने गॉव, ब्लाक, जनपद व देश को रोगमुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेगे, अपने घर के पास साफ-सफाई का ध्यान रखेगें। सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक व जिला मलेरिया अधिकारी राम आसरे ने बताया गया कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु कुल 1355 टीमे गठित की गयी है। जिला स्तरीय शुभारम्भ अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीएन सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी जेसी सरोज, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, अधिशासी अधिकारी ज्ञानपुर राजेन्द्र दूबे सहित अन्य अधिकारीगण, व जनमानस उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

बीईओ चन्द्र शेखर आजाद ने बच्चों को किया सम्मानित

भदोही। एक अप्रैल से सत्र प्रारम्भ होने पर क्षेत्र के भुलईपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भुलईपुर विकास क्षेत्र भदोही में समस्त छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरित किया गया। पुस्तक वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भदोही चंद्रशेखर आजाद को विद्यालय के शिक्षकों ने तिरंगा साफा प्रदान कर सम्मनित किया। सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने माँ सरस्वती वंदना गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंम्भ किया। ततपश्चात मुख्य अतिथि को विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत स्वागतम स्वागतम गाकर स्वागत किया। वही पुस्तक वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सभी छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरित किया तथा उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। बच्चों ने भी मुख्य अतिथि जी को पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशीष कुमार सिंह ने विद्यालय के रख रखाव व प्रगति रिपोर्ट को लोगो के बीच प्रस्तुत किया तथा आये हुए सभी आगन्तुको के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अजय कुमार सिंह, चंद्रभूषण मिश्र, सूर्यभूषण पटेल, सुशील कुमार सिंह, रविंद्र बच्चन, पंकज कुमार, अनिल, महतोब, कुंदन कुमार, मैना देवी, राजू यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के संजय कुमार कुशवाहा ने किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय मिसिरपुर में विधायक ने किया निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण

उच्च प्राथमिक विद्यालय मिसिरपुर में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक के साथ बैठे बच्चे पीछे विधायक व अन्य

जनसंदेश न्यूज

भदोही। औराई विधानसभा के विकासखंड भदोही के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिसिरपुर में स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग के रोकथाम हेतु अभियान, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम तथा सेवानिवृत शिक्षक विदाई समारोह औराई विधायक दीनानाथ भास्कर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक श्री भास्कर ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित किया तथा विद्यालय में ज्यादा से ज्यादा नामांकन हेतु स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया व संचारी रोगों के रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार करते हुए सभी को जागरूक किया। शनिवार को भदोही ब्लॉक से सेवा निवृत तीन अध्यापक उर्मिला देवी, राजकुमार, धर्मेंद्र कुमार का विधायक द्वारा स्मृति चिन्ह देते हुए भावभीनी विदाई किया गया और उनके आगे अच्छे भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। समारोह में विधायक दीनानाथ भास्कर ने ब्लॉक भदोही से मंडल और राज्य में खेल प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त बच्चों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम सभा के प्रधान सग्गू राम, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिवाकांत यादव, योगेश सिंह, एआरपी सुनील त्रिपाठी आदि रहे।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी नियामताबाद, चन्दौली

पत्रांक-196/लेखा/सामग्री आपूर्ति/निविदा/2022-23 दिनांक: 31.03.2023

अल्पकालीन निविदा

क्षेत्र पंचायत नियामताबाद चन्दौली की कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंचम राज्य वित्त/15 केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नांकित विवरण के अनुसार सीलबन्द टेण्डर खण्ड की आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 2.00 तक कार्यालय में देना होगा। टेण्डर दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित टेण्डर दाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को आपूर्ति आदेश के साथ धरोहर के रूप में निविदा के लागत का 02 प्रतिशत धरोहर राशि का FDR/NSC जो खण्ड विकास अधिकारी नियामताबाद चन्दौली के नाम से संबंधक होगी, लगा करना अनिवार्य है अन्यथा उनके टेण्डर पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र नगद मूल्य 1000.00 रूपया जमा कर दिनांक 11.04.2023 दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (सामग्री) लाख रु0 में	धरोहर की धनराशि (लाख रु0 में)	योजना का नाम
1	ग्रा0 पं0 कुण्डासखुर्द में महेशू पहलवान के दुकान से चंचलू सिंह के कटरा तक सीवर निर्माण कार्य।	8.72	0.174	केन्द्रीय वित्त
2	विकास खण्ड नियामताबाद सचिवालय कक्ष का सौन्दर्यीकरण कार्य	8.68	0.173	पंचम राज्य वित्त
3	सी0 आर0 सी0 कार्यालय नियामताबाद के सी0 आर0 सी0 परिसर का बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य।	8.62	0.172	पंचम राज्य वित्त
4	विकासखण्ड नियामताबाद में विकास खण्ड परिसर का बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य।	8.67	0.173	पंचम राज्य वित्त
5	ग्रा0 पं0 नफरपुर डिहवा में राजेश के घर से किराई के घर तक वाली खड़ंजा इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	8.61	0.172	केन्द्रीय वित्त
6	ग्रा0 पं0 दुलहीपुर में कर्बला गेट से छेदी सोनकर के घर तक सीवर निर्माण कार्य।	8.72	0.174	केन्द्रीय वित्त
7	विकास खण्ड नियामताबाद परिसर में स्थित भवनों/कार्यालय का रंगाई पोताई व मरम्मत कार्य।	5.80	0.116	पंचम राज्य वित्त

नियम व शर्तें

1. निविदा टेण्डर टेण्डर बाक्स में विकास खण्ड मुख्यालय पर निविदादाता फर्मों को डालना होगा।
2. आपूर्तिकर्ता का नाम एस0 टी0 में पंजीकरण अनिवार्य है एवं 03 वर्ष के आयकर क्लीयरेंस सलान करना अनिवार्य होगा।
3. सामग्री की आपूर्ति वि0 ख0 नियामताबाद की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
4. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह कार्टेज चार्ज जी0 एस0 टी0 तथा अन्य चार्ज जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
5. सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी के आदेश देने पर की जायेगी।
6. सामग्री की आपूर्ति गाड़ा भराई अथवा बढ़ाई जा सकती है।
7. प्रस्तुत दरें जी0 डब्लू0 डी0 द्वारा स्वीकृत दर/प्राक्कलित स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
8. खनन सामग्री (गिट्टी गोरंग बोल्डर बालू इत्यादि) हेतु खनिज विभाग द्वारा जारी परिशिष्ट (एस0एल0 11) अनिवार्य होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को विभिन्न सामग्री पर नियमानुसार निर्धारित जी0 एस0 टी0 देना होगा।
10. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी नियामताबाद के पास होगा।
11. निविदा डालने के पूर्व निविदादाता कार्य स्थल का निरीक्षण कर ले बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं

श्री सरस्वती सदन पुस्तकालय के बाहर का हिस्सा

चंद्रशेखर आजाद यहां करते थे बैठक

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

श्री सरस्वती सदन वाचनालय

वर्ष 1929 में हुई थी इस वाचनालय की स्थापना 11 हजार से भी ज्यादा किताबों का है संग्रह

दुर्लभ हस्तलिखित पंडुलिपियों को संरक्षित करने के लिए हर तरह की दवाइयों का किया जा है छिड़काव

चंदशेखर आजाद के समय की रखी है कबड्डी की रसीद, जिससे आजाद भारत के लिए जुटाते थे चंदा

वारणसी। पुस्तकों को मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता था शायद इसलिए वर्षो पूर्व शहर में कई लाइब्रेरी की स्थापना की गयी जहां लोग कई-कई घंटे पुस्तकों को पढ़ असीम जानकारी लेते थे, लगभग 94 वर्ष पूर्व वर्ष 1929 में इसी उद्श्ेय से चेतगंज स्थित श्री सरस्वती सदन वाचनालय व पुस्तकालय की स्थापना की गयी, बनारस का दूसरा सबसे पुराना पुस्तकालय है। इस लाइब्रेरी से जुड़े लोगों की मानें तो खेदन लाल ने इस भवन को पुस्तकालय के लिए दान में दिया था, इसे खेदन लाल की ओर से लोगों के सेवार्थ दे दिया गया था, समय बदला तो उनके पुत्र गिरधारी लाल की ओर से 1945 में इसका जीर्णोद्धार कराया गया। आज वाचानालय तो है, लेकिन पाठक की संख्या बहुत कम है। पूर्व सांसद शंकर प्रसाद जायसवाल व जय बाबू के प्रयास से एक बार फिर इस पुस्ताकालय को अस्तित्व में लाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष लाल बाबू जायसवाल बताते हैं कि लाइब्रेरी में आजादी के समय की कई पांडुलिपियां आज भी सहेजकर रखी गई हैं।

चंद्रशेखर आजाद कबड्डी प्रतियोगिता की संरक्षित रसीद

हर विषयों की पुस्तकों की अलग-अलग आलमारी

पुस्तकालय में रखी आलमारी में अलग-अलग विषयों की पुस्तकें हैं, विज्ञान, आध्यात्म, मनोरंजन के साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से जुड़ी किताबों को भी बेहतरीन ढंग से रखा गया है। सभी किताबों की कोडिंग की गयी है। इस पुस्तकालय में कोई भी पुस्तक निर्धारित समय में बैठकर नि:शुल्क पढ़ी जा सकती है। श्री सरस्वती सदन वाचनालय के अध्यक्ष लाल बाबू जायसवाल बताते हैं कि इस पुस्तकालय को रोजाना सभी के लिए खोल दिया जाता है। पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुलने वाले इस लाइब्रेरी में सभी प्रमुख अखबारों के साथ ही मैगजीन भी रखी जाती है, हां इस पुस्तकालय से किसी को भी किताब घर के लिए निर्गत नहीं किया जाता। लाल बाबू ने बताया कि यहां दुर्लभ हस्तलिखित पंडुलिपियों का संग्रह है। लाल बाबू चौरसिया बताते हैं मोबाइल जीवन को अहम हिस्सा जरुर है लेकिन किताबे जीवन के लिए मार्ग दर्शन हैं, वह बताते हैं कि खाली समय में मोबाइल से ज्यादा वह पुस्तकों को पसंद करते हैं, अपने प्रतिष्ठान पर भी वह कोई ना कोई किताब जो शहर, आजादी या फिर साहित्यकारों से जुड़ी हों पढ़ते रहते हैं।

यहां बनती थी जंग-ए-आजादी की रणनीति

वर्ष 1929 में स्थापित इस वाचनालय में कभी आजादी की रणनीति बनायी जाती थी, सुबह शाम इस प्रांगण में आजादी के दीवानों को जमघट लगता था, पुस्तक पढ़ते-पढ़ते ही फिरंगियों के खिलाफ कई संदेश दे दिया जाता था। चंद्रशेखर आजाद समेत कई क्रांतिकारियों का ठिकाना हुआ करता था। आजाद यहां गुप्त बैठकें किया करते थे। आज इस वाचनालय को कुल 94 वर्ष हो गये, वर्तमान समय में इस वाचनालय को अस्तित्व में लाने के लिए कुल 11 सदस्यीय टीम जो समिति का हिस्सा हैं प्रयास कर रहीं हैं।

चंद्रशेखर आजाद के समय की रसीद है संरक्षित

श्री सरस्वती सदन वाचनालय के अध्यक्ष लाल बाबू जायसवाल बताते हैं कि अन्य लोगों के कब्जे के बाद जब इस वाचनालय के अस्तित्व को बचाने के लिए कोर्ट से लड़ाई लड़ इसे खोला गया तो सबसे पहले इसमें रखे गये दुर्लभ पांडुलिपियों को खोजना शुरू किया गया, जिसमें चंद्रशेखर आजाद के समय की ऐसी रसीद मिली जो इस बात को बयां करती थी कि आजादी के लिए उन लोगों में कितना जोश था, चंद्रशेखर आजाद द्वारा कराई जाने वाले कबड्डी प्रतियोगिता की रसीद एक, दो, तीन नया की काटी गयी थी।

आलमारी में रखी गयी विभिन्न विषयों की पुस्तकें

पुस्तकालयों की दुनिया को छोड़ युवाओं को इंटरनेट की जानकारी भाने लगी

अस्तित्व की जंग



मोबाइल ने निगल ली किताबों की दुनिया

अस्सी और नब्बे की दशक में ट्रेन व बसों में यात्रा करते समय तमाम यात्रियों के हाथों में किताबें दिखाई दे जाती थी। लोग यात्रा के दौरान किताब पढ़कर सफर का आनंद लेते थे, लेकिन अब बदलते दौर में उन हाथों में किताब के स्थान पर मोबाइल फोन आ गए है। अब लोग मोबाइल पर ऑनलाइन ही पढ़ ले रहे हैं। मोबाइल ने किताबों की दुनिया की महक को पूरी तहर से कम कर दिया है, शहर में इन्हीं किताबों के संग्रह के लिए वाचनालय हुआ करती थी जो अब अपने अस्तित्व की जंग को लड़ रहीं हैं।

कोरोना के समय से इस पर और चढ़ा रंग, घर-घर में ऑनलाइन का बढ़ा क्रेज

अभिभावक भी बच्चों को नहीं दे पाते समय, अब नहीं सुनायी देतीं नानी-दादी कहानियां

मोबाइल से आंख व मन दोनों पर असर जबकि किताबों ने हमेशा मन को शांत किया

वाराणसी। एक दौर था जब पढ़ने के प्रति व्यक्ति पूर्ण समर्पित होता था. लगभग सभी घरों में कोई ना कोई पुस्तक अवश्य आती थी. बच्चों के लिए चाचा चौधरी, लोटपोट, चंपक, चंदामामा और भी अनेक किताबें जिनमें खोकर बच्चों का उत्साह अलग ही दिखाई देता था. दीन-दुनिया से बेखबर किताबों की कहानियों और चित्रों में डूबकर जीवन को सही मायनों में जीते थे. बड़ों के लिए भी धर्मयुग, माया व उपन्यास आते थे, उपन्यासों में इतना रम जाते थे कि अन्य कामों में मन ही नहीं लगता था, पहला पन्ना पढ़ते ही शीघ्रातिशीघ्र अंत तक पहुंच जाना चाहते थे क्योंकि ऐसा आनंद और रहस्य कहीं और नहीं मिलता था।

मन को शांति और शीतलता देता है साहित्य

हिंदी साहित्य मन को शांति और शीतलता प्रदान करती है, जीवन की वास्तविकता से परिचय कराती है. हर रस का आनंद देती है हमें अपने साहित्य में, बिहारी कवि का श्रांगारिक वर्णन हो या कबीर की साखियां, सूर के पद हो या रहीम के दोहे, मीरा का दर्द महादेवी के गीतों में झलकता है. गद्य की गहनता और चित्रात्मकता सूक्तियों के साथ समन्वित होकर दिल पर अमिट छाप छोड़ने में सक्षम है। हिंदी साहित्य हमारा प्रेरणा स्रोत है, जीवन की वास्तविकता को खोलकर दिखाने की क्षमता है।

आंख व मन दोनों को हानि

श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र कुशवाहा कहते हैं कि मोबाइल व कम्प्यूटर की लत युवाओं के मन में तमाम विकार उत्पन्न कर रहें हैं। इसके इतर किताबें दिल को दिमाग को शांत करती हैं।

चित्रात्मकता उपन्यासों की विशेषता हुआ करती थी और रहस्य अनसुलझी पहेली जिसमें उलझकर निकलने की छटपटाहट हुआ करती थी. महिलाएं भी सरिता, मुक्ता आदि किताबों के सहारे जीवन के हर क्षेत्र की जानकारियों से अपना समय सुख और शांति के साथ व्यतीत करती थीं. इन किताबों का पढ़ना उनकी दिनचर्या में शामिल होता था। अतिश्योक्ति ना होगी कि किताबें जीवन का अहम हिस्सा होती थी तब मोबाइल नहीं थे। मोबाइल आने से पढ़ने में दिलचस्पी कम होती गई है, इसने बच्चों से बचपन और बड़ों से अट्टहास छीन लिया है, बच्चों को किताबों में कोई आनंद नहीं

कोरोना काल में भी बढ़ी किताबों से दूरी

एक तो करेला ऊपर से नीम चढ़ी की कहावत ने कोरोना काल में चरितार्थ कर दिया एक तो पहले से ही लोग पूस्तक भूल चुके थे, बच्चों की ओर से घंटों मोबाइल देखने से अभिभावक परेशान थे ऊपर से कोरोना ने बच्चों को हाथ में एक बार फिर मोबाइल को अनिवार्य करते हुए पकड़ा दिया। तर्क दिया गया कि अब ऑनलाइन क्लास चलेगी। दो वर्ष तक किताबों की जगह बच्चों की पढ़ाई मोबाइल के माध्यम से पूरी हुई। ऐसे में बच्चों की किताबों से दूरी और भी बढ़ गई। जिस तरह से मोबाइल और लैपटॉप का प्रयोग बढ़ा है, उससे भी पुस्तकों के प्रति युवाओं का रुझान कम हुआ है। अब मोबाइल ही युवाओं का एक अच्छा दोस्त बन गया है।

किताब विमोचन नहीं मोबाइल लांच की होती है बात

हमारा हिंदी साहित्य सिमटकर रह गया है। कुछ घरों की बात तो कह नहीं सकते पर किताबें बीते युग की होकर रह गई हैं, कभी किरदारों के साथ हम रोते थे, हंसते थे, उनका सुख-दु:ख महसूस किया करते थे। भावनात्मक रुप से हम उनके साथ जुड़े हुए थे, उनके साथ जीते थे, मरते थे पर आज वो अहसास समाप्त हो गए हैं। आज पढ़ने की आदत ही खत्म हो गई है। किस किताब का विमोचन कब हो रहा है हम जानना भी नहीं चाहते। आज हम मोबाइल की बात करते है, मोबाइल की बैटरी, रिचार्ज को याद रखते हैं। कितनी कीमत का है, उसके नए-नए लांच हुए रुपयों से प्रभावित होते हैं। किताबों का अस्तित्व सिमट कर रह गया है।

पूस की रात, मंत्र और परदा कबाड़ी के हाथों

वैसे तो वाट्सएप और फेसबुक के माध्यम से हमें ज्ञान की बहुत सी बातें पढ़ने को मिलती हैं पर हिंदी साहित्य की सागर जैसी विशालता और गहराई से हमारा परिचय नहीं होता। कवि और लेखकों के भावों के साथ जीने का अंदाज नहीं मिलता, उनकी कलम की सच्चाई से रुबरु नहीं हो पाते, किताब लेकर बैठने की आदत गुम हो गई है। मुंशी प्रेमचन्द, जयशंकर प्रसाद सरीखे अन्य लेखकों की कहानियों के किरदारों को हमने निकटता से देखा है पर आज वो कहानियां भी कहानी हो गयी। पूस की रात कैसे होती है? परदा जीवन में क्या स्थान रखता है? मंत्र कहानी के पात्र भगत का अर्न्तद्वंद्व तो दिल को लहुलुहान ही कर देता है। ये कहानियां हैं साहित्य जगत की जिनकी मार्मिकता से आज युवा अनभिज्ञ हैं, जो किन्हीं कोनो में धूल से घिरी दिखाई देती हैं, या फिर कबाड़ी के हाथों में बिक चुकी हैं।

स्कूल के चलते बढ़ी विवशता

अभिभावक रीना बताती हैं कि हमारी विवशत है कि विद्यालय में ऑनलाइन पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए मोबाइल को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है। किताबों के लिए भी समय नहीं मिल पाता, अब तो ऑनलाइन विषयों से संबंधित कई सवाल के जवाब भी मिल जा रहे हैं।

निभा सको तुम तो करना प्यार...

हास्य महोत्सव

माला, टोपी, हास्य चश्मा पहनाकर अतिथियों का स्वागत

भेंट में दिया गया झुनझुना

धुरंधर हास्य समारोह में लगे ठहाके

अस्सी घाट पर वसुधैव कुटुंबकम की ओर से आयोजन

वाराणसी। भारतीय नववर्ष के स्वागत और धुरंधर हास्य महोत्सव के 18 साल पूरे होने पर 18 कवियों ने झुनझुना बजाकर दो मिनट तक ठहाका लगाया गया। महोत्सव का आगाज काशी कथक कला केंद्र के कलाकारों की नृत्यमय वंदना से हुआ। मूर्ख दिवस की पूर्व संध्या पर सामाजिक संगठन वसुधैव कुटुंबकम की ओर से अस्सी घाट पर आयोजित 18वें धुरंधर हास्य सम्मेलन में कवियों ने हास्य रचनाओं ने महफिल सजाई। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर कटाक्ष किया। कवियों और अतिथियों को माला, टोपी, हास्य चश्मा पहनाकर उपहार में झुनझुना भेंट किया गया। इस मौके पर भारतीय नववर्ष के स्वागत में और धुरंधर हास्य महोत्सव के 18 साल पूरे होने पर 18 कवियों ने झुनझुना बजाकर दो मिनट तक ठहाका लगाया गया। महोत्सव का आगाज काशी कथक कला केंद्र के कलाकारों की नृत्यमय वंदना से हुआ। मिर्जापुर की प्रियंका सिंह ने, निभा सको तुम तो प्यार करना... सुनाकर श्रोताओं को गुदगुदाया। रवि सारस्वत ने हास्य नृत्य व मिमिक्री से श्रोताओं को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। अमित शुक्ल, आदित्य त्रिपाठी, पंकज सिद्धार्थ, हेमा पांडेय, अंजनी अमोघ ने हास्य काव्यपाठ से श्रोताओं को गुदगुदाया। अध्यक्षता अस्सी अड़ी के उदय नारायण पांडेय (बाऊ) ने की। संचालन हास्य कवि नागेश शांडिल्य ने किया। कार्यक्रम में जनार्दन शांडिल्य, रंजना राय, बदरी विशाल, धर्म प्रकाश मिश्र आदि मौजूद रहे। सम्मेलन में कवियों को धुरंधर हास्य सम्मान से नवाजा गया। पं धर्मशील चतुर्वेदी स्मृति धुरंधर हास्य सम्मान री वा मध्य प्रदेश के अमित शुक्ल, पं. श्रीकृष्ण तिवारी स्मृति धुरंधर गीत सम्मान शिवकिशोर खंजन (हैदरगढ़), पं. चन्द्रशेखर मिश्र स्मृति धरंदर ओज सम्मान अंजनी अमोध (प्रतापगढ़) को और रामजियावन दास बावला स्मृति धुरंधर लोक कवि सम्मान अशोक सिंह बेशर्म (प्रयागराज) को मिला।

लहर-लहर लहराये हनुमान ध्वजा

पूजा अर्चन

हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी यात्रा

वाराणसी। श्री हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी प्रातः धर्म संघ में क्षेत्रपालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथि संस्था के गोकुल शर्मा वह मारवाड़ी युवक संघ के प्रधानमंत्री महेश चौधरी ने हनुमान जी की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों को ध्वजा देकर यात्रा की शुभारंभ की। हनुमान ध्वजा यात्रा रविंद्र पुरी, दुर्गाकुंड, त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर पहुंची जहां भक्तों ने प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण किया। इसके पूर्व यात्रा में सबसे आगे हनुमान ध्वजा चल रही थी। रास्ते भर भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे बोल थे। , जय बजरंगी जय हनुमान लाल लंगोटा लाल निशान लहर लहर लहराए रे हनुमान ध्वजा लहराई रे ,गुरु चरण सरोज निज मन मुकुर सुधार- दिनेश शर्मा पवन शर्मा प्रशांत अग्रवाल ने एक से एक भजनों की प्रस्तुति की। संयोजन में कौशल शर्मा, विश्वनाथ पोद्दार, सुरेश तुलस्यान अरविंद जैन वेद मूर्ति शास्त्री निधि केड़िया, मीना लील्हा तारा शर्मा मेघा शर्मा विभा शर्मा सजन सिंघी प्रकाश थाणेवाल संजय बूबना यदुदेव अग्रवाल कृष्ण कुमार काबरा नरेश रुंगटा कैलाश राठी रमेश गोयलआदि लोग थे।

बुलडोजर की देखिये जमी है धाक...

मूर्ख मेला

बुलडोजर पर रचनाकारों ने चलाये व्यंग्य बाण

घोड़ा घाट के मुक्ताकाशीय मंच पर जम कर लगे ठहाके

गर्दभ ध्वनि से मेले की हुई शुरूआत, धोबिया नृत्य भी हुआ

नगाड़े की थाप के बीच दूल्हा-दुल्हन की हुई बेमेल शादी

महामूर्ख मेले में कवियों को दिया गया बुलडोजर

वाराणसी। डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट (घोड़ाघाट) का मुक्ताकाशीय मंच। घाट के अलावा सीढ़ियों पर बैठे हुए भारी संख्या में दर्शक। कार्यक्रम में रह-रह कर जम कर लग रहे ठहाके। हर कोई खुद बखुद मूर्ख बनने के लिए घोड़ा घाट पर पहुंचे थे। अवसर था काशी के साहित्यकारों, पत्रकारों व विशिष्ट नागरिकों की सांस्कृतिक संस्था शनिवार गोष्ठी की ओर से महामूर्ख मेला का। कहते हैं कि काशी में आत्मा का परमात्मा से मिलन का स्थल महाश्मशान है। घोड़ा घाट पर आयोजित महामूर्ख मेला का इस वर्ष 55वां वर्ष है। किसी भी आदमी के व्यस्ततम जीवन में हास्य आवश्यक है। यहां के लोग मस्ती में कहते हैं-ई राजा काशी हौ, नाम हौ कचौड़ीगली माल सब बासी हौ। कहते हैं कि अब इस देश में मूर्ख दूरबीन लेकर ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलते हैं। सभी समझदार व चालाक हो गये हैं लेकिन जो ज्यादा समझदार हैं वह सबसे अधिक परेशान हैं। रोज सुबह उठते ही रोटी-दाल, दवाई व पढ़ाई की जुगाड़ में सोचना शुरू कर देते हैं। लेकिन मूर्ख इन सबसे दूर अपनी मस्ती में रहता है। वह लोगों को रुलाता नहीं बल्कि हंसाता है। मूर्खों की प्रजाति तेजी से लुप्त होती जा रही है। इसी प्रजाति को बचाने के लिए पहली अप्रैल को देर शाम डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट घोड़ाघाट पर शनिवार गोष्ठी की तरफ से महामूर्ख मेला का आयोजन किया गया।

महामूर्ख मेले की शुरूआत गर्दभ ध्वनि से हुई। सोनारपुरा निवासी गुरु प्रसाद यादव ने तीन बार चीपो चीपो की आवाज जब निकाली तो घाट पर मौजूद लोग अपनी हंसी को रोक नहीं पाये। दर्शक नगाड़े का धुन पर नाचते रहे। इसके बाद बेमेल शादी का आयोजन किया गया। महिला को अपने जीवन में एक बार इस प्रतिष्ठित मंच पर दूल्हा बनने का सौभाग्य मिलता है। जबकि पुरुष को सोलहों श्रृंगार कर दुल्हन बनाया जाता है। इस बार एके पांडेय दूल्हन और आशा पांडेय दूल्हा बनी थी। इसके बाद गड़बड़ मंत्रोच्चार से नगाड़े की थाप पर शादी शुरू होती है। लेकिन कुछ ही देर में छुट्टा छुट्टी भी हो जाती है। इस बीच धोबिया नृत्य का भी लोग मजा उठाते हैं। इस बार आयोजकों ने मेले का स्लोगन बुलडोजर दिया था। देश भर से आये नामी गिरामी कवियों व हास्य कलाकारों ने इस थीम पर जम कर व्यंग्यात्मक प्रहार किया।

कार्यक्रम के सचिव प्रसिद्ध हास्य व्यंग्यकार पं. सुदामा तिवारी सांड़ बनारसी ने बुलडोजर पर काव्य पाठ सुनाया- बुलडोजर को देखिये जमी हुई है धाक, बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों को पल भर में कर दिया खाक, पल भर में खाक भागते दंगाई हैं। इस अवसर पर कवियों में राजेन्द्र भारतीय आलसी (इटारसी), मोहन मुतंजिर (उत्तराखंड), विकास बौखल, विनीत पांडेय (दिल्ली) आफसा प्रेमी (देवरिया), नरसिंह साहसी (मिर्जापुर), प्रशांत सिंह, बृजेश चंन्द्र पांडेय कल्या विशाल, दमदार बनारसी ने काव्य पाठ कर सभी को हंसाया। कवियों को प्रतीक स्वरूप बुलडोजर भेंट किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से मेले की स्मारिका के तौर पर पहली अप्रैल पत्रिका लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कई विशिष्ट जनों का उत्तरीय व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजेन्द्र मिश्र दमदार ने किया। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष जगदम्बा तुलस्यान तथा सचिव पं. सुदामा तिवारी सांड़ बनारसी ने किया। कार्यक्रम में जगदम्बा तुलस्यान, सुदामा तिवारी सांड़ बनारसी, उपाध्यक्ष श्यामलाल यादव, रमेशदत्त पांडेय, दिलीप सिंह, नंदकुमार टोपीवाले, विवेक सिंह एडवोकेट, मंजीत त्रिपाठी, बसंत लाल यादव राजू, प्रशांत सिंह, प्रमोद शर्मा, मनोज तिवारी, कल्याण विशाल, रोहित पांडेय समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।